आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 26 सितंबर 2024 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-9 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-179 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 27 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

ट्रेलर की चपेट में आने से रिकवरी एजेंट की मौत

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही,26 सितंबर। रपेंड्रा-अमरपुर रोड पर एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार युवक को चपेट में ले लिया, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई. मिली जानकारी अनुसार, बीती रात पेंड्रा अमरपुर मार्ग में कल्लू ढाबा के पास ट्रेलर की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई. मृतक की पहचान श्रीकांत पांडे के रूप में हुई है जो बजाज फाइनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंट का काम करता था. घटना के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया है. पेण्ड्रा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. बता दें कि पेंड्रा के नगरवासियों द्वारा बीते कई महीनों से बायपास की मांग की जा रही है. बायपास न होने से बड़े-बड़े वाहन बीच नगर से होकर गुजरते हैं, जिसकी वजह से लम्बा जाम और ऐसी कई जनहानि हो चुकी है. कोरबा और बिलासपुर तरफ से आने जाने वाले कोयला लोड ट्रेलर बेलागाम रफ्तार से दौड़ते हैं, ऐसे में बाईपास न होने से दुर्घटना हो रही है.

आज शाम वाटर सप्लाई बंद

रायपुर,26 सितंबर। नगर निगम क्षेत्र के कई इलाकों में आज 26 सितंबर को जल आपूर्ति प्रभावित रहेगी. सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक फिल्टर प्लांट फीडर और इंटेकवेल फीडर में आवश्यक विद्युत सुधार कार्य किया जाएगा, जिसके चलते पानी की सप्लाई बाधित होगी. रायपुर नगर पालिक निगम के कार्यपालन अभियंता (फिल्टरप्लांट) शरद ध्रुव ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 33 केवी इंटेकवेल और 11 केवी फिल्टर प्लांट फीडर में लाइन विस्तार और सुधार कार्य किया जाना है. इसके कारण 47.5 एमएलडी, 80 एमएलडी (पुराना और नया) और 150 एमएलडी प्लांट से जुड़े जलागारों में पानी की आपूर्ति प्रभावित होगी. हालांकि, दिन में सुबह पानी की सप्लाई होगी, लेकिन शाम को टंकियों में पानी उपलब्ध न होने के कारण जलप्रदाय सेवा बाधित रहेगी. शहर के अन्य जलागारों और पावर पंपों से जलापूर्ति पूर्ववत जारी रहेगी. शहर के सभी 45 टंकियों में जल का भराव विद्युत प्रवाह 4 घंटे सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहने के कारण जल का भराव नहीं हो पाने से 26 सितंबर को इन टंकियों से संध्याकालीन नियमित जलआपूर्ति नहीं हो सकेगी. 27 सितंबर को सुबह से नियमित जलापूर्ति इन सभी टंकियों में होंगी.

हाउसिंग बोर्ड की जमीन का अब नहीं मिलेगा मालिकाना हक

रायपुर. छत्तीगसढ़ गृह निर्माण मंडल के आवासीय मकान और व्यवसायिक भवन खरीदने वालों को अब जमीन का मालिकाना हक नहीं मिलेगा. हाउसिंग बोर्ड ने फ्री होल्ड की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने का आदेश जारी किया है. बता दें कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 2020 में हाउसिंग बोर्ड के मकानों को फ्री होल्ड करने की प्रक्रिया शुरू की थी. अफसरों के अनुसार इसमें कई तरह की दिक्कतें आ रही है. आदेश में बताया गया है कि हितग्राहियों द्वारा फ्री-होल्ड के बाद जब राजस्व अभिलेख में नामांतरण कराया जाता है तो भूमि स्वामी के नाम रूप में उसका नाम तो दर्ज हो जाता है, लेकिन अभिलेख में रिकार्ड दुरूस्तीकरण नहीं होने के कारण धारणाधिकार / राजस्व भू उपयोग में आवासीय के स्थान पर ÷कृषि अथवा शासकीय भूमि दर्शित होता है, जिस कारण से हितग्राही को व्यपवर्तन के पुनर्निर्धारण की जटिल प्रक्रिया से गुजरना पड़ रहा है. इसके लिए उसे प्रीमियम, वार्षिक पुनरीक्षित भू राजस्व, अधोसंरचना उपकर, पर्यावरण उपकर, वर्तमान दर पर अर्थदण्ड का अतिरिक्त भुगतान करना पड़ रहा है. इसे ध्यान में रखते हुए आगामी आदेश तक बिना व्यपवर्तन के अथवा धारणाधिकार में कृषि दर्शित भूमि के फी-होल्ड पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है.

खून की कमी से 5 पंडो आदिवासियों की मौत!

बलरामपुर,26 सितंबर। जिले के रामचंद्रपुर इलाके में 12 दिनों में पंडो जनजाति के 5 लोगों की खून की कमी से मौत हो गई है. मंत्री रामविचार नेताम के इलाके में हुए इन मौतों पर समाज के प्रमुख ने सरगुजा संभागायुक्त से जांच के साथ लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है. सर्व विशेष पिछड़ी जनजाति समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष उदय पण्डो ने सरगुजा संभागायुक्त को लिखे पत्र में बलरामपुर जिला के रामचंद्रपुर ब्लॉक में 12 दिनों के अंदर पण्डो विशेष पिछड़ी जनजाति 5 सदस्यों की खून की कमी से मौत का जिक्र किया है. उन्होंने पण्डो विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के विकास के लिए संचालित योजनाओं के केवल कागजों में सिमटे रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनजाति के

लोगों की खून कम, बुखार, टीबी के अलावा प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत हो रही है. खून की कमी से पंडो जनजाति के जिन लोगों की मौत की बात कही जा रही है, उनमें तालकेश्वरपुर निवासी किसमतिया पण्डो (32 वर्ष) पति रामदेव पण्डो, धौनी निवासी कलापति पण्डो पति राजेंद्र पण्डो (38 वर्ष), पीपरपान निवासी फूलकुंवर पण्डो पति नंदकेश्वर पण्डो (55 वर्ष),टाटीआगर निवासी रामबसावन पण्डो पिता बासदेव पण्डो (50 वर्ष) और ओरंगा निवासी सुरेंद्र पण्डो पिता रामदेव पण्डो (23 वर्ष) शामिल हैं.

जिला प्रशासन मौत की करा रहा जांच

कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने बताया कि पत्र हमारे पास आया है. संबंधित एसडीएम, तहसीलदार व मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जांच की जिम्मेदारी सौंप गई है. पूरे वर्ष जिला प्रशासन के द्वारा कैंप लगाया गया है. जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. अब विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों की मौत किन कारणों से हुई है, इसकी भी जांच कराई जा रही है. वहीं कुछ कैजुअल्टी संभाग मुख्यालय के अस्पताल में भी हुई है, जिसकी भी पूरी जानकारी हमने मंगाई है. पूरी रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा और संबंधित जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी.

अपने स्कूल शिक्षक से मिले मुख्यमंत्री साय

जशपुर,26 सितंबर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज अपने गृहग्राम बगिया में अपने बचपन के शिक्षक राजेश्वर पाठक का पैर छूकर अभिवादन किया. इसके साथ ही सीएम साय ने अपने 94 वर्षीय शिक्षक को शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया. वहीं सीएम साय ने आज अपने गृह ग्राम बगिया में क्षेत्र के लिए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया. उन्होंने जिले में बिजली व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से नए सब स्टेशन का भूमिपूजन भी किया.

भारत के पास दुनिया की समस्याओं का हल है: भागवत

नागपुर,26 सितंबर। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत को पत्र लिखकर भाजपा की राजनीति और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यशैली पर किए गए पांच सवालों के जवाब मांगे हैं। हालांकि इन सवालों के जवाब में आरएसएस की ओर से सीधे-सीधे तो कोई टिप्पणी नहीं की गयी है लेकिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत के एक संबोधन के कई मायने निकाले जा रहे हैं। हम आपको बता दें कि भागवत ने नागपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा है कि भारत के पास दुनिया की समस्याओं का जवाब है। उन्होंने कहा कि देश की प्राचीन परंपरा मजबूती से विविधता और किसी को भी खारिज नहीं करने के भाव में विश्वास करती है। आरएसएस विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय पर दयाशंकर तिवारी मौन द्वारा लिखी गई किताब के विमोचन के लिए नागपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भावगत ने कहा कि जब भारत का उदय होगा, डगमगाती हुई दुनिया को तब रास्ता मिल जाएगा। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि पिछले 2,000 वर्षों में किए गए जीवन-संबंधी प्रयोग लोगों के जीवन में खुशी और शांति लाने में असफल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि दुनिया भर के विचारकों का मानना है कि भौतिकवादी विकास अपने चरम पर है और यह मानवता को विनाश की ओर ले जा रहा है। आरएसएस नेता ने सवाल किया, ''इसका उत्तर क्या है साथ ही कहा, ''हमारी परंपरा में इसका उत्तर है, क्योंकि हम सभी विविधताओं को स्वीकार करते रहे हैं... किसी को अस्वीकार नहीं किया और सभी को स्वीकार किया।'' भागवत ने कहा कि भारत के प्राचीन ऋषियों ने स्पष्ट रूप से समझा था कि विश्व वास्तव में एक है, जबकि ''हम जबरन विश्व को एक बनाने का प्रयास कर रहे हैं।'' आरएसएस प्रमुख ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ''दुनिया वास्तव में एक है लेकिन यह विविधता चाहती है, इसलिए विविधता है। विविधता को खत्म कर के एक बनना, यह आगे बढ़ने का रास्ता नहीं है। विविधता में रहते हुए भी हमें यह समझना चाहिए कि हम एक हैं। विविधता एक सीमा तक पहुंच जाती है जिसके बाद एकता आ जाती है।

अभनपुर में भी रद्दी में मिली सैकड़ों किताबें

भाजपा सरकार कर रही शिक्षा से खिलवाड़: विकास

रायपुर,26 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

बच्चों का भविष्य किताबें कबाड़ में मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। विकास उपाध्याय ने बताया कि कुछ दिन पहले हमने एक किताब गलाने वाली फैक्ट्री में किताबों का पहाड़ देखा था। किताबों को रद्दी बना दिया गया। उन्ही किताबों को रद्दी के भाव में स्कूल शिक्षा विभाग ने बेच दिया था। आज सूचना मिलने पर हमने अभनपुर विकास खंड के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में पहुंचे तो हमने देखा की यहां बच्चों को किताबें बांटने के बजाय उसे गोदाम में रखकर खराब किया जा रहा है और बाद में इन्ही किताबों को रद्दी में कौड़ियों के दाम पर बेच दिया जाएगा। बच्चों के भविष्य को सावरने वाली इन किताबों को बच्चो को ना देकर रद्दी बनाया जा रहा है और उसे कौड़ियों के दामो में बेचा जा रहा है। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने आगे बताते हुये कहा कि इससे कुछ दिनों पहले भी हमने एक पेपर मिल में इसी सत्र की बच्चो की किताबों के पहाड़ जैसे ढेर को पकड़ा था। पेपर मिल में हमने देखा था कि इसी सत्र की लाखों-करोड़ों रुपयों की सैकड़ो टन किताबों का पहाड़ जैसा ढेर लगा था जो किताबें बच्चों के स्कूल बैग में उनकी पढ़ाई के लिये

जानी थी वो रद्दी में पड़ी हुई थी। भाजपा की सरकार में आज बच्चो के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। पूर्व की कांग्रेस की भूपेश सरकार सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के स्कूली बच्चों को फ्री में मिलने वाली किताबों को वर्तमान साय सरकार रद्दी करके बेचने का काम रही है। आपको बता दे कि ये वो किताबें हैं जो स्कूली बच्चों को पढ़ाई के लिए छपवाई गई थीं। भाजपा सरकार और अधिकारियों के भ्रष्टाचार और लापरवाही की बदौलत बच्चों को बांटी ही नहीं गई और रद्दी के भाव बेची जा रही है। बच्चों को बेहतर शिक्षा देना सरकार की जिम्मेदारी है, जिसके लिए सरकार स्कूल बनवाती है, पूर्व मे कांग्रेस सरकार की मंशा के अनुरूप बच्चों को कॉपी-किताबें, पेन-पेंसिल, स्कूल यूनिफॉर्म जैसी चीजें मुफ्त वितरण किया जाता था ताकि शिक्षा के लिये उन्हें कोई तकलीफ़ ना हो। आम आदमी के गाढ़ी कमाई द्वारा पटाये गए टैक्स के पैसो का राज्य की भाजपा सरकार लगातार दुरूपयोग कर रही है जो बेहद निंदनीय है ।आज छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार सिर से लेकर पांव तक भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। इस सरकार को न बच्चों के भविष्य की चिंता है और न जनता के पैसों की परवाह, इनकी मंशा बस भ्रष्टाचार करके पैसा कमाना है।

पूर्व सीएम के पुत्र चैतन्य को पुलिस ने थाने में बैठाया

प्रोफेसर से मारपीट का मामला

भिलाई तीन,26 सितंबर। पुरानी भिलाई से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। भिलाई तीन के सरकारी कॉलेज के प्रोफेसर से मारपीट और जानलेवा हमला सुपारी किलिंग के मामले में पुलिस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे को थाने में पूछताछ के लिए बुलाया है। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल उर्फ बिट्टू को गुरुवार को भिलाई तीन पुलिस ने थाने बुलाया। पिछले 3 घंटे से पुलिस ने पूर्व CM के बेटे को थाने में ही बिठाकर रखा है।

थाने पहुंच रहे कांग्रेसी पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को थाने में बिठाए जाने की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में कांग्रेसी भिलाई तीन थाने पहुंच रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार फिलहाल 50 से ज्यादा कांग्रेसी थाने के बाहर एकत्रित हो गए हैं। वहीं कांग्रेस के बड़े नेताओं का भी थाने पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। किसी को भी थाने के में अंदर घुसने की मनाही है खाने के बाहर बैरिकेट्स लगा दिए गए हैं पीएसपी नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरीश पाटिल और पुरानी भिलाई के थाना प्रभारी महेश ध्रुव चैतन्य बघेल से एक बंद कमरे में लगातार पूछताछ कर रहे हैं पूरे मामले के वीडियो

ग्राफी करवाई जा रही है सूत्रों के अनुसार वारदात में शामिल आरोपियों को सामने बैठकर बिंदुवार पूछताछ किया जा रहा है पुलिस ने 22 बिंदुओं पर चैतन्य बगैर से पूछताछ कर रही है इस दौरान किसी को भी थाना के अंदर प्रवेश वंचित है फिलहाल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी इस मामले पर कुछ भी नहीं कह रहे पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि किया कि सुपारी के लिए प्रोफेसर पर जानलेवा हमले के मामले में चैतन्य बघेल से पूछताछ जारी है

जो पोलिंग बूथ जीतता है वही चुनाव जीतता है: मोदी

नई दिल्ली,26 सितंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नमो ऐप के जरिए हरियाणा के बीजेपी कार्यकर्ताओं से बातचीत की। हरियाणा में विधानसभा के चुनाव होने हैं और भाजपा सत्ता बचाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा रही है। इस दौरान मोदी ने कहा कि हरियाणा के कार्यकर्ताओं की पुरानी पीढ़ी हो या नई पीढ़ी, उनकी मेहनत और परिश्रम ने मुझे हमेशा प्रेरित किया है। इतना ही नहीं, उनका हंसमुख स्वभाव, गंभीर से गंभीर मामले को भी बेहद समझदारी से, तर्क और विनोदी लहजे में हल्के-फुल्के अंदाज में पेश करने की क्षमता...यह हरियाणा से ही सीखा जा सकता है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि जो पोलिंग बूथ जीतता है वही चुनाव जीतता है। यह पूरा आधार उन लोगों का झूठ है जो हमारे खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता ने भाजपा को फिर से एक बार सेवा करने का मौका देना तय कर लिया है। उनको खुशी है कि 10 साल में बिना भ्रष्टाचार के सरकार चलाना, ये हरियाणा में पहली बार हुआ है। प्रदेश के युवाओं को बिना पर्ची, बिना खर्ची के रोजगार मिलना, ये हरियाणा में पहली बार हुआ है। इसलिए हरियाणा की जनता हमारे साथ है, उनका आशीर्वाद हमारे साथ है, विजय निश्चित है। मोदी ने कहा कि आज कल तो आप देख रहे हैं, कांग्रेस के लाउडस्पीकर जो बड़े-बड़े दावे कर रहे थे, उनका करंट भी कमजोर हो गया है। कोई कह रहा है कि कांग्रेस हर दिन कमजोर होती जा रही है और पिछले 10 साल में कांग्रेस विपक्ष के रूप में भी विफल रही है। कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि उनका ज्यादातर समय गुटबाजी में, लड़ाई करने में, एक दूसरे का हिसाब चुकता करने में खप रहा है। जो पार्टी 10 साल तक जनता के विषयों से अलिप्त रही हो, जो अपने परिवार के लिए जी हो या अपने गुट के लिए जी हो... ऐसे लोग हरियाणा की जनता का विश्वास कभी नहीं जीत सकते हैं। प्रधानमंत्री ने साफतौर पर कहा कि जो हमारे खिलाफ चुनाव के मैदान में हैं, उनका पूरा का पूरा आधार झूठ का है। लगातार झूठ बोलो, बार-बार झूठ बोलो, जहां जाओ झूठ बोलो, बिना सिर पैर की बातें करो और ऐसे ही हवा खराब करते रहो।

आतंकवाद को पाताल तक दफन करके ही हम दम लेंगे: अमित शाह

श्रीनगर,26 सितंबर। जम्मू-कश्मीर के चेनानी में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने कहा कि आप सभी सिर्फ चेनानी के लिए वोट नहीं करेंगे बल्कि पूरे जम्मू-कश्मीर के लिए फैसला करेंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आजादी के बाद ऐसा पहली बार हो रहा है कि यहां कोई चुनाव हो रहा है, जहां न तो धारा 370 है और न ही कोई अलग झंडा। एनसी और राहुल बाबा कहते हैं कि हम धारा 370 वापस लाएंगे, लेकिन मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि न तो आप और न ही आपकी तीन पीढ़ियाँ धारा 370 को वापस ला सकेंगी। अमित शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का ये चुनाव, यहां तीन परिवारों का शासन समाप्त करने वाला चुनाव है। उन्होंने दावा किया कि जब से मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 को हटाने का फैसला किया है, तब से घाटी में शांति बनी हुई है। आतंकवाद और पथराव की घटनाओं में काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर 40 साल तक आतंकवाद की दहशत में रहा, 40,000 लोग मारे गए, 3,000 दिन कर्फ्यू रहा। हर दिन पाक प्रेरित आतंकवादी बम और गोलियां चलाते थे। मोदी जी की सरकार ने धारा-370 को समाप्त कर दिया अब न पत्थरबाजी होती है, न ही गोलियां चलती हैं। विपक्ष पर वार करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस, हुर्रियत जम्मू-कश्मीर में फिर आतंकवाद लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कल उमर अब्दुल्ला और राहुल बाबा कह रहे थे कि हम जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र लाएंगे। किस मुंह से कह रहे हैं आप अब्दुल्ला परिवार, मुफ्ती परिवार व नेहरू-गांधी परिवार ने 70 वर्षों तक जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को बांध कर रखा। उन्होंने कहा कि अब यहां

पंच, सरपंच भी हैं, ब्लॉक के चुनाव हुए, जिले के चुनाव हुए, जो पहले नहीं होते थे। मोदी जी ने 40,000 जनप्रतिनिधियों को लोकतंत्र का फायदा पहुंचाया है। उमर अब्दुल्ला को चुनौती देते हुए शाह ने कहा कि आतंकवाद को हम पाताल तक दफन करके ही हम दम लेंगे। किसी की ताकत नहीं है, जो जम्मू-कश्मीर में फिर से आतंकवाद लेकर आए। अब केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार है। उन्होंने कहा कि हमारी देश की संसद पर जिस अफजल गुरु ने हमला करवाया उसकी फांसी की सजा का ये लोग विरोध कर रहे हैं। उमर अब्दुल्ला कहते हैं कि अफजल गुरु को फांसी नहीं देनी चाहिए। उमर अब्दुल्ला साहब, आप आतंकवादियों को बिरयानी खिलाते रहिए, लेकिन जो आतंक फैलाएंगा, उसका जवाब फांसी के तख्ते पर ही दिया जाएगा।

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान बनी झारखंड की सलीमा टेटे

jasclaudius@gmail.com

गरीबी और अभाव को पछाड़कर बनी सिरमौर

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

खेलकूद में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने वालों को शायद यह आश्चर्यजनक लगेगा कि वनांचल के बीच गांव की रहवासी कोई महिला खिलाड़ी भारतीय हाकी टीम का नेतृत्व कर रही है। झारखंड प्रदेश के सिमडेगा जिले के एक छोटे से गांव बड़की छापर में पैदा हुई और पली बढ़ी। मजदूरी करने वाले परिवार में जन्म लेकर सलीमा ने हाकी खेल को अपनाया। शुरुवात में इनके पिता सुलक्षण टेटे ने इन्हें हाकी खेलना सिखाया। पिता के अलावा माता और बड़ी बहन अनीमा ने दूसरों के घरों में काम करके हाकी में आगे बढ़ने के लिए सलीमा को आर्थिक मदद की। उचित खेल सामग्री, प्रशिक्षण के अभाव में भी सलीमा का हाकी के प्रति प्रेम बना रहा। 27 दिसम्बर 2001 में जन्म लेने वाली सलीमा ने मिडफिल्डर के रूप में अपने आपको स्थापित किया और महज 15 वर्ष की उम्र में भारतीय टीम के कैंप के लिए चुन ली गई। फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। अब तक उन्होंने भारत के लिए 107 मैच खेला है जिसमें 15 गोल किए हैं। हाकी में मिडफिल्डर किसी भी टीम के आक्रमण और बचाव दोनों में महत्वपूर्ण कड़ी होती है। शालीन, सभ्य, शांत सलीमा हाकी के प्रति अपने समर्पण, समय की पाबंदी, परिश्रम, अनुशासन के कारण हाकी इंडिया के पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों, सहायकों तथा टीम के खिलाड़ियों से सम्मान की हकदार बनी है। उन्होंने सीनियर महिला टीम के लिए 2017 में बेलारूस के विरुद्ध अपना पहला मैच खेला। ब्यूनस आयर्स में 2018 में सम्पन्न तीसरी यूथ ओलंपिक गेम्स में भारतीय हाकी टीम की

कप्तान रही और उनकी टीम ने भारत के लिए रजत पदक जीता। 2020 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों टोक्यो,जापान में चौथा स्थान प्राप्त करने वाली भारतीय टीम की सदस्य रही। हालांकि सलीमा ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाली झारखंड की दूसरी महिला खिलाड़ी बनी जबकि पहली खिलाड़ी निक्की प्रधान थी। 2021 के जूनियर विश्व कप में उनके नेतृत्व में भारत ने चौथा स्थान प्राप्त किया। 2022 के एशियन गेम्स और कामनवेल्थ गेम्स में भारतीय हाकी टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया जिसकी वह सदस्य रही। इस तरह भारतीय हाकी टीम की नवनियुक्त कप्तान सलीमा के सामने भारतीय हाकी टीम के प्रदर्शन को और सुधारने की चुनौती खड़ी हुई है। मैच के दौरान ग्रामीण अंचल की इस प्रतिभा का खेल देखते ही बनता है। मिडफिल्डर के रूप में गेंद पर कड़ी निगाह रखना बहुत जरूरी है साथ ही गेंद चाहे टीम की तरफ से हो या विपक्ष की तरफ से मिडफिल्डर को तेजी के साथ बुद्धिमानीपूर्वक खेल को अपनी टीम के पक्ष में बढ़ाना होता है। सलीमा ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अपने सात वर्ष के सफर में टीम के लिए लगातार एक जैसा खेल दिखाया है। 2022 के एफआईएल महिला विश्व कप में जा कि स्पेन और नीदरलैंड्स में हुए थे उसमें भारतीय टीम ने 9वां स्थान पाया था तथा 2024 के पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए योग्यता हासिल नहीं करने पाया इस दृष्ट से इन दिनों भारतीय महिला हाकी टीम को एक ऊर्जावान और सकारात्मक नेतृत्व की आवश्यकता थी जिसे पूरा करने के लिए हाकी इंडिया ने सलीमा टेटे को जिम्मेदारी सौंपी है। सिर्फ 23 वर्ष की उम्र में झारखंड के अनुसूचित जनजाति क्षेत्र के ग्रामीण अंचल से उभरकर आई सलीमा से भारत की युवा पीढ़ी को बहुत उम्मीद है। फिलहाल 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए योग्यता हासिल न कर पाने का मलाल पूरी टीम को है। ऐसी परिस्थिति में भारत की महिला टीम का नेतृत्व एक ऐसे हाथों में है जिसने न सिर्फ संघर्ष को पछाड़ा है बल्कि असुविधा में भी सफल्ता के झंडे गाड़े हैं। भारत की बिटिया सलीमा को नई जिम्मेदारी की बधाई और भारतीय महिला टीम को नई ऊंचाई में ले जाने के लिए शुभकामनाएं।

कवर्धा में रेत माफियाओं के यहां दबिश

कवर्धा,26 सितंबर। वन विकास निगम के अधिकारियों पर जानलेवा हमला मामले में कुकदूर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. रेत माफियाओं के घर में दबिश देकर 16 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. सभी आरोपियों को ग्राम पण्डारीखार और डालामौहा गांव से हिरासत में लिया गया है. इस मामले में अभी भी कुछ रेत माफिया फरार चल रहे हैं, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है.

पूरा मामला पंडरिया ब्लॉक के ग्राम डालामौहा गांव का है, जहां गांव के झोरी नाला से लगातार रेत की चोरी की जा रही थी. 23 सितंबर की रात वन विकास निगम की टीम रेत चोरी को रोकने गई थी. इसी दौरान 15 से 20 रेत माफियाओं ने वर्दीधारी अधिकारियों को दौड़ा दौड़ा कर लात घुसे और डंडे से पीटा, जान से मारने का प्रयास किया. इस हमले में दोनों अधिकारियों के सिर में गंभीर चोट आई है. स्थानीय लोगों ने वन विकास निगम के दोनों अधिकारियों को हॉस्पिटल में दाखिल कराया. बहरहाल दोनों अधिकारियों को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया है. अब पहले से स्वास्थ्य बेहतर हो गया है.पीड़ित अधिकारियों ने घटना की जानकारी कुकदूर पुलिस को दी. इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पंडरिया एसडीओपी पंकज पटेल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया. सभी रेत माफियाओं की तलाश की जा रही थी. आज सुबह ग्राम डालामौहा और पण्डारीखार से 16 रेत माफियाओं को हिरासत में लिया गया. आरोपियों से पूछताछ की जा रही है.

एक नजर

निगम दे रहा है स्व विवरणी भरने का मौका, टैक्स चोरी पकड़ी गई तो पेनाल्टी

रिसाली। रिसाली निगम नागरिकों को पेनाल्टी से बचाने एक और मौका दे रही है। स्व विवरणी भर वे अपनी संपत्ती का वास्तविक टैक्स निर्धारण करा सकते हैं। सर्वे के दौरान अगर टैक्स चोरी का मामला सामने आता है, तो निगम का राजस्व विभाग पेनाल्टी के साथ करदाता से टैक्स वसूली करेगा। नगर पालिक निगम की आयुक्त मोनिका वर्मा ने राजस्व विभाग को रिसाली क्षेत्र के टाउनशिप को छोड़कर शेष वार्डों में सर्वे करने निर्देश दिए हैं। इसके लिए अलग-अलग कर्मचारियों को वार्डों की जिम्मेदारी दी है। आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि सर्वे में कर्मचारी यह देखेंगे कि नागरिक टैक्स की चोरी तो नही कर रहा है। करदाता का जो टैक्स निर्धारण हुआ है, वह सही है कि नहीं। सर्वे करने वाले अधिकारी जांच में पाते हैं कि आवासीय मकान या व्यापारिक प्रतिष्ठान का क्षेत्रफल अधिक है और वह टैक्स के रूप में कम राशि जमा कर रहा है, तो पेनाल्टी के साथ अधिकारी-कर्मचारी टैक्स वसूली करेंगे।। इस दौरान केवल उन नागरिकों को राहत मिलेगी जो कार्यालय पहुंचकर स्व विवरणी भरा हो। आयुक्त मोनिका वर्मा ने राजस्व विभाग को ऐसे करदाताओं की सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं, जो लंबे समय से निगम को टैक्स नहीं दे रहे हैं। आयुक्त ने टैक्स जमा करने वाले इच्छुक बकायेदारों को किस्त में टैक्स जमा करने की सुविधा दी है। करदाता 2 या 3 किस्त में राशि जमा कर सकते हैं।

युवक पर हमला, तीन गिरफ्तार

भिलाई, 26 सितंबर। भिलाई पुरानी रंजिश के चलते एक युवक से मारपीट कर कटर से हमला करने वाले तीन आरोपियों को भट्ठी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्टील का कटर एवं मोटर साइकिल जब्त कर लिया है भिलाईनगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि अंशुल नाहर ;19 वर्षद्ध निवासी ब्लाक नंबर 37बीए सड़क क्रास स्ट्रीट 01ए सेक्टर 01 ने 24 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि आज से करीब 15 दिन पूर्व में देवज्ञय कोठारी उर्फ राजा से विवाद हुआ था। 24 सितंबर की शाम 4ण्30 बजे बी.मार्केटए सेक्टर 01 में अपने अन्य साथियों के साथ बातचीत कर रहा था। उसी समय देवज्ञय कोठारी उर्फ राजा बाबू अपने अन्य साथी एसण् राजकुमार तथा रेहान उर्फ फिरोज के साथ आया। पुरानी रंजिश को लेकर तीनों मिलकर मारपीट की। मारपीट के दौरान आरोपी एसण् राजकुमार ने अपने पास रखे धारदार कटर से हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी देवज्ञय कोठारी उर्फ राजा बाबू अपने साथियों के साथ से मोटर साइकिल मे भाग गया। रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान चंद घंटो के भीतर आरोपी देवज्ञय कोठारी उर्फराजा बाबू ;19 वर्ष द्ध निवासी एवेन्यू डीए सेक्टर 06ए एसण् राजकुमार उर्फराजू ;19 वर्षद्ध निवासी सड़क नंबर 08ए छावनी व रेहान अहमद उर्फफिरोज ;42 वर्षद्ध निवासी सड़क 30ए सेक्टर 08 को गिरफ्तार कर लिया है। मारपीट में प्रयुक्त धारदार कटर को आरोपी के कब्जे से तथा मारपीट उपरांत भागने के लिए उपयोग किए गए मोटर साइकिल को बरामद कर लिया है।

नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार

भिलाई, 26 सितंबर। भिलाई नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि सुपेला क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग ने अपने परिजन के साथ 23 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि नाबालिग को रास्ते में आरोपी मासूम रंगारी ने पीछा करते हुए हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान आरोपी मासूम रंगारी (18वर्ष) को रेश्ने आवास सुपेला से घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।

जुआ खेलते चार गिरफ्तार

भिलाई, 26 सितंबर। भिलाई लक्ष्मी नगर सब्जी मार्केट सुपेला में जुआ खेलते 4 आरोपियों को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2900 रुपए नगद एवं ताश पत्ती बरामद किया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि बुधवार को मुखबीर से सूचना मिली कि कुछ लोग लक्ष्मी नगर सब्जी मार्केट के पीछे सुपेला में रूपये पैसे का दांव लगाकर 52 पत्ती ताश से जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

अहिवारा आदिवासी गोड़ समाज के साथ किए गए विश्वासघात के खिलाफ धरना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 26 सितंबर। अहिवारा आदिवासी गोड़ समाज के साथ किये गए विश्वासघात एवं नगरपालिका अहिवारा में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं उनके सरंक्षणकर्ता नगर पालिका अध्यक्ष नटवर ताम्रकार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं कुछ पार्षदों के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन अहिवारा बस स्टैंड में 23 सितम्बर सोमवार को किया गया, जिसमें हजारों की भारी जनसंख्या में आदिवासी गोड़ समाज के लोगों के साथ साथ नगरपालिका अहिवारा में हो रहे भ्रष्टाचार से पीड़ित नगरवासी भी उपस्थित रहे। समाज के प्रमुख पदाधिकारी एवं नगर के नागरिकों के द्वारा अपनी बात धरना स्थल पर रखी गई साथ ही नगरपालिका अहिवारा में हो रहे भ्रष्टाचार और पालिका अध्यक्ष की मनमानी के खिलाफ लोगों ने अपने अपने विचार रख नगरपालिका के अधिकारियों और नेताओं के द्वारा किये गए भ्रष्टाचार को लेकर आम जन मानस को बताया। धरना प्रदर्शन के पश्चात प्रदर्शनकारियों के द्वारा भ्रष्टाचार का भी पुतला दहन किया गया। इसके बाद गोड़ आदिवासी समाज एवं नगर के लोगों ने नगरपालिका का घेराव कर वहा पर उग्र प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से आदिवासी के गोड़ समाज धमधा ब्लॉक अध्यक्ष पुराणिक नेताम, हिंगना डीह परिक्षेत्र के अध्यक्ष अगार सिंह नेताम, उपाध्यक्ष बंशीलाल ठाकुर, कोसाध्यक्ष चंद्र कुमार, सह सचिव दिनेश ठाकुर, महेंद्र धुर्वे, मुन्ना ठाकुर, दुलार ठाकुर, मोहित, राजेन्द्र ठाकुर, नीरा ठाकुर, मालती ठाकुर, नेहा ठाकुर, रेखा, बीना ठाकुर, जानकी ठाकुर, मीना ठाकुर, मधु सकुर, हमीन ठाकूर, जानकी बाई, लक्ष्मी ठाकर, तारा कुर, कल्पना ठाकुर, उत्तम गकुर, रेणु, तामेखरी ठकुर, दुलारी प्राकुर एवं अहिवारा युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अमन सिंह, अभिषेक गिरी, पूर्व पार्षद अशोक साहू, कांग्रेस नेता विजय साहू, बजरंग दल से अंशु सिंह, अमित, क्रांतिसेना से कौशलसाहू, धर्मेंद्र साहू, आशुतोष साहू, मोनू जैन, अमर शर्मा, विमल सोनी, राजेश यादव, गणेश जायसवाल, आशिष देवांगन, मुकेश देवांगन, आनंद देशमुख, लोकेंद्र यादव, लक्ष्मण धीवर जैसे और अन्य भी नगर के आदिवासी गोड़ समाज एवं नगरवासी उपस्थित थे।

कवर्धा। दलपुरुवा गांव में धान की अच्छी फसल होने से किसान खुश

कवर्धा। पोंडी में बस स्टॉप में पानी ही पानी

पं.दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर भाजपा सदस्यता महाभियान में डिप्टी सीएम विजय शर्मा हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 26 सितंबर। प.दीनदयाल उपाध्याय जी के जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने पूरे देश मे सदस्यता महाअभियान का आयोजन किया है । आज पूरे देश मे बूथ स्तर के कार्यकर्ता से लेकर राष्ट्रीय स्तर व प्रदेश स्तर के पदाधिकारी मुख्यमंत्री,मंत्री, विधायक और अन्य सभी जन प्रतिनिधि ,पार्टी के वरिष्ठत नेता गण अपने अपने बूथों पर सदस्यता अभियान में शामिल होंगे और नए सदस्यों को पार्टी की सदस्यता दिलायेंगे ।इसी तारतम्य में स्थानीय विधायक एवं छग शासन में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने बूथ क्रमांक 234 पर जाकर सदस्यता अभियान में भाग लिया । उन्होंने शहर के विभिन वार्डो में बूथ पर जाकर नए सदस्यों को भाजपा की सदस्यता दिलाई । इस अवसर पर काँग्रेस पार्षद प्रमोद लुनिया ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के समक्ष भाजपा की सदस्यता ली । श्री शर्मा ने शहर के गणमान्य नागरिक सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता व आम जन जो पार्टी से जुड़ना चाहते है उनको सदस्यता दिलाकर सदस्यता महाभियान में भाग लिया ।सदस्यता महा अभियान में कवर्धा शहर में संगठन के सभी पदाधिकारियों ने भी पुनः भाजपा की सदस्यता ली और अन्यो को भी पार्टी से जोड़ने का कार्य किया । इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा,वीरेंद्र साहू,कैलाश चंद्रवंशी, नपा अध्यक्ष मनहरण कौशिक ,शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, राजा टाटिया,श्रीकान्त उपाध्याय, पीयूष सिंह,जशवंत छाबड़ा,मनोज शर्मा,जितेंद्र पांडे,मनीराम साहू,खिलेश्वर साहू,सचिन अग्रवाल,सुनील दोषी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे ।

सेफ्टी सर्कल टीम ने क्वालिटी कॉन्सेप्ट के कन्वेंशन में लहराया परचम

भिलाई, 26 सितंबर। क्यूसीएफआई (क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया) भिलाई चैप्टर द्वारा 21 एवं 22 सितम्बर को जगदलपुर में आयोजित 15वें चैप्टर कन्वेंशन में सेफ्टी सर्कल एवं क्वालिटी कॉन्सेप्ट टीम ने अपना केस स्टडी प्रस्तुतीकरण दिया। शुभारंभ 21 सितंबर को किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि ऑपरेशन हेड (एनएमडीसी स्टील लिमिटेड, नगरनार) के प्रवीण कुमार थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में एन के बंछोर और जी पी सिंह उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के प्रवीण कुमार ने अपने भाषण में सुरक्षा संस्कृति और सुरक्षित वातावरण को बढ़ावा देने पर जोर दिया। जी पी सिंह ने सभी उपस्थित जनों को इस प्रतियोगिता के उद्देश्य के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

यातायात सुरक्षा के लिए हेलमेट अवश्य पहनिए :पुलिस अधीक्षक

कवर्धा,26 सितंबर। कबीरधाम जिले के नए पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने हेलमेट जागरूकता अभियान के सवाल पर कहा की हेलमेट दुपहिया वाहन चलाते समय अवश्य पहनना चाहिए और कोचिंग , कालेज जाने वाले बच्चे हेलमेट अवश्य पहने और माता पिता को बच्चो को हेलमेट पहनने के लिए कहना चाहिए क्योंकि यातायात सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनना बहुत जरूरी होता है ।

बीजेपी को जिताना पहला लक्ष्य :सिद्दीकी

कवर्धा,26 सितंबर। सुबह सुबह लगभग 7 बजे कवर्धा से बिलासपुर जाने वाली बस में तरुण छत्तीसगढ़ ने हामिद और नाजों से सवाल किया की क्या आप चुनाव लडेंगे तो उन्होंने एक स्वर में कहा की पार्टी जो जिम्मेदारी देगी उसे पूरी ईमानदारी से निभाया जाएगा । पहला लक्ष्य बीजेपी को जिताना है और कवर्धा शहर में डिप्टी सीएम विजय शर्मा के मार्गदर्शन में अध्यक्ष मनहरन की मॉनिटरिंग में कवर्धा में विकास खूब हो रही है ।

स्वच्छता पखवाड़े में उद्यानों की साफ-सफाई की गई

भिलाई, 26 सितंबर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा से जुड़कर श्रमदान के माध्यम से उद्यानों की साफ.सफाई कराया गया। शासन द्वारा उद्यानो, बाग, गार्डन, तालाब, जहां भी लोग टहलने जाते हैं, उन जगहों को सफाई के उद्देश्य से ही इसे थीम में शामिल किया गया है। नगर निगम भिलाई के सभी जोन कार्यालय क्षेत्र के उद्यानों में साफ-सफाई वार्ड पार्षद, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता सुबह.सुबह उद्यान में टहलने वाले नागरिकों बच्चों महिलाओं को भी सफाई अभियान से जोड़ा गया। योग ध्यान करने वाले लोगों ने संकल्प लिया कि हम जहां योग ध्यान करते हैं आपस में मिलकर उस स्थल पर सफाई अभियान हम लोग ही करेंगे। नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत 150 से अधिक उद्यान है, जहां प्रतिदिन सुबह शाम बच्चे, बुजुर्ग टहलने, घूमने, बैठने, व्यायाम करने आते है। उद्यानों की साफ.सफाई होते रहना चाहिए। वहां आने वाले लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। आज स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान में यही थीम था। कि शहर के सभी नागरिक अपने आस पास के उद्यानों की साफ.सफाई में अपना सहयोग दे। जिससे उद्यान साफ.सुथरा एवं हरा भरा बना रहे। उद्यान हमारे ही सुविधा के लिए बनाया गया है। जिसका पूरा देखरेख एवं साफ.सफाई करना हमारी जिम्मेदारी है। महापौर नीरज पाल एवं एमआईसी सदस्य श्रीमती नेहा साहू ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील किये है कि उद्यानों की साफ.सफाई करना सबका कर्तव्य है। सभी अपने आस पास के उद्यानों में सुबह एवं शाम जाते रहते है। वहां की साफ.सफाई नहीं होने से हम सबको ही परेशानी होगी। इसलिए उद्यानों की साफ.सफाई एवं देखरेख में सबका सहयोग होना आवश्यक है।

सरयूपारीण ब्राह्मण समाज की बैठक में तय किये गए आगामी कार्यक्रम

भिलाई, 26 सितंबर। सरयूपारीण ब्राह्मण समाज द्वारा आगामी कार्यक्रम तय किए जाने हेतु बैठक शांति नगर में आयोजित की गयी। समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा ने अध्यक्षता की एवं संचालन महासचिव राम लखन मिश्रा ने किया। बैठक में समाज के हुए दो कार्यक्रमों ब्रह्म प्रकाश पत्रिका के विमोचन एवं प्रतिभावान सम्मान समारोह पर समीक्षा की गई तथा समाज के द्वारा आगामी कार्यक्रम पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा कर निर्णय लिया गया। समाज महासचिव राम लखन मिश्रा ने बताया की इस वर्ष 47 बच्चों सहित समाज के विभिन्न क्षेत्रों में समाज के विभूतियों का सम्मान कार्यक्रम किया गया जो की काफी सराहनीय रहा और समाज के ही महान चित्रकार ललित दुबे जिन्होंने 10 करोड़ बार राम नाम लिखकर रामायण एवं विभिन्न देवी देवताओं का चित्र बनाए हैं इसके लिए उन्हें कई राष्ट्रीय अवार्ड मिल चुका है उन्हें भी सम्मानित करने का सुअवसर प्राप्त हुआ। मिश्रा ने सिलसिलेवार आगामी सभी कार्यक्रम की रूपरेखा सभी सदस्यों के मध्य रखी और अगले वर्ष प्रतिभा सम्मान समारोह को और वृहद स्तर पर करने हेतु निर्णय लिया।

पंडरिया की पूर्व विधायक ममता को कब मिलेगा पीएसओ

कवर्धा,26 सितंबर। कांग्रेसियों ने एक स्वर में महिला सुरक्षा को चिंतनीय बताया और पूर्व विधायक ममता चंद्राकर को अभी तक पीएसओ क्यों नही मिला यह भी सवाल उठाया । पंडरिया की पूर्व विधायक ममता चंद्राकर ने सुरक्षा के सवाल पर कहा की छत्तीसगढ़ राज्य और कबीरधाम जिले में लगातार अपराध बढ़ रहे है और कोई सुरक्षित नही है । मुझे भी अभी तक पीएसओ नही मिली है । लगातार दौरा करती हु लोगो से समस्याओं की जानकारी भी मिलती है । बीजेपी सरकार को सुरक्षा पर गंभीरता से ध्यान देना देना चाहिए लेकिन बीजेपी सरकार लोगो की सुरक्षा में असफल दिख रही है ।

एडीजीपी और एआईजी ने सड़क सुरक्षा के संबंध में यातायात प्रभारियों की बैठक ली

कवर्धा, 26 सितंबर। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रदीप गुप्ता एवं अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक संजय शर्मा यातायात पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा सड़क सुरक्षा के संबंध में राज्य के समस्त यातायात प्रभारियों का वर्चुअल समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें सड़क दुर्घटना रोकने के संबंध में किए जाने वाले आवश्यक उपायों के संबंध में जानकारी दी गई साथ ही सड़क दुर्घटना के अज्ञात प्रकरणों में मृतक की परिजनों को ?200000 एवं गंभीर घायल वाले प्रकरणों में आहत को ?50000 आर्थिक सहायता राशि दिए जाने के संबंध में किए जाने वाले कार्यवाही की जानकारी दी गई ताकि सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजन एवं आहतों को आर्थिक मुआवजा राशि प्रदान किया जा सके साथ ही सड़क दुर्घटना के समस्त प्रकरणों का द्वत्रुद्धस्त्र में प्रविष्टि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दी गई साथ ही वाहन चालान के दौरान वाहन के समस्त कागजात साथ में रखना वाहन चालन दौरान हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग बीमा आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई जिला कबीरधाम से यातायात पर्यवेक्षण अधिकारी एवं यातायात प्रभारी प्रवीण खालखो ,आयोजित वर्चुअल समीक्षा बैठक में सम्मिलित हुए।

भिलाई महिला समाज की कर्मियों ने नि:शुल्क नेत्र परीक्षण का लिया लाभ

भिलाई, 26 सितंबर। भिलाई महिला समाज ने लगभग अपने 50 समर्पित सदस्यों को निःशुल्क नेत्र परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई। यह निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर, 25 सितम्बर को सेक्टर 1 हॉस्पिटल में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर भिलाई महिला समाज की पदाधिकारीगण उपस्थित थे। जिसमें महासचिव श्रीमती साधना गोयल, सह-सचिव श्रीमती सोनाली रथ, कोषाध्यक्ष श्रीमती शिखा जैन और सह कोषाध्यक्ष श्रीमती चैती पाल उपस्थित थी। सेक्टर-9 स्थित जवाहरलाल नेहरू अनुसंधान केंद्र एवं चिकित्सालय के नेत्र विभाग की डॉ दिव्या जैन ने इस शिविर में अपना योगदान देते हुए भिलाई महिला समाज के कर्मियों का नेत्र परीक्षण किया।

वार्ड-44 में पानी सप्लाई बहाल

भिलाई, 26 सितंबर। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के जोन 04 शिवाजी नगर वार्ड क्रं. 44 उड़िया बस्ती गणेश मंदिर सुलभ रोड में नलो में पानी नहीं आने की शिकायत वार्ड पार्षद उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह द्वारा की गई थी। कि वार्ड में पानी की सप्लाई बाधित है, जिसके कारण वार्ड वासियो को बहुत परेशानी हो रही है। शीध्रता से इसका निवारण किया जावे। आयुक्त बजरंग दुबे स्वयं संज्ञान लेते हुए मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे। निगम के अधिकारियों को शीघ्रता से समस्या का निवारण करने को निर्देशित किये। जे.सी.बी से खुदाई करने पर जॉच के दौरान पता चला कि पाईप लाईन में लकड़ी का कचरा फस गया है। जिसके कारण पानी सप्लाई अवरूद्ध हो रहा है। चोरी छिपे स्थानीय लोगो द्वारा पाईप लाईन में छेद करके बेजा रूप से कनेक्शन ले लेते है। इसी का नतीजा था कि वहां पर लकड़ी का कचरा फस गया था। उस जगह को काट कर निकाला गया, साफ-सफाई की गई, वाल्व को हटाकर चोकप क्लीयर किया गया। जिससे पाईप लाईन में पानी प्रवाह शुरू हो गया है। टंकी के भरने के पश्चात पुरे उड़िया बस्ती गणेश मंदिर सुलभ रोड में पानी की सप्लाई शुरू हो गई है। पाईप लाईन संधारण कार्य जोन आयुक्त सतीश यादव, अभियंता चंद्रकांत साहू अपने दल के साथ उपस्थित रहे। उनके द्वारा संधारण गैंग लगाकर संधारण का कार्य करवाया गया। सनद रहे कि नगर निगम का प्रयास रहता है सभी वार्डों में पीने का पानी साफ-सुथरा समय पर मिले। निवासियों द्वारा चोरी छिपे मेन पाईप लाईन में छेद करके पानी सप्लाई अवैध रूप से ले लिया जाता है। वह ठीक से बंद नहीं हो पाता है इसी का नतीजा है कि कचरा पाइप में फंस जाता है। जिससे पानी सप्लाई में समस्या होती है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर टोल फ्री नम्बर 1100 में शिकायत कर सकते हैं।

रिसाली में दो दिन नहीं खुलेगा नल

रिसाली। नगर पालिक निगम रिसाली के तालपुरी, रूआबांधा, रिसाली, मरोदा व नेवई क्षेत्र के वार्डो में 29 व 30 सितम्बर को नल नहीं खुलेगा। नागरिकों को आवश्यकता अनुसार पेयजल टैंकर से उपलब्ध कराया जाएगा। जलकार्य के सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता ने बताया कि नदी से नेहरू नगर जलशोधक संयंत्र तक बिछाए गए रॉ वाटर पाइप लाइन में लिकेज है। मरम्मत कार्य के लिए दो दिनों का शॅट डाऊन लिया जाएगा।

समाज में नैतिक मूल्यों को विकसित करने का करें प्रयास:रेहाना

भिलाई, 26 सितंबर। जमात ए इस्लामी महिला विभाग के राष्ट्रीय अभियान नैतिकता स्वतंत्रता का आधार है, विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कुरान की तिलावत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। इस्लाम के जानकार न्याज़ अहमद एवं जमात ए इस्लामी भिलाई के अध्यक्ष के वी मोहम्मद इस अभियान को लगातार विस्तार दे रहे हैं। जमात ए इस्लामी महिला विभाग महिला विंग की अध्यक्ष रेहाना परवीन ने कहा कि भारतीय समाज में नैतिक मूल्यों के खिलाफ विद्रोह ने आधुनिक प्रबुद्ध समाज को पतन की राह पे डाल दिया है। ये स्थिति जीवित अंतरात्मा वाले लोगों के लिए असहनीय है। उन्होंने कहा कि आज हम सब का दायित्व बनता है कि हम अपने समाज में नैतिक मूल्यों को विकसित करने का प्रयास करें। जमात ए इस्लामी ने नैतिक गुणों को बढ़ावा देने के लिए जो कदम उठाया है वह सराहनीय है, नैतिक पतन आज एक बड़ी समस्या है। अवैध कार्यों और अनिष्ट कार्यों के प्रति लोग नैतिक संवेदनशीलता खोते जा रहे हैं। लोगों का नैतिक आचरण दिन प्रति दिन बदतर होता जा रहा है। मानव समाज की सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि वह ऐसे बिंदु पर पहुँच गया है जहाँ अश्लीलता और नग्नता उसकी रुचियों को संतुष्ट करती है और यही व्यक्ति के पतन का कारण बन गया है, व्यावहारिक पतन के साथ-साथ व्यक्ति मानसिक बिमारियों से भी ग्रसित हो रहे हैं। मानसिक तनाव और अवसाद आम होता जा रहा है जिससे लोग शांति की लिए नशे के लत की और बढ़ रहे हैं। नशे की लत पूरी तरह फंसने के बाद लोग आत्महत्या की ओर बढ़ने लगे हैं। कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं एवं पुरूषों ने भाग लिया।

नेहरू आर्ट गैलरी में छायाचित्रों के संग्रह की एकल प्रदर्शनी का आयोजन

भिलाई, 26 सितंबर। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के सीओसीसीडी विभाग के कार्मिक बृजबिहारी मिश्र द्वारा खीची गई छायाचित्रों के संग्रह की एकल प्रदर्शनी का आयोजन, भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित नेहरू आर्ट गैलरी, सिविक सेंटर में किया जाना है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 26 सितम्बर को संध्याकाल मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी डॉ तरुण कनरार द्वारा किया जायेगा।

मुख्यमंत्री के सुशासन में राज्य में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन के लिए चलाया जा रहा विशेष अभियान

रायपुर, 26 सितम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़

स्वास्थ्य जीवन की पूंजी है। इसी विश्वास के साथ छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव सरकार सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। विष्णु के सुशासन से छत्तीसगढ स्वस्थ हो रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेशभर में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि छत्तीसगढ़ से सिकल सेल बीमारी को विदा करना है और इसके लिए हम सब मिलकर प्रयास करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य राज्य को सिकल सेल जैसे बिमारी से मुक्त कराना और लोगों में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अभियान के तहत् राज्य में पंचायत, ब्लॉक और जिला स्तर पर विशेष कैंप आयोजित कर 40 वर्ष तक के लोगों को संभावित लक्षणों के आधार पर पहचान कर आवश्यक उपचार और दवाई उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही साथ प्रत्येक गर्भवती महिलाओं की सिकल सेल जांच सुनिश्चित की जा रही है। जिससे की जन्म लेने वाले प्रत्येक शिशु स्वस्थ्य और सिकल सेल मुक्त हो। गौरतलब है कि सिकल सेल एक अनुवांशिक रक्त विकार है। इससे अनेक स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती है। जिसमें लाल रक्त कणिका के सामान्य आकार में परिवर्तन होकर हसिया के आकार का हो जाता है। रक्त कणिकाओं का हसिया आकार होने के कारण इसकी ऑक्सीजन वहन क्षमता कम हो जाती है और ये कणिकाएं रक्त वाहिकाओं में चिपकने लगती है। इसके कारण शरीर के सभी अंगों को ऑक्सीजन आपूर्ति में समस्या आती है, जिससे पीड़ित व्यक्ति को शरीर में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, बुखार जैसे समस्या उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि सिकल सेल वाहक और सिकल सेल रोगी दो प्रकार के होते हैं। सिकल सेल वाहक में गंभीर लक्षण नहीं होते पर यह विकार को अगली पीढ़ी में बढ़ाते हैं।

एक नजर

अंत्योदय दिवस पंडित दीनदयाल उपाध्याय को समर्पित दिन है:किरण वैष्णव

छुरिया ,26 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। छुरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पिनकापार बुथ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई।इस अवसर पर मुख्य रूप से जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव जी कार्यक्रम में शामिल होकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चैलचित्र पर पूजा अर्चना कर श्रद्धांजलि अर्पित की श्रीमती वैष्णव ने कहा कि अंत्योदय दिवस पंडित

दीनदयाल उपाध्याय को समर्पित दिन है। इस दिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती होती है। उनके विचारों से समाज को जागरूक कराने के उद्देश्य से अंत्योदय मनाया जाता है। यह दिन भारतीय समाज में गरीबों और वंचितों के उत्थान के प्रति समर्पण को दर्शाता है। अंत्योदय का अर्थ है ÷अंतिम व्यक्ति का उदय÷, अर्थात समाज के सबसे गरीब और पिछड़े व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा में लाना है। यह दिन महान समाज सुधारक और भारतीय जनसंघ के सह-संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय से जुड़ा हुआ है, जिन्होंने अंत्योदय के विचार को अपने जीवन का प्रमुख लक्ष्य बनाया था। साथ ही जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने से अधिक लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई।इस अवसर पर संगीता यादव मंत्री मंडल भाजपा,गीतालाल यादव बुथ अध्यक्ष,दरबार यादव,विवेद यादव,दसरूराम, ऋषि कुमार,रवि साहू, सुकलाल, जंयती यादव, तीजबती, निर्मला, अंशुबाई ,दुकाला बाई सहित भाजपा कार्यकर्ता कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

स्वस्थ नारी-स्वस्थ भारत विषय पर व्याख्यान आयोजित

डोंगरगढ़ ,26 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 23 सितम्बर को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन व महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. आशा चौधरी के मागदर्शन में महाविद्यालय के पुराने भवन में महिलाओं के लिए सुकन्या केयर की ओर से स्वस्थ नारी-स्वस्थ भारत विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में रायपुर की श्रीमती लक्ष्मी बेदी उपस्थित थी। श्रीमती लक्ष्मी बेदी द्वारा महाविद्यालय के छात्राओं को महावारी से संबंधित समस्याओं की जानकारी एवं महावारी के समय उपयोग किए जाने वाले विभिन्न साधनों जैसे पैड, पैड के विभिन्न प्रकार, कौन सी पैड उत्तम रहेगी कितने घंटे एक पैड का इस्तेमाल करना चाहिए.

बागनदी वन परिक्षेत्र के ग्राम कल्लू बंजारी में खुली लूट, क्या रेंजर ने दी है यह छूट

छुरिया,26 सितंबर , 26 सितम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ मे लगातार साय सरकार को विपक्ष से कम अपने ही सरकारीअमले के कारनामों के चलते फजीहत झेलना पड़ रहा है, विभिन्न विभागों मे खासकर राजस्व व वन विभाग है जहाँ लगातार अवैध उगाही जमकर जारी है ,इसका खामियाजा प्रदेश सरकार को भूगतना पड़ रहा है,9 माह के साय सरकार मे प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा गरीबो के भलाई के लिए बड़े बड़े निर्णय ले रहे है, ताकि प्रदेश के लोगों का भला हो सके वहीं खनिज ,वन ,राजस्व, विभाग को मानो खूला छूट मिल गया है,दिन दहाड़े वन व खनिज विभाग के नाक के निचे अवैध रेत मुरूम से भरी गाड़ियों से अधिकारी कर्मचारी खुलेआम पैसा अवैध उगाही कर रहे है ,इससे साफ जहीर है खनिज माफियाओं से इनका साठगांठ है,

बागनदी वन क्षेत्र मे जमकर अवैध उगाही अधिकारी मौन है ?

राजनादगांव जिले मे रोज विपक्ष को सरकार के उपर हमला करने का एक मौका मिल रहा है, वरिष्ठ जनो का माने तो लम्बे समय से पूर्व सरकार के कार्यकाल से जमे अधिकारी कर्मचारी है, शासन प्रसासन के आला अधिकारी नेता का इन्हें जरा भी भय नही है,ऐसे अधिकारी कर्मचारी के कालेकारनामे रोज उजागर होने सरकार का फजीहत हो रहा है,इन बातो से भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारी परवाह नही है ,सूत्रो से ताजा जानकारी केअनुसार बागनदी वन परिक्षेत्र मे पूर्व सरकार के समय पदस्थ रहे एक विवादित वन अधिकारी जिनका तबादला (चिरचारी बागनदी)से हो गया था बताते इस कार्यालय के अन्तर्गत जो क्षेत्र पड़ता है वहाँ बड़े पैमाने पर सरकार द्वारा कार्य कराने राशि दिया जाता है, दूसरा हाईवा माजदा ट्रैक्टर व ट्रको मे अवैध रेत व मुरुम के कारोबारी से इन्हें जमकर उगाही हो जाता है, इस लिए उक्त अधिकारी को यहां से ज्यादा लगाव था खबर है ,उक्त वन अधिकारी को आने वाले समय मे प्रमोशन होने का भरोसा है उसके चलते वे कम समय ज्यादा खेल करने के चक्कर मे अधिनस्थ अमला को खुला छूट दे रखा है।शासन स्तर पर वे अपना तबादला रूकवाने का ताकत लगाया था पर सरकार बदले के चलते ट्रासफर रूक नही पाया वर्तमान सरकार मे उक्त अधिकारी का कोई आका नहीं है खबर है ट्रासफर रूकवाने न्यायालय से स्थगन आदेश ले आज उन्हें पुनः प्रभार मिल गया जानकारी के मुताबिक प्रभार मिलते ही उक्त वन अधिकारी के इशारे मे बंजारी से लेकर बागनदी चिरचारी तक अवैध रेत मुरूम खनन माफिया से जमकर अवैध उगाही का खेल बेधड़क चालू हो गया जो शासन प्रसासन के बदनामी के लिए काफी है। वन राजस्व ,आबकारी विभाग ,के कालेकारनामे व भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ अतिशीघ्र खुज्जी विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू द्वारा इनके विरोध मे मोर्चा खोलने का जानकारी है।

शिक्षक दिनेश कुरेटी को मिला राज्य स्तरीय सम्मान

छुरिया , 26 सितम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़

उत्कृष्ट शिक्षक,कवि, उदघोषक,प्रखर वक्ता एवं समाजिक कार्यकर्ता के रूप में राजनांदगाँव जिला सहित छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र राज्य के सीमावर्ती जिलों में अपना विशिष्ट एवं अलग पहचान बना चुके छुरिया विकास खंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के बहुमुखी प्रतिभा के धनी व नवाचारी शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी को शिक्षा में नवाचार,कला, संस्कृति, साहित्य लेखन, महिला सशक्तिकरण, नशामुक्ति अभियान, बालिका शिक्षा तथा समाज कल्याण के विभिन्न क्षेत्रों में किये गये उत्कृष्ट व अप्रतिम कार्य व सहयोग के लिए शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा सावित्री बाई फुले शिक्षा सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। गत 22 सितम्बर को मालवीय नगर चौंक दुर्ग के समीप स्थित खालसा पब्लिक स्कूल दुर्ग में छात्र व शिक्षकों के सर्वांगीण विकास तथा समाज सेवा हेतु संकल्पित संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़(समग्र विकास मंच) के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल थे,अध्यक्षता दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने किया,विशेष अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर,उपकार चन्द्राकर, निधि चन्द्राकर एवं रवि सिंगौर रहे।शिक्षा एवं समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में किये गये उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के 215 उत्कृष्ट शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित संस्था के प्रांतीय पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सम्मानित किया गया।इसी क्रम में शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के प्रांतीय मीडिया एवं छुरिया विकास खंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के उच्च वर्ग शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी को कार्यक्रम के मुख्यअतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल ने अपने हाथों से शाल,प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी को शिक्षा,कला, साहित्य एवं समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में किये गये उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए पूर्व में धमतरी, बालोद, अभनपुर एवं रायपुर में विभिन्न संस्थाओं द्वारा

पांच बार राज्य स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि उत्कृष्ट सेवा सम्मान प्रदान करने से सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों के सेवा कार्यों में निरंतरता बनी रहती है तथा अन्य शिक्षकों को उत्कृष्ट सेवा कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।छठवीं बार उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित होने पर शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के प्रांतीय संरक्षक परसराम साहू, संस्थापक संजय कुमार मैथिल, प्रांतीय अध्यक्ष मीना भारतद्वाज, उपाध्यक्ष महादेव जायसवाल, महासचिव विरेन्द्र कुमार साहू, संकुल प्राचार्य गौतरहीन कुंजाम, संकुल समन्यक मूलचंद मंडावी,प्रधानपाठक यु.एस.मंडावी, शिक्षकगण तिलक राम बढ़ई शिक्षक, शोभराय कार्ते, प्रभारी पाठक गीता कन्नौजे,शिक्षकगण चुम्मन लाल भुआर्य, जगन्नाथ नेताम एवं रोमन कुमार साहू ने श्री कुरेटी को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली करने वालों पर गिरेगी गाज

डोंगरगढ़ , 26 सितम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़

क्वांर नवरात्रि को लेकर जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल व जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग की उपस्थिति में 25 सितम्बर को ऊपर मंदीर के छिरपानी के सामने हनुमान मंदीर के सामने कार्यालय में मेला बैठक आहूत की गई। इस बार नवरात्र के दौरान पार्किंग व्यवस्था पर कलेक्टर और एसपी ने विशेष ध्यान रखे जाने पर जोर दिया है। किसी भी दर्शनार्थी के साथ निर्धारित दर अधिक वसूली किए जाने व दर्शनार्थी के साथ दुरव्यवहार किए जाने की शिकायत पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। विदित हो कि बैठक के दौरान यह मामला प्रमुखता से उठाया गया कि बीते कई नवरात्रि पर्व के दौरान कई पार्किंग संचालक के द्वारा मनमाने ढंग से पार्किंग की राशि वसूल की जाती है साथ ही साथ दर्शनार्थियों के साथ पार्किंग संचालक पुलिस के साथ मिलीभगत कर दुरव्यवहार भी करते है जिसकी शिकायत होने के बाद भी आगे कार्यवाही नहीं की जाती है जिसको लेकर इस नवरात्र में नवरात्र से पहले मेले की तैयारी बैठक में जिला कलेक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक अपनी निगरानी में इस व्यस्था में कड़ी नजर रखेंगे। मेला बैठक में सभी विभाग प्रमुखों को पेयजल, स्वास्थ्य की व्यवस्था से लेकर सड़क की मरम्मत से लेकर विघुत व्यवस्था को समय से पूर्व सुनिश्चित कर लेने का आदेश दिए गए है।

क्वांर नवरात्रि पर्व 2024 की तैयारियां प्रारंभ- श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति, डोंगरगढ़ द्वारा आयोजित मां बम्लेश्वरी देवी जी का क्वांर नवरात्रि पर्व 03 अक्टूबर 2024 से 12 अक्टूबर 2024 तक मनाया जा रहा है, इस हेतु ज्योति स्थापना 03 अक्टूबर 2024 को नीचे मंदिर व शीतला मंदिर में रात्रि 8.30 बजे एवं ऊपर मंदिर में रात्रि 7.30 बजे से प्रारम्भ होगी, सप्तमी 10 अक्टूबर 2024 को ऊपर मंदिर एवं नीचे मंदिर में विशेष काल रात्रि अभिषेक मध्य रात्रि 11 बजे से 12.30 बजे के मध्य, अष्टमी हवन दिनांक 11अक्टूबर 2024 को ऊपर मंदिर में प्रातः 8 बजे एवं नीचे मंदिर व शीतला माता मंदिर में रात्रि 7.30 बजे से प्रारम्भ होगी, नवमी ज्योति विसर्जन 12अक्टूबर 2024 को ऊपर मंदिर में प्रातः 4 बजे एवं नीचे मंदिर व शीतला मंदिर में रात्रि 8 बजे से प्रारम्भ होगी, प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ऊपर मंदिर, नीचे मंदिर एवं शीतला माता मंदिर में ज्योति कलश स्थापित किऐ जावेगें, नवरात्रि पर्व की तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है, दिनांक 03 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे नीचे एवं ऊपर मंदिर में दुर्गा सप्तसती का पाठ विधि विधान से प्रारंभ होगा।जिलाधीश महोदय के द्वारा नवरात्री पर्व के संबंध में आवश्यक बैठक ली गई, जिसमें सभी अधिकारियों को नवरात्रि पर्व के दौरान बेहतर से बेहतर व्यवस्था बनायें जाने हेतु दिशा निर्देश दिया गया ।दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये ट्रस्ट समिति द्वारा अत्याधुनिक उच्च तकनीक रोप-वे लगाया गया है, जिससे दर्शनार्थियो को सुविधाजनक दर्शन मिल सके, ट्रस्ट के मंत्री महेन्द्र परिहार ने बताया कि नवरात्रि पर्व में ज्योति स्थापना करानें वाले श्रद्धालु भक्तजनों के सुख समृद्धि के लिए दुर्गा सप्तसती का पाठ, शतचण्डी हवन आदि विद्वान पंडितों के द्वारा किया जावेगा, दर्शनार्थियों को हर सम्भव सुविधा प्रदान करने हेतु श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति, डोंगरगढ़ प्रयासरत है । इस अवसर पर सभी विभागों के विभाग प्रमुख सहित नगर गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

ग्राम सभा का आयोजन 2 अक्टूबर को

कोरबा 26 सितंबर। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जिले के समस्त ग्रामों में विशेष ग्राम सभा आयोजित करने हेतु आदेश जारी किए हैं। उक्त आदेश के तहत 02 अक्टूबर 2024 को ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा।

नगर निगम ने स्वच्छता रैली निकालकर नगर के लोगों को दिया स्वच्छता का संदेश

रायपुर,26 सितंबर , 26 सितम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के स्वच्छ भारत मिशन शाखा स्वास्थ्य विभाग, जोन 10 की टीम ने राजधानी शहर में व्हीआईपी मार्ग में श्रीराम मंदिर के सामने के फुण्डहर चैक तक स्वच्छ साईक्लोथॉन एवं स्वच्छ मैराथॉन का आयोजन रखकर नगरवासियों को स्वच्छ पर्यावरण का सकारात्मक संदेश दिया । आयोजन में रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा एवं नगर निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा सहित वार्ड पार्षद प्रतिनिधि श्री नानू ठाकुर, अपर आयुक्त श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यपालन अभियंता श्री रधुमणी प्रधान, जोन 10 जोन कमिश्नर श्री राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता श्री दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता स्वच्छ भारत मिशन श्री योगेश कडु, स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक श्री आशीष मिश्रा सहित बडी संख्या में गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नवयुवकों, महिलाओं, आमजनों की सक्रिय सहभागिता रही । इस अवसर पर रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने कहा कि स्वच्छता जीवन में देश के प्रत्येक नागरिक के लिये आदि काल से स्वभाव व संस्कार रही है। विश्व प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ पुरी धाम में श्री रथ यात्रा पर्व के दौरान प्रभु के रथ के समक्ष सोने की बुहारी से बुहार लगाकर स्वच्छता कायम करने की अनिवार्य रस्म पारंपरिक रूप से की जाती है। ऐसी ही पारंपरिक रस्म यहां रायपुर शहर में गायत्री नगर के श्री जगन्नाथ मंदिर में जगन्नाथ जी की रथ यात्रा के समय प्रभु के रथ के समक्ष सड़क पर सोने की बुहारी से बुहार लगाकर राज्य के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री

द्वारा रस्म अदा कर स्वच्छता कायम की जाती है। प्रभु की रथ यात्रा का प्रारंभ आदि काल से स्वच्छता के साथ होता है। उत्तर विधायक ने सभी उपस्थितजनों से आव्हान किया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रत्येक नागरिक अपने घर आंगन , मोहल्ले, वार्ड को स्वच्छ बनाने संकल्प लेकर कार्य करें एवं फिर नगर और छत्तीसगढ़ राज्य को स्वच्छ बनाने कार्य कर सहभागी बनने का संकल्प लें ताकि स्वच्छता ही सेवा अभियान वास्तविक रूप में सार्थक जन-जन के लिये सिद्ध हो सके। रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा एवं वार्ड पार्षद प्रतिनिधि श्री नानू ठाकुर के साथ मिलकर स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखलाकर रवाना किया एवं स्वच्छता पोस्टर लहराकर स्वच्छ पर्यावरण के प्रति नागरिको को जागरूक बनाया और सभी उपस्थित जनों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाने का संकल्प लिया ।

शासकीय स्कूल में हुए गैर शैक्षणिक कार्यक्रम को लेकर डीईओ ने दिये जांच के आदेश

स्कूलों में फर्जी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम में पहुंचे थे शिक्षक, खबर प्रकाशित होने के बाद जागा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय

मोहला , 26 सितम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़

शासकीय स्कूलो में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को पढ़ाने के बजाय गैर शैक्षणिक आयोजन कराने के मामले को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेलाल कोसरिया ने मामले में जांच का निर्देश दिया है। उक्त आयोजन में एक दर्जन के लगभग शिक्षक अध्यापन कार्य को छोड़कर अपने-अपने स्कूलों में फर्जी हाजिरी दर्ज करते हुए बांधाबाजार संकुल के टोलागांव प्राथमिक शाला के कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उल्लेखनीय है कि 5 सितंबर शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर गांवो से लेकर जिला ,प्रदेश सहित पूरे देश में शिक्षकों के लिए कई तरह के कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें पुजते हुए उनका सम्मान किया गया इधर शिक्षक दिवस को समाप्त हुए 15 दिन बीत जाने के बाद बांधाबाजार संकुल स्रोत भाग 1 के ग्राम टोलागांव प्राथमिक शाला में 17 सितंबर को स्कूल समय में प्रधान पाठक भंजन साहु के द्वारा विकासखंड के लगभग एक दर्जन शिक्षक, तथा संकुल समन्वयको को शिक्षक सम्मान समारोह के नाम पर स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें आमंत्रित किया गया था इस गैर शैक्षणिक गतिविधि में शामिल होने शिक्षक स्कूल समय में अपने-अपने स्कूलों में फर्जी उपस्थिति दर्ज कर वहां पहुंचे हुए थे। बताया गया कि कार्यक्रम के लिए बाकायदा आमंत्रण कार्ड छपवाया गया था जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसके धीवर,

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 21 सितंबर 2024 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-4 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-174 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 22 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

शासकीय स्कूल में आयोजित हो रहे गैर शैक्षिक कार्यक्रम

नौकरी शासकीय, तनख्वाह शासन का, शिक्षक कर रहे हैं काम अपने मन का

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

मोहला 21 सितंबर। नौकरी शासकीय, तनख्वाह शासन का आदिवासी बहुल्य क्षेत्र के गांवों में स्थापित सरकारी स्कूलों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को अध्यापन कार्य करायें या ना कराये मर्जी अपनी कुछ इसी सरकारी ढ़र्रे पर चल रहे शिक्षा व्यवस्था के आलम के बीच एक दर्जन के लगभग शिक्षक अध्यापन कार्य को छोड़कर अपने-अपने स्कूलों में फर्जी हाजिरी दर्ज करते हुए बांधाबाजार संकुल के टोलागांव प्राथमिक शाला में आयोजित गैर शैक्षणिक गतिविधि में शामिल होते हुए सम्मान समारोह में शामिल होने का मामला सामने आया है उल्लेखनीय है कि 5 सितंबर शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर गांवो से लेकर जिला ,प्रदेश सहित पूरे देश में शिक्षकों के लिए कई तरह के कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें पुजते हुए उनका सम्मान किया गया इधर शिक्षक दिवस को समाप्त हुए 15 दिन बीत चुके हैं और यह सिलसिला अब भी खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। मामला बांधाबाजार संकुल स्रोत भाग 1 के ग्राम टोलागांव प्राथमिक शाला का है जहां 17 सितंबर को स्कूल समय में प्रधान पाठक भंजन साहु के द्वारा विकासखंड के लगभग एक दर्जन शिक्षक, तथा संकुल समन्वयको को शिक्षक सम्मान समारोह के नाम पर स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें आमंत्रित किया गया। इस गैर शैक्षणिक गतिविधि में शामिल होने स्कूल समय में फर्जी उपस्थिति दर्ज कर शासकीय स्कूलों में पदस्थ शिक्षक एवं संकुल समन्वयको का जमावड़ा हुआ था। बताया गया कि कार्यक्रम के लिए बाकायदा आमंत्रण कार्ड छपवाया गया था जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसके धीवर, बीआरसी संतोष पांडे को भी आमंत्रित किया गया था परंतु अधिकारी कार्यक्रम से दूरी बनाए हुए थे। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला टोलागांव में पदस्थ प्रधान पाठक भंजन साहू के द्वारा आयोजित गैर शैक्षणिक कार्यक्रम के लिए किसी भी तरह का विभाग से प्रशासनिक अनुमति नहीं लिया गया था टोलागांव के ग्रामीणों के मुताबिक कार्यक्रम पूर्णता = प्रधान पाठक और उसी स्कूल में पदस्थ उनकी पत्नी सहायक शिक्षिका रूपेश्वरी साहू के द्वारा आयोजित की गई थी जिसमें छात्र-छात्राओं का अध्यापन छोड़ स्कूल समय में शिक्षकों का झुंड उक्त कार्यक्रम का हिस्सा बनते हुए एक दूसरे का सम्मान कराते रहे। फर्जी उपस्थिति दर्ज कर शासकीय स्कूलों में पदस्थ शिक्षक एवं संकुल समन्वयको का जमावड़ा हुआ था। बताया गया कि कार्यक्रम के लिए बाकायदा आमंत्रण कार्ड छपवाया गया था जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसके धीवर, बीआरसी संतोष पांडे को भी आमंत्रित किया गया था परंतु अधिकारी कार्यक्रम से दूरी बनाए हुए थे। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला टोलागांव में पदस्थ प्रधान पाठक भंजन साहू के द्वारा आयोजित गैर शैक्षणिक कार्यक्रम के लिए किसी भी तरह का विभाग से प्रशासनिक अनुमति नहीं लिया गया था टोलागांव के ग्रामीणों ने बताया कि कार्यक्रम पूर्णता = प्रधान पाठक और उसी स्कूल में पदस्थ उनकी पत्नी सहायक शिक्षिका रूपेश्वरी साहू के द्वारा आयोजित की गई थी जिसमें छात्र-छात्राओं का अध्यापन छोड़ स्कूल समय में शिक्षकों का झुंड उक्त कार्यक्रम का हिस्सा बनते हुए एक दूसरे का सम्मान कराते रहे।

छात्र-छात्राओं को अध्यापन कराने में होगा सम्मान-मामले में जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव ने कहा की शासकीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं को निष्ठा पूर्वक अध्यापन कराने से गुरूजनों को सम्मान मिलेगा इस तरह के गैर शैक्षणिक शासकीय स्कूल में पढ़ाई को बाधित कर कार्यक्रम आयोजित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तय होनी चाहिए।प्रशासनिक अनुमति के बिना कार्यक्रम-शिक्षक दिवस को संपन्न हुए 15 दिन बीत गए हैं उच्च अधिकारियों के अनुमति के बिना छात्र समय में छात्र-छात्राओं को पढ़ाने के बजाय गैर शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं अम्बागढ़ चौकी विकासखंड के दर्जन भर शिक्षक एवं कई संकुल समन्वयक उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए। स्कूलों में उपस्थित, कार्यक्रम में शिक्षक-बताया गया कि शिक्षक दंपति द्वारा 17 सितंबर को टोलागांव प्राथमिक शाला में आयोजित शिक्षक समारोह में अंबागढ़ चौकी विकासखंड के दर्जन भर से अधिक शिक्षक एवं कई संकुल समन्वयक उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए थे। स्कूलों में उपस्थित, कार्यक्रम में शिक्षक-बताया गया कि शिक्षक दंपति द्वारा 17 सितंबर को टोलागांव प्राथमिक शाला में आयोजित शिक्षक समारोह में अंबागढ़ चौकी विकासखंड के दर्जन भर से अधिक शिक्षक संकुल समन्वय कार्यक्रम के हिस्सा थे जिनके द्वारा अपने-अपने स्कूलों में उपस्थिति दर्ज कर शाला समय में वे लोग टोलागांव प्राथमिक शाला के कार्यक्रम में मौजूद थे। 7 दिनों के भीतर मांगा गया है जांच रिपोर्ट-मामला उजागर होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेलाल कोसरिया ने इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए पूरे प्रकरण की अंबागढ़ चौकी बीईओ एस के धीवर को जांच अधिकारी नियुक्त कर स्पष्ट अभिमत सहित जांच प्रतिवेदन सात दिवस के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत करने का निर्देश किया गया है।

पूरे मामले की जानकारी ली जा रही है कि यह कार्यक्रम किसने और क्यों आयोजित किया था।

फत्तेराम कोसरिया,प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी,मोहला

,छबीलाल उइके प्रा शा किलारगोंदी नीलकंठ कोमरे प्रा.शा.सिरलगढ, दया शंकर नंदेश्वर माध्यमिक शाला डोंगरगांव आदि शामिल हुए थे। इन शिक्षकों को लेकर बताया गया कि वे लोग अपने-अपने स्कूलों में फर्जी उपस्थिति दर्ज कर स्कूल समय में कार्यक्रम के हिस्सा थे।

प्रशासनिक अनुमति के बिना हुआ था कार्यक्रम-शिक्षक दिवस को संपन्न हुए कई दिन बीत गए हैं उच्च अधिकारियों के अनुमति के बिना छात्र-छात्राओं को पढ़ाने के बजाय गैर शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें अम्बागढ़ चौकी विकासखंड के दर्जन भर शिक्षक एवं संकुल समन्वयक उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए थे। स्कूलों में उपस्थित, कार्यक्रम में शिक्षक-बताया गया कि शिक्षक दंपति द्वारा 17 सितंबर को टोलागांव प्राथमिक शाला में आयोजित शिक्षक समारोह में अंबागढ़ चौकी विकासखंड के दर्जन भर से अधिक शिक्षक संकुल समन्वय कार्यक्रम के हिस्सा थे जिनके द्वारा अपने-अपने स्कूलों में उपस्थिति दर्ज कर शाला समय में वे लोग टोलागांव प्राथमिक शाला के कार्यक्रम में मौजूद थे। 7 दिनों के भीतर मांगा गया है जांच रिपोर्ट-मामला उजागर होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेलाल कोसरिया ने इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए पूरे प्रकरण की अंबागढ़ चौकी बीईओ एस के धीवर को जांच अधिकारी नियुक्त कर स्पष्ट अभिमत सहित जांच प्रतिवेदन सात दिवस के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत करने का निर्देश किया गया है।

मंदिरों में प्रसाद की गुणवत्ता की होगी जांच

डोगरगढ़ , 26 सितम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़

जिले के प्रमुख मंदिरों में प्रसाद की गुणवत्ता की होगी जांच,खाद्य सुरक्षा विभाग ने जारी किया आदेश राजनांदगांव जिले के प्रमुख मंदिरों में दर्शनार्थियों को दिए जाने वाले प्रसाद की गुणवत्ता की अब जांच होगी,खाद्य एवम औषधि प्रशासन विभाग ने एक आदेश जारी कर जानकारी दी है,जिला खाद्य एवम सुरक्षा अधिकारी डोमेन ध्रुव ने बताया कि जिले में स्थित प्रमुख मंदिरों के प्रसाद की अब जांच होगी,इसका सैंपल लेकर टेस्ट किया जाएगा,प्रसाद किस खाद्य सामग्री से बनाया जा रहा है,उसका भी सैंपल लिया जाएगा,डोमेन ध्रुव ने बताया कि राजनांदगांव

संपादकीय

मिलावट रोकना तो सरकार का काम है...

राजनीति और राजनेता के कदम जहां जहां पड़ते हैं, वहां भ्रष्टाचार को रोग फैल जाता है। इसलिए कहा जाता है कि जहां राजनीति है,वहां भ्रष्टाचार है। जहां भी अफरात पैसा है, वहां राजनेता की पहुंच किसी न किसी तरह हो जाती है और वह पहुंचे मतलब वहां भी भ्रष्टाचार होना शुरू हो जाता है।सत्ता और पैसा आने पर उसके लोभ से बहुत ही कम लोग बच पाते हैं, ज्यादातर लोग सत्ता और धन के लोभ से बच नहीं पाते हैं, वह सोचते हैं इतना पैसा है तो इसमें से मैं भी कुछ अपने लिए ले लूं, कुछ अपनी पार्टी के लिए ले लूं। किसी को क्या पता चलेगा।जब पैसा कहीं से भी और कैसे भी पार्टी तक पहुंचने लगता है तो वह भ्रष्टाचार का पैसा होने पर भी पार्टी को अच्छा लगता है बहुत ही कम राजनीतिक दल के नेता ऐसे होते हैं तो भ्रष्टाचार का पैसा पार्टी के लिए लेने से मना कर सकते हैं। ज्यादातर राजनीतिक दलों के नेता तो ऐसे होते हैं कि जहां से भी जैसे भी पैसा आ रहा है,आने दो कहते हैं। तिरुपति बालाजी मंदिर में करोड़ों रुपए का घी लड्डू प्रसाद बनाने के लिए लगता है। यहां भी दलों के नेताओं को पद दिया गया और गैर हिदू धर्म के लोगों को नियुक्त किया गया और इसके बाद यहां से शिकायत आई कि यहां प्रसादस्वरूप दिए जाने वाले लड्डू को बनाने में जो घी इस्तेमाल किया जाता है,उसमें मिलावट की जा रही है यानी सीधे कहा जाए कि मंदिर के लड्डू की पवित्रता का ख्याल नहीं रखा गया। देश में पहली बार किसी बड़े पवित्र मंदिर के प्रसाद के बार में ऐसा लोगों को सुनने को मिला। इस पर हिंदू समाज में तीखी प्रतिक्रिया तो होनी ही थी क्योंकि हिंदू समाज के लिए किसी भी तरह का प्रसाद मतलब होता पवित्र। उसमें वह किसी तरह की अपवित्रता सहन नहीं कर सकता। इसलिए अब मांग की जा रही है कि देश बड़े मंदिरों में जहां भी लाखों लोग आते हैं, वहीं कम से कम प्रसाद की पवित्रता बनाए रखने के लिए कोई व्यवस्था की जाए। मंदिरों के प्रसाद की जांच की मांग की जा रही है। हिंदू समाज के धर्माचार्य मांग कर रहे हैं कि हिंदू समाज के मंदिरों की पूरी व्यवस्था धर्माचार्यों को सौंपी जानी चाहिए ताकि वह मंदिरों की पवित्रता को शास्त्र के अनुसार बनाए रख सकें। यह भी मांग की जा रही है कि देश में जहां भी असली घी की फैक्ट्री है, वहां क़ड़ाई से जांच होनी चाहिए ताकि फैक्ट्री में घी में किसी तरह की मिलावट न की जा सके। उसके बाद घी के मंदिर पहुंचने पर भी घी की जांच होनी चाहिए कि वह असली है या नहीं । कई बार ऐसा भी होता है कि फैक्ट्री में असली घी बनता है लेकिन मंदिरों तक पहुंचते पहुंचते उसमें मिलावट कर दी जाती है। बाजार में भी जो असली घी बिकता है, उसकी भी कड़ाई से जांच होनी चाहिए क्योंकि देश में धार्मिक कार्यो में उनका उपयोग होता है। खासकर नवरात्रि में लाखों टन घी व तेल के ज्योत जलाए जाते है। इसमें भी मिलावट की पूरी आशंका होती है कि बाजार के लिए तो हर धार्मिक उत्सव पैसा कमाने का मौका होता है। कोई इस बात का ख्याल नहीं रखता है कि भगवान के नाम पर जो प्रसाद बन रहा है, वह कम से कम शुध्द व पवित्र हो, जो घी या तेल ज्योत जलाने के काम आता है वह कम से कम शुध्द हो। जब भी किसी वस्तु की सबसे ज्यादा मांग होती है तो उसका पैसा भी ज्यादा मिलता है। जहां भी ज्यादा मुनाफा होता है वहीं असली के नाम पर नकली व मिलावटी वस्तु भी बाजार में बिकने लगती है। जब तक भ्रष्टाचार का खुलासा नहीं होती है लोग असली के नाम पर नकली का उपयोग करते रहते हैं। जो नकली घी रहता है वही लोगों के लिए असली घी रहता है। वह असली घी के दाम पर नकली घी का उपयोग खुशी खुशी करते रहते हैं। कुछ सरकारों के लिए तो यह शासकीय घी को खपाने का मौका हो गया है। साय सरकार ने नवरात्रि में शक्तिपीठों में ज्योत व प्रसाद के लिए देवभोग घी का उपयोग करने को कह दिया है। ऐसा कहा है तो सरकार को घी की शुध्दता का भी पूरा ख्याल रखना होगा. ऐसा नहीं हुआ तो चंद्रबाबू की तरह कांग्रेस इसे बड़ा मुद्दा बनाएगी और सरकार को जवाब देते नही बनेगा ।

पर्यटन दिवस | गजेन्द्र सिंह शेखावत

विकसित भारत के लिए पर्यटनः हमारे प्रथम अतुल्य भारतीय का विजन



एक दशक पहले तक भारतीय पर्यटन को पर्यटन क्षेत्र में अन्य देशों के समकक्ष या उनसे आगे स्थापित करने के लिए भी एक ब्रांड एम्बेसडर की जरूरत सामान्य बात थी । जिस तरह अन्य देश अपने देश के पर्यटन के प्रचार-प्रसार हेतु सुविख्यात फिल्मी सितारों और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को आकर्षित करने के लिए विज्ञापन राशि खर्च कर रहे थे ठीक उसी तरह यहाँ भी यह महसूस किया गया कि अतुल्य भारत को एक नया रूप दिए जाने की आवश्यकता है । पिछले एक दशक में और पिछले 100 दिनों से भारत के केन्द्रीय पर्यटन मंत्री के रूप में कार्य करते हुए मैंने सभी को यह कहते सुना है कि इस देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि हमारे बीच एक ऐसे नेता हैं जो न केवल हमारे प्रधानमंत्री हैं बल्कि वे अतुल्य भारत के सबसे बड़े वैश्विक ब्रांड एम्बेसडर और हिमायती हैं । अपनी हर भूमिका में, वे भारत की बेहतरी के लिए काम करते हैं । मैं यह देखकर अत्यंत विस्मित और प्रेरित होता हूँ कि माननीय प्रधानमंत्री सदैव पर्यटन को अत्यंत महत्व देते हैं ।

एक प्रधानमंत्री के रूप में वे निरंतर हमें यह याद दिलाते हैं कि हमें देश में पर्यटन की समग्र प्रगति और विकास के लिए सरकार के प्रत्येक स्तर पर कार्य करना है । लगभग 1,50,000 किलोमीटर लम्बा सड़क नेटवर्क बनाए जाने, बेहतर हवाई कनेक्टिविटी के लिए 500 नए हवाई रुट और 150 हवाईअड्डे शुरू किए जाने, तेज गति वाली वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत और लगभग 100 पर्यटन परियोजनाओं को पूरा किए जाने के परिणामस्वरूप भारत में 250 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राएं (डीटीवी) दर्ज की गईं जो वर्ष 2014 में भारत द्वारा दर्ज 128 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) का लगभग दोगुना है । इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं । उनके नेतृत्व में भारत की जी-20 अध्यक्षता इस मायने में अनूठी रही कि इन बैठकों का आयोजन देश भर के 60 अलग-अलग स्थानों पर किया गया । माननीय प्रधानमंत्री जी का यह विजन था कि भारत की जी-20 अध्यक्षता को माध्यम बनाकर इन 60 गंतव्यों की पर्यटन पेशकशों के साथ-साथ उनकी संस्कृति, क्विजीन तथा शिल्प की वैश्विक मंच पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए । पिछले वर्ष जी-20 के कारण पर्यटन में हुई वृद्धि के परिणामस्वरूप वर्ष 2023 में भारत के पर्यटन क्षेत्र में होटल के नए कमरे सबसे अधिक संख्या में बनाए गए ।

एक जन-नायक के रूप में उन्होंने विश्व की यात्रा पर निकलने से पहले अपने देश भारत को देखने-समझने के लिए राष्ट्र को देखो अपना देश हेतु प्रेरित किया है । स्वच्छता के महत्व की सीख देकर उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि उत्तरदायी पर्यटन हम सभी का सहज स्वभाव बन जाए । हर अवसर पर वे वैश्विक प्रवासी भारतीयों को अतुल्य भारत का प्रतिनिधि बनने की उनकी भूमिका निरंतर याद दिलाते हैं कि वे अपने विदेशी मित्रों और परिचितों को इस बात की जानकारी दें कि भारत की यात्रा किस प्रकार उनके लिए अविस्मरणीय हो सकती है । सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेताओं में से एक के रूप में उनके द्वारा लक्षद्वीप, काजीरंगा, कन्याकुमारी, श्रीनगर और अन्य कई स्थलों की यात्रा करने मात्र से घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों में ऐसे गंतव्यों की यात्रा करने और भारत की कम लोकप्रिय पर्यटन पेशकशों का अनुभव करने की अभूतपूर्व रुचि देखी गई है । पर्यटन में माननीय प्रधानमंत्री की निजी रूचि और भागीदारी को और अधिक स्पष्ट करने के लिए मैं आप सबको यह बताना चाहूंगा कि उन्होंने अपने मंत्रिमंडल के पर्यटन विभाग में मुझे अपनी सेवा प्रदान करने का अवसर देते समय कहा था कि वे मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप रहे हैं । तब से मेरा निरंतर यह प्रयास रहा है कि समावेशी सामाजिक-आर्थिक प्रगति और विकास के माध्यम के रूप में पर्यटन क्षेत्र के महत्व को ध्यान में रखते हुए हम भारत में इसके लिए एक व्यावसायिक योजना तैयार करें । अवसंरचना विकास में भारत द्वारा तेजी से की जा रही प्रगति का लाभ उठाते हुए नए पर्यटन गंतव्य विकसित करना इस व्यावसायिक योजना का सबसे महत्वपूर्ण घटक है । नए भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए और अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेते हुए पर्यटकों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इन नए गंतव्यों की परिकल्पना की गई है । वर्ष 1947 में हमारी स्वतंत्रता से लेकर वर्ष 2014 तक भारत में किसी पर्यटक गंतव्य को शुरूआत से समग्र और समावेशी तरीके से विकसित करने का एक भी उदाहरण देखने को नहीं मिलता है । वर्ष 2018 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विश्व को एकता नगर और स्टेच्यू ऑफ यूनिटी की भेंट देने के बाद से इसमें परिवर्तन आया है । माननीय प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए और अनेक उपाय किए गए । रोजमर्रा के आधार पर गंतव्य के रख-रखाव और प्रबंधन के लिए विशिष्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और शासन प्राधिकरण स्थापित करने के साथ-साथ अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई । स्थानीय लोगों और युवाओं को पर्यटन से संबंधित सेवाओं और कार्यों के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की गई । अच्छे होटल, रिजॉर्ट और अन्य आवास स्थापित करने के लिए निजी निवेशों को शामिल किया गया । पीपीपी मोड में विभिन्न थीमों में अनेक नए आकर्षणों, कार्यकलापों और अनुभवों की शुरूआत की गई । इन सभी और अन्य कई कार्यकलापों के कारण एकता नगर में पर्यटकों की संख्या वर्ष 2018 में 4.5 लाख से 10 गुना बढ़कर वर्ष 2023 में 45 लाख हो गई थी । इसके अलावा, इन सभी प्रयासों से एकता नगर के स्थानीय लोगों के लिए पर्यटन अर्थव्यवस्था के माध्यम से आजीविका के नए साधन का सृजन हुआ है जो वर्ष 2014 से पहले इस क्षेत्र में उपलब्ध नहीं था । एकता नगर के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री ने हमें पर्यटन विकास और संवर्धन का एक नया मॉडल दिया है झ एक ऐसा मॉडल जिसे ऐसे प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों का सृजन करने के लिए एक उदाहरण के रूप में अपनाया जा सकता है । स्वदेश दर्शन और प्रतिष्ठित पर्यटक गंतव्यों के विकास जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा स्थापित मॉडल से प्रेरणा लेते हुए, पर्यटन मंत्रालय अब सरकार के हर स्तर पर चयनित गंतव्यों को विकसित करने के संयुक्त प्रयासों द्वारा देश में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास की अगुआई कर रहा है । ऐसे अधिक प्रभावकारी हस्तक्षेपों की शुरूआत के प्रयास किए जा रहे हैं जो विभिन्न गंतव्यों में पर्यटक अनुभव को पूरी तरह से बदल सकते हैं । साथ ही, निजी निवेश को सार्वजनिक निवेश का पूरक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि भारत में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास के लिए दोनों एक संयुक्त शक्ति के रूप में कार्य कर सकें । इन गंतव्यों में मंत्रालय की विभिन्न पहलों के माध्यम से, कौशल निर्माण और डिजिटलीकरण जैसे पर्यटन साधनों को बेहतर बनाने के लिए भी कार्रवाई की जा रही है ताकि पर्यटन के लाभ उस गंतव्य में ही स्थानीय समुदायों और व्यक्तियों को प्राप्त हो सकें । माननीय प्रधानमंत्री के जन भागीदारी के विजन से प्रेरित होकर, मंत्रालय ने देखो अपना देश पीपुल्स च्वाइस 2024 नामक एक राष्ट्र-व्यापी पोल शुरू किया है ताकि नागरिक 5 श्रेणियों में भारत में अपने सबसे पसंदीदा पर्यटक स्थलों और गंतव्यों के बारे में जानकारी दे सकें । आगे बढ़ने के अपने प्रयासों में जनता की आवाज को शामिल करने के लिए पीपुल्स च्वाइस 2024 में शीर्ष पर आने वाले गंतव्यों को विशेष सहायता और निधि प्रदान की जाएगी, ताकि उन्हें दुनिया के समक्ष सर्वश्रेष्ठ अतुल्य भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले वैश्विक पर्यटन स्थलों के रूप में परिवर्तित किया जा सके । ऐसा कोई भी दिन नहीं जाता जब माननीय प्रधानमंत्री हमें विकसित भारत के अपने विजन की याद न दिलाएं । पर्यटन हमें उस महान विजन को पूरा करने के लिए अनेक अवसर प्रदान करता है । इस विश्व पर्यटन दिवस पर, मैं इस विजन को पूरा करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए आप सबका आह्वान करता हूं, ताकि हम अपने माननीय प्रधानमंत्री जी की ही तरह 'अतुल्य भारतीय' बन सकें ।

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको अपने कामों में लापरवाही दिखाने से बचना होगा। आपके विरोधी आपका पूरा फायदा उठाएंगे। आपकी सेहत में गिरावट आने से आप परेशान रहेंगे। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। संतान को तरक्की करते देख आपको खुशी होगी। जीवनसाथी से यदि कुछ खटपट चल रही थी, तो वह बातचीत के जरिए दूर होती दिख रही है।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। आप अपनी शौक की चीजों की खरीदारी भी कर सकते हैं। जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। आपकी तरक्की देखकर आपके कुछ नए शत्रु उत्पन्न हो सकते हैं, जिनसे आपको बचना होगा। आप अपने बिजनेस में भी कुछ बदलाव करने की सोचेंगे, जो आपके लिए अच्छा रहेगा, लेकिन वरिष्ठ सदस्य यदि आपको कोई सलाह दें, तो आप उस पर पूरा ध्यान दें।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए बुद्धि और विवेक से काम लेने के लिए रहेगा। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी बनी रहेगी। आपको संयम और समझदारी से काम लेने की आवश्यकता है। आप अपने घरेलू खर्चों पर पूरा ध्यान दें और उन्हें बढ़ने ना दें। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह पूरा हो सकता है। बिजनेस में आपका डूबा हुआ धन मिलने की पूरी संभावना है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए अच्छा लाभ दिलाने वाला रहेगा। रचनात्मक कार्य से जुड़कर आप अच्छा नाम कमाएंगे और कला कौशल में सुधार आएगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। आपके निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी और आप शौक की चीजों पर अच्छा खर्च करेंगे। नौकरी में आपको प्रमोशन मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकती है, जिसे आप पूरा अवश्य करेंगे। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं। पैरों से संबंधित समस्या परेशान करेगी।

सिंह- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप अपनी सुख-सुविधाओं की चीजों और पारिवारिक जिम्मेदारियां पर भी पूरा ध्यान देंगे। आपको किसी कानूनी मामले में भी अच्छा धन खर्च करना पड़ सकता है। पैतृक संपत्ति को लेकर परिवार में कोई वाद-विवाद खड़ा हो सकता है। आप कोई भी काम सोच समझकर करें। आपका कोई पुराना लेनदेन आपको परेशान करेगा। आप अपने एक नए घर की खरीदारी करने की योजना बना रहे थे, तो उसमें आप कोई डील बहुत ही सोच समझकर फाइनल करें।

कन्या- आज का दिन आपके लिए खर्चो से भरा रहने वाला है। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप किसी से कोई वादा कर सकते हैं, जिसे आपको पूरा करना होगा। आपको कोई काम सौंपा जाएं, तो उसे पूरा मन लगाकर करें और आपको वाहनों के प्रयोग से बचना होगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को किसी पॉलिटिक्स का हिस्सा ना बने, नहीं तो बाद में आपको उसके लिए पछतावा होगा। आप अपनी आय के बढ़ने से खुश रहेंगे, लेकिन आपको खर्चो को कंट्रोल करने के बारे में भी सोचना होगा। शेयर मार्केट में धन लगाना आपके लिए अच्छा रहेगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। यदि आपके व्यवहार में कुछ बदलाव आ रहे हैं, तो आपको उन्हें निपटने की कोशिश करनी होगी। आपको परिवार के सदस्यों से नाराजगी झेलनी पड़ सकती है, लेकिन आप वाणी पर संयम रखें। संतान को तरक्की करते देख आपको खुशी होगी। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। विद्यार्थी किसी खेल की प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। राजनीति में कार्यरत लोगों के कामों से उनके सहयोगी खुश रहेंगे।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए अपने आसपास रह रहे शत्रुओं से सावधान रहना होगा। आपको अपने सगे संबंधियों का पूरा साथ मिलेगा। मित्रों से आप कोई अधिक जानकारी शेयर ना करें। कार्यक्षेत्र में आप पर कामों का दबाव अधिक रहेगा और आप किसी नए वाहन के खरीदारी कर सकते हैं, लेकिन आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको बड़े सदस्यों की बातों को अहमियत देनी होगी।

धनु- आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको कुछ बाहरी लोगों के संपर्क में आने से बचना होगा। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। भाई बहनों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। यदि काम में कोई नुकसान हो गया था, तो आपको अपने बॉस से डांट खानी पड़ सकती हैं। आपको किसी से बात बहुत ही सोच समझकर बोलनी होगी। आप अपने पारिवारिक समस्याओं को घर से बाहर न जाने दें। नौकरी को लेकर परेशान चल रहे लोग अपने किसी मित्र से बातचीत कर सकते हैं।

मकर- आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा, जो विद्यार्थी विदेश जाकर पढ़ाई करना चाहते हैं, उन्हें किसी संस्था से जुड़कर बाहर जाने का मौका मिल सकता है। आप अपने घर किसी पूजा-पाठ का आयोजन कर सकते हैं, जिसमें परिजनों का आना जाना लगा रहेगा। आप किसी से धन उधार ना लें, क्योंकि उस धन को उतारने में आपको समस्या आ सकती है। आपने यदि बिजनेस में कुछ बदलाव करने के बारे में सोचा था, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको कामों को लेकर यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको किसी धार्मिक कामों में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी लोगों से अच्छी जमेंगी। आप अपने किसी जरूरी काम को कल पर ना टालें और प्रेम जीवनजी रहे लोगों में कुछ खटपट होने की संभावना है, इसलिए किसी बाहरी व्यक्ति के रिश्ते में ज्यादा ना पड़े। आपको समझदारी दिखाते हुए अपने कामों को निपटाना होगा। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर जिम्मेदारियां कुछ अधिक रहेगी। जिन्हे लेकर आप थोड़ा परेशान तो रहेंगे।

मीन- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके ऊपर पारिवारिक समस्याओं के कारण मानसिक दबाव रहेगा। आपको कोई शारीरिक समस्या भी परेशान कर सकती है। आप यदि किसी काम को लेकर दोस्तों से बातचीत करेंगे, तो वह उसमें आपकी पूरी मदद कर सकते हैं। जीवनसाथी आपसे किसी बात को लेकर नाराज रहेंगे। आपकी आय में वृद्धि होगी और माताजी से आप कुछ पारिवारिक मुद्दों को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

सरकार का जादूः वादों की हवा में उड़ती परियाँ

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

गांव में विकास का सपना कुछ ऐसा है, जैसे बारिश का बादल–आसमान में घुमते रहते हैं, पर जमीन पर कभी नहीं बरसते। गांववालों ने तो इस इंतजार में एक नई कला विकसित कर ली हैः कैसे जीना है बिना सड़क के। अब तो वो हर मोड़ पर जीवन की एक नई गाथा लिखते हैं, जैसे कोई गाइडबुक हो–आपको यहाँ से सीधे कच्चे रास्ते पर जाना है, और फिर भेड़ों के झुंड से दाएं मुड़ना है। किसान अपने खेतों में तोड़ते हैं सपने, पर किसी ने बताया कि सरकार ने खेतों की समृद्धि योजना बनाई है? ये सुनकर उन्होंने सोचा–समृद्धि, वो तो दूर की बात है, हमारे पास तो खुद की जमीन नहीं है! बस, यहीं से शुरू होती है एक अद्भुत लॉटरी–किसका होगा खेत? एक नए गेम शो की शुरूआत! बिजली आई है, लेकिन गांव में उसे ढूंढना ऐसे है जैसे जंगल में टार्जऩ की तलाश करना। जब कभी कोई अधिकारी गांव में आता है, तो ऐसा लगता है जैसे चाँद पर आ गए हों–सभी चकित। सरकार का मतलब है हम ही, एक बूढ़ा कहता है। अब भला, अगर ये सरकार हैं, तो फिर बिजली के तार कहाँ हैं? शायद वो भी इधर-उधर घूमते होंगे, जैसे छुट्टी पर। गांववाले विकास की बात करते हैं, और नेता एक कहानी सुनाते हैं–किसान को चाहिए क्या? बस अच्छे सड़कें, शिक्षा, स्वास्थ्य, और... वो तो सपना है! अब भला, ये क्या होता है? गांव के लोग तो बस इतनी उम्मीद में हैं कि कोई ऐसे दाता आएगा, जो सड़कें फेंक दे–जैसे दिवाली पर मिठाई! महात्मा गांधी कहते थे, गांवों में भारत की आत्मा है। लेकिन इस गांव की आत्मा तो कहीं खो गई है–लगता है, किसी लघु फिल्म की स्क्रिप्ट लिखी जा रही है। स्वतंत्रता का जश्न मनाते हुए, यहां के लोग सोचते हैं, आजादी से ज्यादा जरूरी तो पानी है! राजनीति की बिसात पर गांववाले एक अद्भुत खेल खेलते हैं, जहां वादे तो बिछ जाते हैं, लेकिन हकीकत का खेल कभी शुरू नहीं होता। नेता कहते हैं, हम आपके लिए सब कुछ करेंगे! और गांववाले बस मुस्कुराते हैं–हमें तो ये बयानों की दाल-भात दे दो! उम्मीद की एक किरण हर सुबह उगती है–कभी कभी एक सफेद घोड़ा आता है, और गांववाले सोचते हैं, क्या ये वो है, जो हमारे लिए लाएगा विकास? लेकिन जब वो घोड़ा चूक जाता है, तो सब फिर से अपनी पत्तियों की तरह गिर जाते हैं। गांववालों का जज्बा है कि वे कभी हार नहीं मानते, पर यह सब सुनते-सुनते, क्या किसी दिन वे खुद को गांव का मंत्री बना लेंगे? इस चुटकुले के मंच पर विकास की कहानी न जाने कब सिरे चढ़ेगी, पर इतना तय है कि अगर कोई एक नारा हो, तो वो होगा–सड़क नहीं, सफर की कहानी! आखिरकार, यह कोई गांव की कहानी नहीं है, यह है सरकार और जनता की एक अद्भुत नाटक का मंच, जहां हर कोई अपनी भूमिका निभा रहा है। क्या कभी इस नाटक का मंचन खत्म होगा? शायद तभी, जब बिजली के तार खुद-ब-खुद गांव में आकर बोलेंगे–हम हैं, तुम्हारे विकास के साथी!

सलमान खान होंगे ब्रांड का चेहरा

जीआरएम ओवरसीज लिमिटेड, भारत में तेजी से बढ़ती एफएमसीजी कंपनी, ने अपने 10 ब्रांड के उत्पादों के लिए नई पैकेजिंग पेश की है, जिसमें बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान का चेहरा होगा। यह कदम कंपनी के ब्रांड को अधिक लोगों तक पहुँचाने और ग्राहकों के साथ संबंध मजबूत करने की दिशा में है। इस नई पैकेजिंग में सलमान खान को प्रमुखता से दिखाया जाएगा और इसे बासमती चावल, आटा और अन्य उत्पादों पर लागू किया जाएगा। नया डिजाइन आधुनिक और आकर्षक है, जो 10 ब्रांड की गुणवत्ता और प्रामाणिकता को दर्शाता है। यह पैकेजिंग ब्रांड की नई ऊर्जा को दिखाती है और उन उपभोक्ताओं को पसंद आएगी जो गुणवत्ता और विश्वसनीयता की मांग करते हैं। जीआरएम ओवरसीज के मैनेजिंग डायरेक्टर, अतुल गर्ग ने कहा, ₹हम सलमान खान के साथ नई पैकेजिंग पेश करके बहुत खुश हैं। सलमान मजबूत और विश्वसनीय व्यक्तित्व वाले हैं और वे हमारे ब्रांड के लिए एकदम सही चेहरा हैं। यह नया पैकेजिंग डिजाइन हमारे उत्पादों की उच्च गुणवत्ता का वादा है। हमें लगता है कि सलमान खान की उपस्थिति उपभोक्ताओं के बीच हमारे ब्रांड को और लोकप्रिय बनाएगी। यह नया पैकेजिंग डिजाइन जीआरएम की 10 ब्रांड को ताजगी देने और बाजार में उसकी पहचान बढ़ाने की योजना का हिस्सा है। सलमान खान की लोकप्रियता का फायदा उठाकर, जीआरएम विभिन्न उपभोक्ता समूहों, खासकर भारत और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, तक अपनी पहुँच बढ़ाना चाहता है। हाल ही में, कंपनी ने रेज कॉफी के मालिक स्वमभान कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड में बड़ा निवेश किया है। जीआरएम ने इस कंपनी में 44% हिस्सेदारी हासिल की है और यह भारतीय कॉफी बाजार में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। खाद्य उत्पादों जैसे चावल, आटा, मसाले, और खाद्य तेलों के साथ 1974 में स्थापित जीआरएम एक प्रभावशाली भारतीय कंपनी है, जिसका लक्ष्य अपने उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता के उत्पाद प्रदान करना है।

विश्व पर्यटन दिवस 27 सितंबर | डॉ. सूर्यकांत मिश्रा

रोजगार सृजन का बड़ा माध्यम है पर्यटन

आज से 54 वर्ष पूर्व ₹ यूनाइटेड नेशंस वर्ल्ड टूर ऑर्गेनाइजेशन ₹ ने पर्यटन कानून को स्वीकार किया था । इसकी शुरूआत संयुक्त राष्ट्र पर्यटन संगठन ने 1980 में की थी । विश्व पर्यटन दिवस की तारीख 27 सितंबर इसलिए तय की गई , क्योंकि इसी दिन इसे 1970 में कानूनी रूप दिया गया था । प्रतिवर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसकी एक थीम तैयार की जाती है , जो ज्यादातर पर्यावरण से संबंधित होती है । पहले विश्व पर्यटन दिवस को ₹ सांस्कृतिक विरासत तथा शांति और आपसी समझ के संरक्षण के लिए पर्यटन का योगदान ₹ के रूप में रखा गया था । वर्ष 2024 में हम 44 वें विश्व पर्यटन दिवस की पायदान पर खड़े नजर आ रहे हैं । पिछले वर्ष इसे ₹ पर्यटन और हरित निवेश ₹ थीम के साथ मनाया गया था । देखा जाए तो पर्यटन वस्तुतः खुद को आराम देने अर्थात हर प्रकार की चिंता से दूर रखने का प्रयास ही माना जा सकता है । इन दिनों पर्यटन पर निकला व्यक्ति अथवा परिवार अपनी दिनचर्या के विपरीत कुछ भी नियमित , नियंत्रित अथवा बंधा - बंधाया कार्य नहीं करता है । पर्यटन के दौरान व्यक्ति की दृष्टि और समझ का मुख्य स्थान होता है । इसी के आधार पर वह अपने समय और पर्यटन स्थल को आनंदमय बनाने में समय व्यतीत करता है । जैसे पहाड़ों पर रहने वाले लोगों के लिए मरुभूमि में ऊंट की सवारी अदभुत आनंद का पर्याय बन सकती है । इसी तरह समतल जगहों पर रहने वाले पहाड़ों पर जिस आनंद का अनुभव करते हैं वह अप्रतिम कहा जा सकता है । पर्यटन का महत्व इस कदर बढ़ चुका है कि अब भारतवर्ष सहित विश्व के समुद्र तटों पर भीड़ को देखते हुए कहा जा सकता है की समुद्र तट छोटे पड़ने लगे हैं !

पर्यटन का मानवीय जीवन में महत्व न तो पहले कम था और न ही आज कम है । यह एक ऐसी गतिविधि है जो मनुष्य को कुछ नया सीखने , मानवता को समृद्ध बनाने और जीवन के साथ समाज के लक्ष्य को ढूढने में सहायक होती है । बदलते सामाजिक मूल्यों के परिप्रेक्ष्य में पर्यटन के स्वरूप और प्रकार में बदलाव आया है । आधुनिक समाज में मनुष्यता का स्थान धन - दौलत ने ले लिया है ! अधिकार , संपदा , धन , अहम और उपभोग का महत्व आज समुदाय , सहिष्णुता , नम्रता , संवेदनशीलता और दयालुता से कहीं अधिक हो गया है ! परिणाम स्वरूप विश्व के सभी हिस्सों में अर्थव्यवस्था का स्वरूप बदला हुआ दिखाई पड़ रहा है ! देखा जाए तो पर्यटन विभिन्न भाषाओं , संस्कृतियों , लोक - साहित्य , इतिहास एवं घटनाओं के विषय में जानकारी एकत्र करने का सबसे अच्छा साधन है । आर्थिक दृष्टिकोण से विचार किया जाए तो पर्यटन किसी भी देश की रीढ़ की हड्डी होती है , जो अर्थव्यवस्था को जीवित रखने में बड़ा योगदान करती है । साथ ही लाखों - करोड़ों लोगों को जीवन यापन के क्षेत्र में रोजगार के साधन भी मुहैया कराती है । हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि पर्यटन जहां मानवीय जीवन में विकास के विभिन्न मार्गों को खोलता है , वहीं इसके कुछ नुकसान भी मानवीय जीवन को प्रभावित करते हैं । उदाहरण के रूप में यदि पर्यटन की सुविधा न होती तो चीन के बुहान शहर से शुरू हुई कोरोना महामारी बुहान से शुरू होकर वहीं दम तोड़ देती ।

हमारा भारतवर्ष एक धार्मिक देश कहा जा सकता है । यही कारण है कि यहां पर्यटन नहीं तीर्थाटन शब्द ज्यादा चलन में है । हमारा देश अलग - अलग सभ्यता - संस्कृति के चलते धनी देश भी माना जाता है । हर कदम हमारे देश में भाषाएं , बोलियां , रीति - रिवाज में अंतर आ जाता है । बावजूद इसके भारतवासी आपस में मिल - जुलकर रहते हैं । भारतवर्ष में चारों दिशाओं अथवा हर राज्य में तीर्थ स्थलों की भरमार है । देश - विदेश के हर कोने से पर्यटकों का यहां आना - जाना लगा रहता है । प्रत्येक पर्यटन अर्थात तीर्थ स्थल अपने आप में अनोखेपन के चलते अलग वातावरण , मौसम एवं प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण है ! इसी के कारण लोगो में आपसी सौहाद्र की भावना बनी रहती है । लोग एक - दूसरे प्रदेश के रहवासियों को समझ पाते हैं । उनकी संस्कृति का दर्शन कर पाते हैं । हमारे देश की सरकार ने ₹ देखो अपना देश ₹ योजना की शुरूआत पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ही की है । इस योजना

एक नजर

कुरुद दशहरा महोत्सव की तैयारी को लेकर हुई बैठक

कुरूद, 26 सितंबर। नवरात्रि से लेकर विजयदशमी तक कुरूद में होंगे विभिन्न धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन संचालन समिति के बैठक में हुआ सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए प्रतिवर्ष कुरूद के परम्परानुसार विजया दशमीआयोजन का 25 वाँ रजत जयंती वर्ष मनाने के लिए महोत्सव समिति द्वारा भव्य आयोजन करने के लिए 22 सितंबर को मंगल भवन कुरूद में समिति के प्रबंध कमेटी, पदाधिकारियों एवं महोत्सव समिति के प्रभारियों-सदस्यों के बीच × अक्टूबर नवरात्र से शुरू हो रहे 12 अक्टूबर दशहरा तक 6 सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन करने का सर्वसम्मति से निर्णय किया गया और आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ी कार्यक्रमों से संपर्क कर जल्द से तारीख़ घोषित करने की ज़िम्मेदारी महासचिव भानु चन्द्राकर को सौंपा गया दशहरा के दिन अभिव्यक्ति कला मंच द्वारा शाम 7 बजे से 9 बजे तक राम लीला मंचन, पश्चात 9.×0 तक रावण दहन कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक आयोजन करने निर्णय लिया गया, विशेष आकर्षण मे कुरूद के गणेश समितियों के सदस्यों द्वारा नगर के श्रीराम मंदिर परिसर से खेल मैदान तक शाम 5 बजे से 7 बजे तक बैण्ड एवं रामधुनी मंडली, रावत नाचा के साथ श्री राम लक्ष्मण परिवार की विशेष आकर्षण झांकी निकाला जायेगा, दशहरा मैदान मे प्रत्येक आयोजन में विशेष आतिशबाजी एवं नवरात्रि से दशहरा तक मीना बाज़ार सहित विभिन्न कार्यक्रम करने के लिए निर्णय हुआ महोत्सव समिति से जुड़े मुख्य संरक्षक मा. अजय चन्द्राकर विधायक कुरूद, तपन चन्द्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद, नगर पंचायत कुरूद पूर्व अध्यक्षों में राजकुमारी दिवान निरंजन सिन्हा ,'योति चन्द्राकर जी, रविकान्त चन्द्राकर , सहित 8 संरक्षकगण बनाये गये, महोत्सव समिति के अध्यक्ष स्वर्गीय कुशल सुखरामनी के स्वर्गवासी होने के कारण संस्था के वरिष्ठ एवं प्रबंधन कमेटी के प्रमुख पदाधिकारी सम्मानिय अनिल चन्द्राकर को सर्व सम्मति से अध्यक्ष बनाने समिति के महासचिव भानु चन्द्राकर द्वारा प्रस्ताव एवं समर्थन कोषाध्यक्ष बसंत सिन्हा द्वारा किया गया, जिसे सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से सहमति प्रदान किये, आयोजन में बाक़ी पदाधिकारियों एवं प्रभारियों सहित महोत्सव समिति के समस्त पदाधिकारी-सदस्यगण प्रभारीगण, नगर पंचायत के वर्तमान पार्षदगण एवं पूर्व पार्षदगण, नगर के समस्त मिडिया के साथीगण, सेवाभावी वरिष्ठ गणमान्य नागरिकगण महोत्सव संचालन समिति के सदस्य होंगे जो कि पूर्व की भाँति यथावत रखा गया है ! रजत जयंती दशहरा महोत्सव को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए विभिन्न उपसमिति बनाकर प्रभारी एवं सदस्य बनाये गये है कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने संस्था को मार्गदर्शन प्रदान करने बैठक में महोत्सव समिति के पदाधिकारीगण- सदस्यगणो मे आयोजन समिति अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर, महासचिव भानु चन्द्राकर, कोषाध्यक्ष बसंत सिन्हा, पार्षदगण मनीष साहु, मनोज पिंटू अग्रवाल, पूर्व पार्षदगण सुनिल चन्द्राकर, विनोद चन्द्राकर, भारत भूषण पंचायन, उपसमिति प्रभारीगण, मुलचंद सिन्हा, शेखर चन्द्राकर, योगेन्द्र सिन्हा, भोजराज चन्द्राकर, प्रभात बैस, कोमल साहु, संजु चन्द्राकर, अजय कुमार, संतोष बैस, कमल शर्मा, मुकेश पवार, भारत ठाकुर, खिलेन्द्र देवांगन, दुष्यंत देवांगन, भूपेन्द्र छोटू, किशोर साहु उपस्थित थे।

सीईओ जिला पंचायत ने छात्रावास, आश्रमों के अधीक्षकों की ली बैठक

दंतेवाड़ा, 26 सितंबर । कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार आज जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार विश्वरंजन के द्वारा छात्रावास, आश्रमों, विशिष्ट संस्था, अशासकीय संस्थाओं की आवश्यक व्यवस्थाओं एवं ग्राम स्वरोजगार एसईवीपी योजनान्तर्गत हितग्राहियों को वितरित की गई ऋण राशि के संबंध में आवश्यक बैठक जिला पंचायत दंतेवाड़ा के सभा कक्ष में आहूत की गई है। बैठक के दौरान सीईओ श्री बिश्वरंजन ने अधीक्षक, अधीक्षिकाओं के संस्थाओं में ही रात्रि निवास करने के संबंध में, छात्र, छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने, संस्था में पौष्टिक आहार मेन्यू अनुसार प्रदाय करने का निर्देश देते हुए संस्था में निर्धारित पंजियों, अभिलेखों के अद्यतन संधारण, संस्था के पोषण वाटिका ,अधीक्षक, अधीक्षिकाओं के कालखण्ड, अध्यापन कार्य, शिष्यवृत्ति राशि के 15 प्रतिशत से बच्चों के आवश्यकतानुसार सामग्री देने, मंडल संयोजक के प्रतिमाह निरीक्षण, संस्था के शौचालय, स्नानागार, परिसर आदि की साफ-सफाई, पालक, विद्यार्थी एवं अधीक्षको के मध्य सामंजस्य स्थापित करने हेतु प्रत्येक माह पालक-बालक सम्मेलन के आयोजन तथा अधीक्षकों द्वारा छात्र, छात्राओं के शैक्षणिक गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा। बैठक में आदिवासी विकास विभाग उपायुक्त श्री के. एस मसराम, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस. के. अम्बस्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

आंगनबाड़ी केंद्र में अव्यवस्था

दंतेवाड़ा, 26 सितंबर । एकीकृत बाल विकास परियोजना दंतेवाड़ा के सेक्टर भोगाम में आंगनबाड़ी केन्द्र पुरनतराई स्कूल पारा में अनुविभागीय अधिकारी श्री जयंत नाहटा के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान उपस्थित बच्चों एवं उपस्थिति पंजी, पोषण ट्रैकर ऐप में दर्ज उपस्थिति में अंतर पाये जाने, आं0बा0 में अव्यवस्था, साफ-सफाई नहीं होने के कारण कारण बताओ सूचना जारी कर, आं0बा0 केन्द्र को सुव्यवस्थित करने का अवसर प्रदान किया गया। किंतु दुसरे बार भी औचक निरीक्षण में भी अव्यवस्था व उचित रूप से आंगनबाड़ी संचालित नहीं किये जाने के कारण मूल्यांकन समिति के अनुशंसा व जिला कार्यक्रम अधिकारी के अनुमोदन के द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के भर्ती नियमानुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती मंदोदरी नाग, पुरनतराई स्कूल पारा को 24 सितंबर 2024 को सेवा से पृथक किया गया है

पांडुका वन परिक्षेत्र तौरेंगा जलाशय व आस-पास के जंगलों में चलाया गया सफाई अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम/पांडुका,26 सितंबर। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान के तहत वन परिक्षेत्र पांडुका के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत तौरेंगा के जलाशय के आसपास वन परिक्षेत्र पांडुका के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने यह स्वच्छता अभियान चलाया है जिसमें तौरंगा जलाशय के आसपास जंगलों में फैले कूड़ा करकट डिस्पोजल झिल्ली पत्तल शराब की बोतल जिसे विभिन्न प्रकार की गंदगी को साफ सफाई करने और वन भूमि को सनरक्षित और सुरक्षित करने के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा यह पहली बार स्वच्छता अभियान चलाया गया ।स्वच्छता कार्यक्रम के पहले बिट गॉर्ड सांकरा लोकेश श्रीवास द्वारा सभी को स्वच्छता का शपथ दिलाया गया जिसमें वन विभाग के अधिकारियों सहित पूरे परिक्षेत्र के बिट गार्ड डिप्टी रेंजर सहित चौकीदार वह ग्राम पंचायत तौरेंगा के ग्रामीण भी शामिल हुए बता दे की तौरंगा जलाशय के आसपास जतमई माता के दर्शन को आने वाले पिकनिक मनाने वालों की साल भर भीड़ लगी रहती है और यहां पसरी गंदगी से वातावरण में बदबू का आलम रहता है। जिसके तहत यहां स्वच्छता के तहत कार्यक्रम चलाया गया है जिसमें वन परिक्षेत्र पांडुका के डिप्टी रेंजर वीरेंद्र ध्रुव ,डिप्टी रेंजर टिकेश्वर गिरी ,वन पाल कमल साहू ,बिटगार्ड लोकेश श्रीवास नरेंद्र साहू ,घनश्याम ध्रुव, राहुल श्रीवास ,ललित साहू, घनश्याम साहू ,रामकुमार साहू ,प्रवीण दीवान ,वन प्रबंधक तारण सिंह,चौकीदार दिनेश विश्वकर्मा ,कलेश यादव, पुरूषोतम साहू सहित ग्राम पंचायत तौरेंगा के महिलाएं एवं युवा शामिल हुए ।

जनहित के मुद्दों को लेकर जनता कांग्रेस ने प्रदर्शन कर सभी समस्याओं के निराकरण की मांग की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा,26 सितंबर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के द्वारा सुकमा की समस्या को लेकर जिला मुख्यालय स्थित बस स्टैंड परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौप। इस दौरान जनता कांग्रेस छ ग जे के पदाधिकारीयों के रूप बस्तर संभाग अध्यक्ष नवनीत चाँद, प्रदेश उपाध्यक्ष टांकेश्वर भारद्वाज , जिला अध्यक्ष सुकमा पी. प्रसाद राजू, संभागीय सचिव सुब्बा राव, जगदलपुर विधानसभा अध्यक्ष संतोष सिंह, जिला महामंत्री देवेंद्र तेलाम, धर्मेंद्र सिंह, नगर अध्यक्ष सुंदर गुप्ता, लच्छू टाटी, कवासी संतोष, पंडू कवासी आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इन समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन -जनता कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष पी प्रसाद राजू ने कहा कि पार्टी द्वारा सुकमा में बुनियादी समस्याओं के निवारण हेतु संघर्ष जारी है, इसी क्रम में हमने समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराने अब उसके निदान के लिए मांगो कि सूची बनाई है, और उसकी निराकरण के लिए हमारे द्वारा धरना भी दिया गया हमने मांगों को संबंधित प्रशासन के सामने रख दिया है, उम्मीद है जल्दी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। हमारी मांगों में मुख्य रुप से वार्ड क्रमांक 14 में गली नंबर 3, 4 में बारिश के पानी से निकासी की समस्या एवं वहां नाली निर्माण एवं सुकमा में आए बाढ़ से प्रभावित लोगों को उचित मुआवजा देने के साथ रंगाराज वार्ड में सीसी सड़क निर्माण। इसी तरह वार्ड क्रमांक 6 में पटनमपारा से लेकर कृष्ण राजू के खेत तक सीसी सड़क की मांग, कोंटा में अवैध रेत उत्खनन व अवैध परिवहन रोकने की मांग के साथ कोंटा के डूबान क्षेत्र का सर्वे कर वहां बचाव हेतु बाढ़ बनाने निर्माण करने जैसे जनहित मांग है। जनता कांग्रेस के संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद ने कहा कि सुकमा के मूलभूत समस्या को लेकर आज एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया हैं। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय में ही बुनियादी सुविधा का अभाव है, ऐसे में उन सभी समस्याओं को तत्काल निराकरण करने की मांग प्रशासन के समक्ष रखी है, उन्होंने कहा कि जल्द ही इन समस्याओं का निराकरण नहीं होगा तो आने वाले समय में पार्टी के द्वारा इससे भी बड़े आंदोलन का विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

हिमांशु कुंजाम को मिली मास्टर आफ ला की उपाधि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 26 सितंबर। भारत का नम्बर वन भारतीय राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय बैंगलोर जहाँ कानून की पढ़ाई करने वाले उत्कृष्ट छात्रों का चयन होता है, यह विश्वविद्यालय में क्लैट की परीक्षा में टॉपर छात्रों का ही चयन होता है। वर्ष 2022 को क्लैट परीक्षा देकर नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी बैंगलोर मे चयन हुआ था । एक वर्षीय एलएलएम की डिग्री की पढ़ाई पूर्ण कर दिनांक 22 सितम्बर 2024 को नेशनल लॉ विश्वविद्यालय बैंगलोर में आयोजित दीक्षांत समारोह में पहुंचे कुलाधिपति (ष्टद्धड्डठ्ठष्द्गद्यद्यश्रह्) भारत के मुख्य न्यायाधीश डॉ. डी.वाय चंद्रचूड जी के हाथों से मास्टर ऑफ लॉ (रूरू) की डिग्री प्राप्त किया।

ऐसे बहुत ही कम लोग है कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के व्दारा सम्मानित होते है, इससे बड़ी गरिमा लॉ के विद्यार्थी के लिए और कुछ हो ही नहीं सकता। यह सुकमा ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ प्रदेश के लिए गौरव की बात है, इस नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी बैंगलोर में पूरे भारत देश से रूरू के लिए 100 बच्चे ही चयन होते है । कॉलेज में हर स्ट्रीम से छत्तीसगढ से पूर्व में या फिर वर्तमान में शायद गिनती के 8-9 बच्चो चयन होते है, और रूरू में 2-3 बच्चो का ही चयन हो पाता है ।अन्यथा ना के बराबर छत्तीसगढ से चयन होते है, इसमे से एक हिमांशु कुंजाम है ,जो उस यूनिवर्सिटी में चयन होकर मास्टर ऑफ लॉ की उपाधि हासिल कर भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डॉ. डी.वाय. चंद्रचूड के व्दारा सम्मानित हुआ।

कलेक्टर ने मृदा नमूना संग्रहण और मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण प्रक्रिया का लिया जायजा

सुकमा,26 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने कलेक्ट्रेट परिसर सुकमा में मृदा नमूना संग्रहण और मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण प्रक्रिया की जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मृदा नमूना संग्रहण की प्रक्रिया के सभी पहलुओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने संपूर्णता अभियान के अंतर्गत किसानों तक मृदा स्वास्थ्य कार्ड समय पर पहुँचाने और इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने पर बल दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के फायदों के बारे में जागरूक किया जाए और अधिकतम किसानों तक इसका लाभ पहुँचाया जाए।कलेक्टर ने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि सभी कृषि अधिकारियों द्वारा किसानों के साथ नियमित बैठकें आयोजित की जाएं, जहां उन्हें मृदा स्वास्थ्य कार्ड के लाभों के बारे में जागरूक किया जाए। इस दौरान उप-संचालक कृषि, सहायक संचालक कृषि, और सुकमा विकासखंड के समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित थे।उप-संचालक कृषि श्री पीआर बघेल ने बताया कि संपूर्णता अभियान के तहत जिले में मृदा नमूना संग्रहण कर टेस्ट के पश्चात किसानों को स्वाइल कार्ड वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मृदा नमूना संग्रहण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके अंतर्गत खेतों से मृदा (मिट्टी) के नमूने लिए जाते हैं ताकि उसकी रासायनिक, भौतिक और जैविक गुणवत्ता का विश्लेषण किया जा सके। इस विश्लेषण के आधार पर किसानों को उनकी मिट्टी की सेहत के बारे में जानकारी दी जाती है, जिससे वे अपनी खेती में सही खाद और उर्वरक का उपयोग कर सकें।

कलेक्टर ने किया गीदम ब्लाक की विभिन्न पंचायतों का दौरा

दंतेवाड़ा, 26 सितम्बर । कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज गीदम विकासखंड के अंतर्गत कारली, बड़े पनेड़ा, जावंगा, पोटाकेबिन गुमड़ा पंचायत का आकस्मिक दौरा किया। दौरे के प्रथम क्रम में उन्होंने कारली, छोटे तुमनार के उप स्वास्थ्य केंद्र में लगे शिविर का निरीक्षण किया और निर्देश देते हुए कहा कि शिविर में अधिक से अधिक संख्या में आयुष्मान कार्ड बनाया जाए ताकि आम जनों को शासन की इस महत्वपूर्ण लाभकारी योजना से लाभान्वित हो सके। इसके पश्चात उन्होंने बड़े पनेड़ा के आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थित हितग्राहियों से चर्चा करते हुए कहा कि उनसे पोषण माह अंतर्गत आयोजित गतिविधियों के बारे में पूछा। इसके अलावा उन्होंने सुपोषण अभियान अंतर्गत लाभ लेने वाले हितग्राहियों से आंगनबाड़ियों में दिए जाने वाले ''यूनिवर्सल'' अंडा वितरण के बारे में जानकारी लेते हुए नियमित प्रदाय की जानकारी चाही। साथ ही उन्होंने उनसे प्रतिदिन आंगनबाड़ी केंद्र आकर सुपोषण योजना के लाभ लेने के लिए समझाइश दी। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित पर्यवेक्षक और परियोजना अधिकारी को पोषण वाटिका लगाने के लिए निर्देशित किया गया साथ ही पोषण माह थीम वार आयोजित करने को भी कहा। इसके पश्चात कलेक्टर ने जावंगा स्थित एफआरए क्लस्टर का निरीक्षण किया और एफआरए क्लस्टर क्षेत्र जावंगा में जंगल झाड़ियों को साफ-सफाई कर हल्दी एवं पपीता के पौधे एक सप्ताह में लगाने के कार्य को पूर्ण करने के लिए कहा। इसके साथ ही उन्होंने मुर्गी शेड, डबरी निर्माण, गाय शेड निर्माण कर हितग्राहियों को इसमें जोड़कर आजीविका गतिविधियों के साधन तैयार करने का निर्देश देते हुए वृक्षारोपण हेतु पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कर सोलर सिस्टम या बिजली से सिंचाई करने, और हितग्राहियों को मछली पालन हेतु प्रशिक्षण प्रदान की व्यवस्था करने को भी कहा। इसके साथ ही कलेक्टर ने ग्राम झोड़ियाबाड़म में मिर्च प्लान्टेषन का भी अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।कलेक्टर ने इस दौरान ग्राम गुमड़ा में संचालित पोटाकेबिन का भी निरीक्षण करते हुए बालक अवधारणा कक्ष का अवलोकन किया। यहां उन्होंने शिक्षकों के द्वारा बच्चों को कराई जा रही गतिविधियों को भी देखा। इस पोटाकेबिन में छात्रों द्वारा ''बाला पेंटिंग'' के द्वारा विभिन्न प्रकार की आकृतियों का उपयोग कर बच्चों को पढ़ाए जाने संबंधी गतिविधियां की जा रही है। इसके अलावा कलेक्टर ने पोटाकेबिन की नियमित साफ-सफाई के संबंध में अधीक्षक को निर्देश दिए।इसके साथ ही कलेक्टर ने स्वच्छता ही सेवा 2024 अंतर्गत आयोजित स्वच्छ इंटर स्कूल प्रतियोगिता के तहत स्वच्छता रंगोली, स्वच्छता ड्राइंग, स्वच्छता निबंध कार्यक्रम का भी अवलोकन किया। इस प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद स्कूल गीदम के छात्रों द्वारा उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों एवं समस्त छात्रों को स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। कलेक्टर ने इस मौके पर विजेताओं को 2 अक्टूबर स्वच्छ भारत दिवस पर नगर पंचायत कार्यालय में पुरस्कृत करने के निर्देश दिए। इस निरीक्षण भ्रमण के दौरान एसडीएम गीदम, जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

महिलाओं के सपनों को साकार करने जनपद छिंदगढ़ में विजनिंग कार्यशाला

सुकमा,26 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के निर्देशन में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्यों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, जनपद छिंदगढ़ में 19 से 21 सितंबर 2024, तीन दिवसीय विज़निंग की कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें संवेदना महिला क्लस्टर में एसएचजी सदस्यों की आकांक्षाओं और लक्ष्यों को मैप करने के लिए पहला व्यापक प्रयास किया गया।कार्यशाला ने समुदाय से अलग-अलग आवाज़ों को एक साथ लाया, जिससे सदस्यों को अपने सपनों और चुनौतियों को व्यक्त करने के लिए एक मंच मिला। इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से, प्रतिभागियों ने सहयोगात्मक गतिविधियों में भाग लिया, जिसने विचार-मंथन और विचार-साझाकरण को प्रोत्साहित किया। उन्होंने आजीविका, कौशल बढ़ाने, सामाजिक अधिकारों, स्वास्थ्य, लैंगिक समानता और शिक्षा जेसे मुद्दों पर अपने सपनो को स्पष्ट किया - सभी ने स्थायी सामुदायिक पहलों का निर्माण किया।ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया अमन जैन प्रैक्टिशनर और ध्रुवी मेहता व परिधि शर्मा एसोसिएट प्रैक्टिशनर और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर एडीईओ से चर्चा किया। जिससे सदस्यों को सामान्य आकांक्षाओं की पहचान करने में मदद मिली। साथ में, उन्होंने भविष्य के लिए एक सामूहिक विज़न बनाने पर ध्यान केंद्रित किया। कार्यशाला के अंत तक, प्रतिभागियों ने मिलकर एक रोडमैप तैयार किया था, जिसे इस विज़निंग प्रक्रिया को अपने क्लस्टर-लेवल फेडरेशन के सभी सदस्यों तक विस्तारित करने के लिए डिज़ाइन किया गया था, जिसमें उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कार्रवाई योग्य कदमों की रूपरेखा दी गई थी। इस विज़निंग कार्यशाला ने स्व सहायता समूह के सदस्यों को सशक्त बनाया, बल्कि समुदाय के भीतर एकता और उद्देश्य की एक मजबूत भावना को भी बढ़ावा दिया। जैसे-जैसे ये महिलाएँ अपनी योजनाओं के साथ आगे बढ़ती हैं, वे अपने साथ आशा और दृढ़ संकल्प की एक नई भावना लेकर चलती हैं, जो अपनी आकांक्षाओं को वास्तविकता में बदलने के लिए तैयार होती हैं।

बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर दें विशेष ध्यान:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 26 सितंबर कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने शुक्रवार को केरलापाल स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केरलापल और विकासखण्ड कोंटा अंतर्गत पीएमश्री आवासीय विद्यालय कन्या पोटाकेबिन पेदाकुरती और शासकीय प्राथमिक शाला मुरलीगुड़ा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री ध्रुव ने स्कूल में साइकिल वितरण, शिक्षा हेतु उपयोग स्मार्ट टीवी का जायजा लिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं के देश दुनिया की जानकारी हेतु नियमित रूप से समाचार पत्र उपल्ब्ध कराने कहा। उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी ली और लैब कक्ष का निरीक्षण कर नियमित रूप से उपयोग के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री ध्रुव ने पिछले वर्ष की परीक्षा परिणाम की भी जानकारी ली । इसके पश्चात् स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया पीएचसी में कलेक्टर ने ओपीडी और आईपीडी सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने एएनएम की उपस्थिति और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। लेबर रूम का भी निरीक्षण किया और स्वास्थ केंद्रो में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने मरीजों से रूबरू होकर कुशलक्षेम जाना। इसके साथ ही स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देशित किए। इस निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने क्षेत्र के विकास और सेवाओं की गुणवत्ता पर लगातार निगरानी बनाए रखने पर जोर देने को कहा। कलेक्टर बच्चों से हुए रूबरू-पीएमश्री कन्या आवासीय पोटाकेबिन पेदाकुरती में छात्राओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने छात्राओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। आवासीय पोटाकेबिन में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर सुविधा के लिए बच्चों की स्वास्थ की जांच कराने को कहा। साथ ही एसडीएम, तहसीलदार सहित मैदानी अधिकारियों के दूरभाष नंबर सूचना पटल पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए, ताकि छात्राओं को किसी आपात स्थिति में आसानी से संपर्क किया जा सके। कलेक्टर ने पोटाकेबिन में लाईट और पानी की उचित व्यवस्था की समीक्षा की और किचन गार्डन के बेहतर प्रबंधन पर जोर दिया। उन्होंने मेनू में सुधार कर बच्चों को पोषक भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए, ताकि छात्राओं का संपूर्ण विकास सुनिश्चित हो सके। शासकीय विद्यालयों में बेहतर व्यवस्था की सराहना, बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर दिए विशेष निर्देश शासकीय प्राथमिक शाला मुरलीगुड़ा और बालक आवासीय विद्यालय पोटाकेबीन कोंटा का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालयों की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पोटाकेबीन कोंटा में शयन कक्ष और लायब्रेरी का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास की साफ-सफाई और सुविधाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। बच्चों को बेहतर वातावरण प्रदान करने की दिशा में और सुधार के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि वे बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाएं और सुनिश्चित करें कि उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं मिलती रहें। शासकीय प्राथमिक शाला मुरलीगुड़ा में शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा देते हेतु कक्ष में बच्चों को बेहतर वातावरण प्रदान करने की दिशा में की गई पेंटिंग को देखते हुए कलेक्टर ने शिक्षक सदाकत अली की प्रयासों की तारीफ की।

जिला स्तरीय समिति ने किया जिला जेल का निरीक्षण

सुकमा, 26 सितंबर । उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के दिये गये निर्देशो के संदर्भ में गठित जिला स्तरीय जेल निरीक्षण समिति के द्वारा शुक्रवार को जेल में निवासरत् निरूद्ध नाबालिक के संबंध में जिला जेल सुकमा का निरीक्षण किया गाया।18 वर्ष से कम उम्र के विचारधीन बंदी जेल में न होए इसका सत्यापन करने विशेषज्ञ समिति ने जिला जेल सुकमा का निरीक्षण किया। जेल में निरुद्ध बंदियों से पूछताछ कर उम्र की जानकारी ली गई। ज्ञात हो कि सुप्रीमकोर्ट के निर्देशों पर जेल में रह रहे विचारधीन बंदियों जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम तो नहींए कही त्रुटिवश नाबालिगों को तो जेल में निरुद्ध नही रखा गया है। इसका सत्यापन किया जा रहा है। इसके लिए शासन के निर्देशानुसार जिले में जेल निरीक्षण समिति का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष श्री कैलाश जैन ;अधिवक्ता जिला बाल संरक्षण इकाई सुकमा से जिला बाल संरक्षण अधिकारी जितेन्द्र सिंह बघेल, विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी चंद्र किशोर बघेल, उप पुलिस अधीक्षक एवं नोडल अधिकारी, विशेष किशोर पुलिस इकाई श्री कृष्ण कांत विशनोई सुकमा द्वारा प्रत्येक बंदियो के उम्र की जानकारी ली। जिसमें भौतिक रूप से 06 विचारधीन बंदीयो को प्रथम दृष्टया चिन्हांकित किया गया।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता ही सेवा अभियान से जागरूकता की नई लहर

सुकमा, 26 सितंबर । कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में और सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024 तक जिले में बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। स्वच्छता रैली, स्वच्छता शपथ, गांव-गांव में स्वच्छता जागरूकता संवाद, युवाओं को स्वच्छता कार्यक्रम से जोड़ना, एक पेड़ मां के नाम जैसे रचनात्मक कार्यक्रमों से लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही स्वच्छता चौपाल, ग्राम सभा, हाथ धुलाई कार्यक्रम, सामूहिक श्रमदान, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता रंगोली, और स्वच्छता निबंध और भाषण प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं। इन सभी गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व को समझाया जा रहा है। कार्यक्रम में संबंधित गांव के शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन स्वास्थ्य कार्यकर्ता, गांव के जनप्रतिनिधि, स्व सहायता समूह की महिलाएं और गांव के स्वच्छदूत भी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

एक नजर

करणी कृपा पावर प्लांट हादसे पर सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को नोटिस

महासमुंद 26 सितंबर । करणी कृपा पावर प्लांट ग्राम खैरझिटी, महासमुंद में मजदूरों के साथ हुई दुर्घटना के संबंध में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने विलंब से जानकारी देने के संबंध में सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, कक्ष क्रमांक 22. पुराना कलेक्ट्रेट कार्यालय, कलेक्ट्रेट परिसर जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है तथा 03 दिवस के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करने कहा गया है।ज्ञात है कि करणी कृपा पावर प्लांट खैरझिटी तहसील व जिला महासमुन्द में 08 सितंबर 2024 को दुर्घटना घटित होने से 03 मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिसकी सूचना प्रबंधन द्वारा पुलिस /जिला प्रशासन को नहीं दी गई थी। विलंब से जानकारी देने के संबंध में सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को 03 दिवस के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करने के आदेश दिए हैं, कलेक्टर ने कहा कि कि क्यों न आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावे। ज्ञात है कि 22 सितंबर 2024 को सोशल मीडिया एवं अखबारों में उक्ताशय की खबर प्रकाशित होने पर फैक्ट्री में हुई दुर्घटना की सूचना जिला प्रशासन को प्राप्त हुई। तत्पश्चात इस कार्यालय द्वारा दुर्घटना की जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महासमुन्द, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र महासमुंद एवं श्रम पदाधिकारी महासमुन्द की टीम गठित कर दिनांक 23 सितंबर 2024 को फैक्ट्री में जांच कर प्रतिवेदन समक्ष में प्रस्तुत किया गया। जिसमें ज्ञात हुआ कि 13 सितंबर 2024 को आपके द्वारा महासमुंद जिले में उपस्थित होकर करणी कृपा पावर प्लांट ग्राम खैरझिटी में दुर्घटना की जांच की गई, जिसकी सूचना जिला प्रशासन को नहीं दी गई। 23 सितंबर 2024 को जिला प्रशासन टीम द्वारा जांच के पश्चात् आपके कार्यालय द्वारा मुख्य कारखाना निरीक्षक सह श्रमायुक्त को दुर्घटना की सूचना देते हुए इस कार्यालय को प्रतिलिपि प्रेषित की गई है। चूंकि उक्त गंभीर दुर्घटना आपके संज्ञान में होने के बावजूद आपके द्वारा इसकी सूचना जिला प्रशासन को नहीं दिया गया। जिससे सोशल मीडिया एवं अखबारों में जिला प्रशासन की छवि धूमिल हुई है।

70 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 600 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद

महासमुंद 26 सितम्बर । अवैध रूप से आसवित कच्ची शराब के सेवन से संभावित जनहानि को रोकने तथा आबकारी राजस्व की सुरक्षा के लिए कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देश के अनुक्रम में आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के विरुद्ध सतत कार्रवाई की जा रही है।बुधवार को आबकारी नियंत्रण कक्ष बसना में मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि बसना थानान्तर्गत ग्राम जमड़ी के झोरकी नाला के किनारे बांस एवं नीम पेड़ के नीचे कुछ लोगां द्वारा विक्रय हेतु काफी शराब का निर्माण किया जा रहा है। सूचना के आधार पर संयुक्त आबकारी टीम बसना एवं सरायपाली द्वारा दबिश दी गयी। उक्त नाला के पास तलाशी ली जाने पर एक नग चढ़ी भट्टी से मदिरा निर्माण कार्य जारी होना पाया गया।

मौक़े पर 70 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब कीमत 14000 रुपए, 600 किलोग्राम महुआ लाहन कीमत 30000 रुपए तथा एक सेट मदिरा निर्माण सामग्री बरामद हुआ, जिसे विधिवत कब्जे आबकारी लिया गया।

आबकारी टीम को देख आरोपी वहां से फरार हो गए। आरोपी की पतासाजी की गई, कोई पता नहीं चलने पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (1)क, च, इ एवं 34(2) आब. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लेते हुए आरोपी की पतासाजी की जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही नितेश सिंह बैंस आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त बसना एवं दरसराम सोनी आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त सरायपाली की संयुक्त टीम द्वारा की गयी, जिसमे आबकारी स्टाफ उपस्थित रहे।

क्षेत्र में जवान स्वच्छता की अलख जगा रहे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 26 सितंबर। देशभर में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चल रहे स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत उसूर क्षेत्र में भव्य तरीके से सी. आर. पी. एफ.196 वी वाहिनी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है इस अवसर पर एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया ।सी.आर.पी.एफ 196 वी वाहिनी के कमांडेंट श्री कुमार मनीष के मार्गदर्शन से एफ/196 वाहिनी के सहायक कमांडेंट श्री संतोष कुमार पटेल के नेतृत्व में श्री प्रमोद कश्यप थाना प्रभारी उसूर , डॉ विनीत जून,स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्रधानाचार्य नागेश्वर झाड़ी, जनपद प्राथमिक शाला के प्रधानाध्यापक, छात्र-छात्राओं एवं श्रीमती सरोजिनी कट्टम जनपद सदस्य उसूर, ग्राम सरपंच श्री भीमा कट्टम और ग्रामीणों के साथ मिलकर क्षेत्र के अस्पताल,स्कूल, स्थानीय बाजार, ग्राम की गलियों में नालो में श्रमदान किया। इस पहल ने क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्वामी आत्मानंद स्कूल एवं प्राथमिक शाला उसूर के छात्राओं द्वारा स्वच्छता पर निबंध ,पेंटिंग आदि प्रतियोगिता की गई जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विगत वर्षों से सीआरपीएफ 196 वी वहिनी बीजापुर जिले के अति नक्सल क्षेत्र में सुरक्षा एवं विकास कार्य के लिए तैनात है ।वाहिनी द्वारा 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम चलाया जा रहा है ।और आगे भी स्वच्छता की प्रति बटालियन तत्परता से कार्य करेगी।

स्वच्छता ही सेवा अभियान में पौधे लगाए,सफाई की, रैली निकाली,रंगोली,निबंध,पेंटिंग स्पर्धाओं का आयोजन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 26 सितम्बर । नगर पंचायत भोपालपटनम क्षेत्र अंतर्गत चल रहे 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता -संस्कार स्वच्छता के प्रसंग पर स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम प्रतिदिवस किया जा रहा है जिसमे नगर अध्यक्ष सुश्री रिंकी कोरम जी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री दिनेश कुमार कोसरिया द्वारा वृक्षारोपण कार्य एक पेड़ माँ के नाम का आयोजन किया गया। जिसमे अध्यक्ष, सीएमओ,पार्षद गण, इंजीनियर तथा समस्त स्टॉफ द्वारा एक-एक पेड़ लगाया गया एवं स्वामी आत्मानंद स्कूल एवं कन्या हाई स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री यशवंत नाग, नगर पंचायत सीएमओ श्री दिनेश कोसरिया, इंजीनियर हरीश ध्रुव एवं स्कूल संस्था के विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री प्रवीणलाल कुडेम, स्वामी आत्मानंद के प्राचार्य श्री एन. राजेश उपस्थित रहे एवं स्कूल स्टाफ एवं छात्रगण एवं नगर पंचायत के किष्टैया इराबोइना, सूर्यकिरण चिढेम एवं समस्त कर्मचारी की भागीदारी रही। उसके पश्चात स्वामी आत्मानंद स्कूल में स्वच्छता पर रंगोली, निबंध, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, स्वच्छता ही सेवा सिग्नेचर बोर्ड पर सभी ने अपने हस्ताक्षर किये। आदेश्वर पब्लिक स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे स्कूल के बच्चो ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, पोस्ट मेट्रिक बालक छात्रावास भोपालपटनम के विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता जागरूकता के तहत श्रमदान जनभागीदारी निभाते हुए संस्था अधीक्षक श्री रघुवीर भारती के सहयोग से बड़ा तालाब की सफाई कार्य किया गया।भोपालपटनम निकाय में स्वच्छता इवेंट के तहत श्रमदान हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी के मार्गदर्शन में स्वच्छता वाहन, झाड़ू, टीशर्ट, पेयजल, टॉफी, स्वल्पाहार की व्यवस्था की गयी है।

आयुष्मान पखवाड़ा के तहत स्कूलों में लगाया गया जांच शिविर

रायगढ़, 26 सितम्बर। जिले में आयुष्मान पखवाड़ा अंतर्गत व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस पखवाड़े का उद्देश्य उन सभी पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन सुनिश्चित करना है, जो अब तक किसी कारणवश इस योजना से वंचित रह गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखण्डों में विशेष आयोजन किया जा रहा है साथ ही घर-घर जाकर छूटे हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड पंजीयन के साथ ही स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जा रहे हैं। उक्त अभियान में चिरायु टीम पुसौर द्वारा स्कूलों में जाकर प्राथमिक स्वास्थ्य जांच की जा रही है और उन्हें आवश्यकतानुसार उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में झलमला के मिडिल स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल में जागरूक करने हेतु आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं ने उक्त कार्यक्रम में भाग लिया और लोगों को आयुष्मान योजना के प्रति जागरूक किया।

सीएमएचओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व पीएम जन औषधि केंद्र का निरीक्षण किया

रायगढ़, 26 सितम्बर। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री बी.के.चंद्रवंशी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा द्वारा आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छपोरा व पीएम जन औषधि केंद्र में औचक निरीक्षण करते हुए दवाईयों की अंतिम तिथि व उपयोग अनुसार दवाईयों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता रखने का निर्देश दिए ताकि आम जनता को समय से जेनेरिक दवाईयों का स्वास्थ्य लाभ मिल सकें।

निरीक्षण के दौरान समस्त स्टाफ की बैठक लेकर मानक के अनुसार अपने संस्था में संस्थागत प्रसव, टीकाकरण अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रम में आवश्यक कार्य करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही जिले में आयुष्मान पखवाड़ा के तहत झलमला स्कूल छात्र/छात्राओ का सिकलसेल जाँच व स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है।

कार्यक्रम के अंतर्गत व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इस पखवाड़े का उद्देश्य उन सभी पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन सुनिश्चित करना है, जो अब तक किसी कारणवश इस योजना से वंचित रह गए है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जिले के सभी विकासखंडो में विशेष आयोजन करते हुए घर-घर जाकर छूटे हुए हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड के साथ ही स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जा रहे हे। उक्त अभियान में चिरायु टीम पुसौर द्वारा स्कूलों में जाकर प्राथमिक स्वास्थ्य जांच करते हुए उन्हें आवश्यकतानुसार उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है इसी क्रम में मीडिल स्कूल व हायर सेकेण्डरी स्कूल में जागरूक करने हेतु आयोजन किया गया । जिसमें स्कूली छात्र/छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़कर भाग लेते हुए लोगों को आयुष्मान योजना के प्रति जागरूक किया। साथ ही छात्र /छात्राओं को निम्न गतिविधियां कराई जा रही है। आयुष्मान भारत ''विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित कर विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व पुरूस्कार वितरण किया गया। पुसौर टीम बी में शासकीय प्राथमिक शाला सिंगपुरी में आयुष्मान पखवाड़ा आयोजन के तहत रैली निकाली गई एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

फार्मासिस्ट दिवस पर किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जामुल, 26 सितंबर। वर्ल्ड फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर भारतीय प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र जामुल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया तथा जमीनी स्तर पर कार्य करने वाली मितानिन दीदियों का सम्मान किया गया मुख्य अतिथि माननीय रेखाराम बंछोर जी(पूर्व नगर पालिका परिषद जामुल अध्यक्ष) एवं विशिष्ट अतिथि डॉ सुनील साहू जी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चिकित्सा चिकित्सा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ एवं नूतन वर्मा जी महामंत्री जामुल मंडल के नेतृत्व में संपन्न किया गया मंच का संचालन करते हुए हेमंत दुबे द्वारा जन औषधि की दवाइयां की व्याख्या की गई तथा मुख्य अतिथि के संबोधन में जन औषधि द्वारा दी जाने वाली सस्ती दवाइयां के बारे में बताया गया तथा वर्ल्ड फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर बहुत ही कम कीमत पर खून जांच शिविर भी लगाया गया था जिसमें सेवा देने के लिए डॉक्टर ऋषभ शुक्ला डॉक्टर विनीत ध्रुव एवम डॉक्टर डोमेन्द्र साहू ने अपना योगदान दिया सारे इस कैंप में विशेष सहयोग जामुल एसीसी सीमेंट द्वारा किया गया।

गंगालूर मार्ग जर्जर,स्कूल के बच्चों को होती है आवागमन में परेशानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 26 सितम्बर ।बारिश के चलते इन दिनों गंगालूर मार्ग अतयंत जर्जर हो चुका है खास कर एन एच से लगे गंगालूर मार्ग का चौक से अटल आवास से लेकर पुलिस लाईन नयापारा तक मार्ग मे जगह जगह गढ्ढे बन गये है जिसमें बरसात का पानी भरा रहता है जिससे आने जाने वालो को काफी परेशानी हो रही है इसी मार्ग के समीप सेंट थामस स्कूल संचालित है बच्चों का आना जाना भी हमेशा लगा रहता है क ई बार इस दिशा में सबंधित विभाग का ध्यान आकर्षित कराया गया है तथापि अब तक कोई सुधार कार्य नहीं किया गया है इसी मार्ग पर पुलिस लाईन भी स्थापित है जहां छोटी बडी गाडियां हमेशा चलती रहती है ऐसे में कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है जिसे ध्यान मे रखते हुए मार्ग का मरम्मत किया जाना अतिआवश्यक है नगर वासियों ने अविलंब इस मार्ग की दूरूस्त करने की मांग रखी है

पुलिस ने अतर्राज्यीय चोर को पकड़ा

भिलाई, 26 सितंबर। भिलाई पुलिस ने एक ऐसे अंतरराज्यीय चोर गिरोह के सदस्य को दबोचा है जो कई राज्यों में वारदात को अंजाम दे चुका है। डेढ़ माह पूर्व स्मृतिनगर में हुई दिन.दहाड़े चोरी में शामिल इस आरोपी को पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर बाफना टोल प्लाजा के पास बाइपास रोड में दबोचा है। गिरोह का मास्टर माइंड व अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। इस मामले में पुलिस ने धारा 331 ;3द्धए 305 ;एद्धए 112ण् 3;5द्ध बीएनएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि प्रार्थी विवानव यादव पिता धन्नू यादव ;45 वर्षद्ध निवासी सड़क 19 स्मृतिनगर थाना सुपेला ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 3 अगस्त की दोपहर 1ण्30 बजे 3 बजे के बीच मण्नंण् सी 204ए 205 सड़क 19 स्मृतिनगर से अज्ञात चोर सूने मकान का ताला तोड़कर घर में घुसकर सोने चांदी हीरे के जेवरात तिजौरी सहितए लॉकर की चाबी एवं 43 हजार रुपए चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक तापेश नेतामए स्मृतिनगर चौकी प्रभारी वंदिता पनिकर के नेतृत्व में आरोपी के बैंक खाता में लिंक मोबाइल नंबर का लोकेशन लिया। लोकेशन के आधार पर आरोपी को बाफना टोल प्लाजा के पास बाइपास रोड में संदिग्ध हालत में मिलने से चौकी लाकर पूछताछ की। आरोपी फैजान मलिक ने बताया कि प्रकरण में पूर्व में गिरफ्तार आरोपी दिलशेरअली एवं अरमान मलिक एवं फरार मुख्य आरोपी फहीम उर्फ फहमए तथा आरोपी रुकसाना के साथ योजना बनाकर के प्रार्थी के मकान में चोरी करना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपी फैजान मलिक के कब्जे से घटना में प्रयुक्त वाहनए तीन नग मोबाइल एवं मोबाइल खरीदे की रसीद को जब्त किया

जवानों ने नवीन बस स्टैंड में स्वच्छता अभियान चलाया

बीजापुर,26 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भारत सरकार द्वारा संचालित स्वच्छता ही सेवा-2024 के प्रायोजित कार्यक्रम के अन्तर्गत 229 बटालियन के0रि0पु0 बल द्वारा दिनांक 24/09/2024 को संचालित सफाई अभियान बीजापुर बस स्टैंड के समीप रविवारीय स्थानीय बाजार क्षेत्र का सफाई पूर्ण किया गया । इस सफाई अभियान में 229 बटालियन के श्री चंदम बॉबी सिंह, कमाण्डेंट, श्री आरची एंथनी माहो, द्वितीय कमाण अधिकारी, श्री वर्षा अरूण शर्मा सहायक कमाण्डेंट, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं बटालियन के सभी बहादुर जवानों बीजापुर, नगर पालिका के अध्यक्ष श्री बेन्हूर रावतिया, श्री बी. के. पाल नगर पालिका अधिकारी व अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारीयों ने भाग लिया। इसके अतिरीक्त इस सफाई अभियान में भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण पुरूष, महिलाएं और नवयुवकों ने बढचढकर भाग लिया और अपना श्रम योग प्रदान किया। स्थानीय ग्रामिणों की उपस्थिति लगभग 130 की थी जो कि अपने दैनिक कार्य से समय निकालकर स्वच्छता-ही-सेवा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए जो कि साफ-सफाई के प्रति जागरूक होने की ओर अग्रसर करती है।इस कार्यक्रम के अन्त में नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा स्वच्छता से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी साझा किया तथा अभियान में सम्मिलित ग्रामीणों नगर पालिका सदस्यों तथा सम्मिलित ग्रामिणों को 229 बटालियन द्वारा जलपान भी कराया गया। इस सम्मिलित अभियान से 229 बटालियन की प्रति बीजापुर के स्थानीय क्षेत्र में जनता के बीच लोकप्रीयता, सहयोग व इस वाहिनी के प्रति अटुट-विश्वास को प्रदर्शित करता है।

महतारी वंदन योजना, जेसमी के लिए वरदान

बीजापुर,26 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में एनीमिया एवं कुपोषण एक गंभीर समस्या है। कुपोषण एवं एनीमिया को दूर करने के लिए आंगनबाड़ी स्तर पर वृहद स्तर पर कार्यक्रम चलाया जा रहा है, राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को स्वालंबन बनाने हेतु संचालित महतारी वंदन योजनान्तर्गत प्रतिमाह 1000/- एक हजार रूपये की राशि जेसमी उरसा के लिए वरदान सबित हो रहा है। जेसमी उरसा आंगनबाड़ी केन्द्र कोड़का अंतर्गत आती है, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुलती नाग द्वारा जेसमी उरसा का पंजीयन गर्भवती माता के रूप में करके नियमित रूप से गृह भेट कर पोषण आहार रेडी टू ईट से लाभान्वित किया जा रहा है। कार्यकर्ता द्वारा जेसमी उरसा का पंजीयन महतारी वंदन हेतु किया गया, पंजीयन के समय जेसमी उरसा का 09 वॉ महीना चल रहा था। प्रसव के समय आर्थिक सहायता की आवश्यकता होती है, महतारी वंदन योजना का प्रथम किश्त 10 मार्च 2024 को जब उनके बैंक खाते में प्राप्त हुआ उनको बहुत खुशी प्राप्त हुई। जेसमी उरसा का प्रसव 13 मार्च 2024 को हुआ उनको आर्थिक सहायता प्राप्त हो गई। चूंकि जेसमी एवं उनका का परिवार रोजी मजदूरी कर अपना जीवन यापन भरण पोषण करते है, जेसमी द्वारा स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया गया प्रसव के समय बच्चे के वजन 2.800 किलोग्राम था। वर्तमान में बच्चे का वजन 6.900 किलोग्राम है, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुन्ती नाग मितानिन उर्मिला वेको द्वारा नियमित रूप से गृह भेट कर उनके सास सुखरी कोवासी एवं पति पाण्डू राम कोवासी को सही पोषण एवं बच्चे के पालन पोषण के संबंध में जानकारी दिया जा रहा है। बच्चे स्वास्थ्य एवं सुपोषित है, महतारी वंदन योजनान्तर्गत उनको माह सितम्बर 2024 तक की राशि उनके बैंक खाते में जमा हो गई है, उनके द्वारा बच्ची के पोषण एवं देखरेख में व्यय किया जा रहा है। आज जेसमी उरसा एवं उनके परिवार द्वारा मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को महतारी वंदन योजना लागू करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर रहे है जिससे उनके बच्चे का सही पोषण हो रहा है और आर्थिक कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

कार्यशाला में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने पर दिया जोर

भोपालपटनम, 26 सितंबर। मंगलवार को संकुल स्तरीय कार्यशाला पोटा केबिन संगमपल्ली में आयोजित किया गया, जिसमें संकुल संगमपल्ली,मुद्देड,पामगल, मिनकापल्ली, सैंड्रा ,केरपे आदि संकुल के प्रधान अध्यापक समस्त शालाओं के रसोईया एवं स्व-सहायता समूह के अध्यक्ष सदस्य शामिल हुए, कार्यशाला के दौरान एमडीएम मध्यन्ह भोजन की गुणवत्ता एमडीएम एप द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति समय पर करने एवं भोजन की गुणवत्ता कम से कम लागत में तैयार करने प्रतिदिन नियमित रूप से शाला में मध्यान्ह भोजन बनाने निर्देशित किया गया इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी, मंडल संयोजक ,खंड स्रोत समन्वयक, संकुल प्राचार्य व सीएससी शामिल रहे।

जल जीवन मिशन में समय में कार्य नहीं करने पर विभाग ने ठेकेदारों पर की कार्रवाई

बीजापुर,26 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बीजापुर जिले में शासन के महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत कार्यादेशित कार्यों को गति देने के लिए जिन ठेकेदारों द्वारा बार-बार नोटिस जारी करने के बाद भी अनुबंधित कार्य समय-सीमा में संपादित नहीं कर रहे ऐसे ठेकेदारों को कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन बीजापुर के द्वारा 03 ग्रामों के 2 ठेकेदारों के कार्य निरस्त करने की कार्यवाही किया गया। तथा इन ठेकेदारों के अमानत राशि एफडीआर शासन के पक्ष में राजसात किया गया। इन ठेकेदारों को ब्लेक लिस्टेड करते हुए बीजापुर जिले में जल-जीवन मिशन के कोई भी कार्यों के निविदा में भाग नहीं ले पायेगें।

बाकारूमा परिक्षेत्र है हाथी प्रभावित क्षेत्र

रायगढ़, 26 सितम्बर। वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ़ वनमंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि वनपरिक्षेत्र अधिकारी बाकारूमा के सूचनानुसार परिक्षेत्र सहायक बाकारूमा अंर्तगत तेजपुर परिसर के कक्ष क्रमांक 136 आर एफ में 25 सितम्बर 2024 को दोपहर 1 बजे श्री शिवप्रसाद राठिया उम्र लगभग 21-22 वर्ष पिता श्री मोहन राठिया साकिन सोहनपुर का अचानक सिसरिंगा बौकी मुख्यमार्ग में वन्यप्राणी हाथी के साथ मुठभेड़ हो जाने पर घायल कर दिया गया। उक्त घटना की सूचना मिलते ही उप वनमण्डलाधिकारी लैलूंगा, परिक्षेत्र अधिकारी बाकारूमा, परिक्षेत्र सहायक बाकारूमा एवं परिसर रक्षक तेजपुर मौके में पहुंचकर तत्काल घायल व्यक्ति को धरमजयगढ़ शासकीय अस्पताल पहुंचाये। जहां डॉक्टर द्वारा घायल व्यक्ति का परीक्षण करने उपरांत मृत होना बताया गया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर मोर बूथ मोर अधियान

महिलाओं को बनाया गया भारतीय जनता पार्टी का सदस्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कसडोल, 26 अगस्त। आज राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वाहन पर मंडल पलारी के बूथ क्रमांक 306 में भारतीय जनता पार्टी के संपादक सदस्य एकात्म मानववाद के अविष्कारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जयंती मुख्य अतिथि नगर पंचायत पलारी अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा की उपस्थिति में मनाया गया ! साथ ही मोर बूथ मोर अधियान के तहत माताओं बहनों को भाजपा का सदस्यता दिलाया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने माताओं- बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं का सम्मान करने वाली पार्टी है ! केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए हरदम प्रयास कर रही है। महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर रहे है साथ ही छत्तीसगढ़ भाजपा की विष्णुदेव साय की सरकार सभी माताओं बहनों को प्रत्येक माह 1हजार रुपए की मदद कर रही है।

आज भाजपा सरकार में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं में माताओं -बहनों को मुख्या बनाया गया है ! चाहे राशन कार्ड का मुख्या हो या प्रधानमन्त्री आवास योजना का हो, आज भाजपा की सरकार में महिलाएं सशक्त एवं खुशहाल है। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से भाजयुमो मीडिया प्रभारी योगेश योगी वर्मा, बूथ अध्यक्ष रामनारायण वर्मा, मोहन वर्मा, रोहणी धीवर, तिजिया यादव, भगवती धीवर, पुनिया बाई यादव, राजकुमारी विश्वकर्मा, प्रमिला फेकर, भुलिन बाई यादव, पुन्नी यादव, कुसुम यादव, जमुना फेकर, चंद्रकांति यादव, योगेश्वरी यादव, जानकी बाई यादव, मंजू वर्मा, खिलेश्वरी बाई यादव, रूखमणी बाई वर्मा, झालेंद्री वर्मा, बुधवंतीन घृतलहरे, शांति बाई, सुखवंतीन ध्रुव, मुन्नी बाई यादव, नोहर दास बघेल, संतराम चतुर्वेदी, अरुण कुमार ध्रुव, पार्वती वर्मा, रामहीन फेकर, अंकित यादव, चैती बाई वर्मा, देसराम वर्मा, पीयूष वर्मा, अमित घृतलहरे उपस्थित रहें।।

समाचार संक्षेप

साहू समाज ने लोहारीडीह घटना की सीबीआई जांच की मांग की

भखारा, 26 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार साहू समाज धमतरी द्वारा ग्राम-लोहारीडीह, जिला कवर्धा निवासी शिवप्रसाद साहू की फांसी से मृत्यु, रघुनाथ साहू की आगजनी से मृत्यु एवं प्रशांत साहू का पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु की निंदा करते हुए तीनों व्यक्तियों के मृत्यु की सीबीआई न्यायिक जांच, पीड़ित के साथ उनके परिवार को अतिशीघ्र न्याय, एक-एक करोड़ मुआवजा, एक सदस्य को शासकीय नौकरी एवं आरोपियों पर कार्यवाही करने की मांग किया गया। साहू समाज ने अवश्यता पड़ने पर धरना-प्रदर्शन देने की भी चेतावनी दिया जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से जिला साहू संघ धमतरी के अध्यक्ष अवनेंद्र साहू, उपाध्यक्ष तोरणलाल साहू, केकती साहू, सचिव लीलाराम साहू, तहसील कुरुद अध्यक्ष राधेश्याम साहू, धमतरी तहसील अध्यक्ष गोपाल साहू, उपाध्यक्ष विजयगौतम साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पवन गजपाल, चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ ललित साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष कृष्णाराम साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष राजेंद्र साहू, मदन साहू सहित समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

53 ठेकेदारों को पेनाल्टी के साथ कार्यों में दी समय वृध्दि की अनुमति

बलौदाबाजार, 26 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर ने कामकाज में धीमी प्रगति नाराजगी जताते हुए कामकाज में गति लाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही जिले में 106 कार्यों के लगभग 53 कन्सट्रक्शन कम्पनीयों को पेनाल्टी के साथ उनके कार्य में समय वृध्दि कर अनुमति प्रदान की गई है। कलेक्टर ने सोनी ने दो टूक कहा कि जल जीवन मिशन में किसी भी की तरह की कार्यो में लापरवाही बरदास्त नहीं किए जायेगी। उन्होनें कहा कि जल जीवन मिशन के तहत कार्य शुरू होने से पहले इंजीनियर यह सुनिश्चित कर लें कि सम्बंधित गांव में जल स्त्रोत की उपलब्धता हो। बिना जल स्त्रोत उपलब्धता के कोई भी काम शुरू न होने दें। सभी इंजीनियर ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे कार्यों का मॉनिटरिंग करें और प्रगति के लिए लगातार फॉलो अप करते रहें। पाईप लाईन के बिछाने के कार्य के साथ ही साथ टंकी निर्माण का कार्य भी शुरू करें जिससे समय पर सभी काम पूरा हो सके। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर जल स्त्रोत व बिजली की समस्या है वहां स्थल भ्रमण कर जांच करें। उन्होंने कार्य पूर्ण होने के बाद हैंड ओवर लेने में सरपंचों के द्वारा रुचि नही लेने के मामले पर भी आवश्यक समन्वय करने के निर्देश अधिकारियो को दिए। कलेक्टर ने पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे जाने वाले गड्ढों को खुला छोड़ने की स्थित को गंभीरता से लेते हुए गड्ढों की पुनः भराई कराने के निर्देश ठेकेदारों को दिए। उन्होंने कहा कि पाईप लाइन बिछाने के लिए यथासंभव सड़को की खुदाई से बचाया जाए।

एक नजर

राजस्व मंत्री ने मां के नाम पर पीपल का पौधा लगाया

बलौदाबाजार, 26 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश में आज शासकीय आईटीआई सकरी में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने एक पेड़ अपनी मां के नाम अभियान अंतर्गत पीपल पेड़ का रोपण किया। इस दौरान वर्मा ने सभी छात्र छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण से जुड़ने के लिए एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की है। वर्मा ने कहा है कि एक पेड़ मां के नाम के आह्वान से छात्र छात्राओं का पर्यावरण से जुड़ाव बढ़ेगा।

सभी मां के नाम पर पेड़ लगाएंगे एवं इसकी रख-रखाव भी बड़ी जिम्मेदारी से हो सकेगी। सभी छात्र छात्राएं अपने परिसर के चारो तरफकिनारे-किनारे में छायादार पेड़ जैसे नीम, गुलमोहर, करंज, अशोक, अर्जुन आदि अवश्य लगाएं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्काउट एवं गाइड विजय केसरवानी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

भालूकोना में लगने वाला जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

बलौदाबाजार, 26 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम भालूकोना में 27 सितम्बर 2024 को होने वाले जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर को कलेक्टर दीपक सोनी के द्वारा अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।संशोधित तिथि हेतु पृथक से आदेश जारी किया जाएगा।

जिले में पहली बार प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम

पात्र हितग्राहियों को आवास योजना से नया आशियाना मिल सके इसके लिये जनपद पंचायत तत्पर : सीईओ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

हितग्राहियों को आवास योजना में किसी भी प्रकार की दिक्कत आने पर जनपद सीईओ से सीधे कर सकते है शिकायत : उपसरपंच

आभार प्रदर्शन करते हुए संकेत अग्रवाल उपसरपंच ग्राम पंचायत गुड़ेलिया ने जनपद पंचायत के सभी आधिकारी -कर्मचारी और आये हुए सभी 26 ग्राम के आवास हितग्राहियों का धन्यवाद देते हुए कहा आप सभी का ग्राम पंचायत गुड़ेलिया आने के लिए बहुत बहुत आभार और शासन की महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री आवास योजना में चयन होने लिए आप सभी को बधाई आप सभी शासन के द्वारा तय मापदंड अनुसार ही अपना आवास बनाए और किसी भी प्रकार के लेन -देन और अनियमितता से दूर रहे। किसी प्रकार की दिक्क़त के लिए सीधे आप जनपद में शिकायत कर सकते है।

भाटापारा, 26 सितम्बर। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं आवास प्लस के अंतर्गत ज़िले में पहली बार हितग्राहियों के उन्नमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत गुड़ेलिया मे किया गया उक्त आयोजन मे 26 ग्राम पंचायतों के लगभग 800 से अधिक ग्रामीणों के उपस्थिति के साथ जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल जनपद पंचायत भाटापारा सीईओ सत्यव्रत तिवारी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.एल गेन्डरे संदीप वर्मा, रश्मि वर्मा पिओ नरेगा, बीसी हेमलता मैडम सहित क्षेत्र के उप अभियंता, तकनीकी सहायक, सहायक विकास विस्तार अधिकारी, सहा.आं.ले.परी एवं करा. अधिकारी लोकेस धुरू, संकेत अग्रवाल, सरपंच, सचिव ग्राम पंचायत एवं रोजगार सहायकों आदि लोग उपस्थित थे

प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन सुचारू रूप से करना हम सबकी ज़िम्मेदारी: कार्यक्रम के उदबोधन मे जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुये कहा कि आवास योजना के हितग्राहियों प्रथम किश्त के रूप में 40000 हजार रुपये प्रत्येक हितग्राहियों के खाते मे डाल दिया गया है जिसका ले आऊट आप सभी 2 दिवस के भीतर करना सुनिश्चित करे,

जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि आवास का पैसा 3 किस्त मे दिया जायेगा जिसमे दूसरा किस्त दूसरा 60 हजार व तीसरा बीस हज़ार मनरेगा के मज़दूरी हेतु 21800 राशि मिलेगी व अंत मे शौचालय के लिये 12000 रुपये भी हितग्राहियों को दिया जायेगा वही जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल ने उक्त योजना मे केन्द्र व राज्य शासन की भागीदारी बताया वही उक्त आशियाना का समय निर्धारण 90 दिवस तक रखा गया है उक्त कार्य को मूर्त रुप दिये जाने हेतु सरपंच सचिव रोजगार सहायक तकनीकी को निर्देशित किया गया है वही घर के आशियाना को प्राकृतिक वातावरण से आच्छादित करने हेतु एक पेड माँ के नाम से लगाये जाने हेतु आह्वान किया वही जिला पंचायत सीओ ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य 90 दिन मे 25 हजार आवास जिले मे बनाया जाना निर्धारित है आये हुए सभी हितग्राहियों को बधाई देते हुए अपना आवास जल्द से जल्द नियम और तकनीकी मार्गदर्शन में पूर्ण करने को कहा और आगे जल्द ही छूटे पात्र आवास हितग्राहियों का नया आवास प्लस में नाम जोड़ने के लिए सर्वे प्रारंभ किया जाएगा।

जनपद पंचायत तत्पर: उक्त कार्यक्रम के अगले उदबोधन मे भाटापारा जनपद पंचायत सीईओ सत्यव्रत तिवारी ने कहा कि शासन कि मंसा उक्त योजना के क्रियान्वयन हेतु तीव्र गति से कार्य को आगे बढाना है जिसमे सभी को अपने तय समय में ही आवास को पूर्ण करना है। आवास योजना के लिए किसी भी प्रकार का पैसा का लेन -देन नई करना है अगर कोई पैसा का मांग कर दिगभ्रमित करता है तो कार्यालय मे आकर जनपद पंचायत सीओ से कभी भी मिल के शिकायत कर सकते है उसके ऊपर सीधे क़ानूनी कार्यवाही की जावेगी, वही उक्त मद को आवास निर्माण कार्य मे ही खर्च करना है अन्य मद मे खर्च किया जाना गैर कानूनी माना जायेगा, आगे कहा कि हितग्राहियों से जुड़ी सभी समस्या का समाधान और आपको सभी तरह की सुविधा मिले इसके लिए हम सब हमेशा आपके साथ खड़े है, इसीलिये आज गुड़ेलिया में हम आप सभी को मार्गदर्शन मिल सके करके ये कार्यक्रम कर रहे है

आवास योजना मे पात्र हिग्राहियों का नाम आने से हर्ष का माहौल: गौरतलब है कि ग्रामीण आवास योजना हितग्राहियों का उन्मुखीकरण के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के लिस्ट मे 26 गाँव के 800 से अधिक लोगों का नाम आया है जिस ग्रामीण क्षेत्र के हितग्राहियों मे खुशी व हर्ष का माहौल भी देखा गया सभी ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। वही उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत लेआउट, भवन निर्माण की तकनीकी मार्गदर्शन, राजमिस्त्रीयों का प्रशिक्षण) अन्य आवास संबंधित समस्त प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी कार्यक्रम में दिया गया।

ओबीसी समाज पर हो रहे टारगेटेड हमले बंद हों

संगठन ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए हो रहे अत्याचार की कड़ी निन्दा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखार, 26 सितम्बर। ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू (राष्ट्रीय महासचिवअखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ) ने प्रदेश में ओबीसी समाज के लोगों पर हो रहे टारगेटेड हमले पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक न्याय की स्थापना हेतु संगठन विगत चार सालों से निरन्तर कैडर कैम्प के माध्यम से ओबीसी समाज को उनके संविधानिक अधिकारों एवम कर्तव्यों के लिये जागरूक करने का काम कर रही है ताकि ओबीसी समाज को भी समान भागीदारी व समाजिक सुरक्षा से मिल सकें किन्तु दुर्भाग्य ही है कि आज़ादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी ओबीसी समाज के लोगों पर निरन्तर अन्याय अत्याचार पूर्ण बर्ताव हो रहा है जो न केवल घोर निंदनीय है अपितु प्रदेश के सर्वांगीण विकास मे बाधा भी है। पुलिस हिरासत में बर्बर पिटाई से प्रशान्त साहू की हुई मौत एवं प्रदेश में ओबीसी समाज पर हो रहे टारगेटेड हमले के विरोध में समिति के तत्व धान में प्रदेश के धमतरी, बालोद, रायपुर, दुर्ग, कबीरधाम, बिलासपुर समेत विभिन्न जिलों में विज्ञापन सौंप गया इस अवसर पर समिति के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुघ्न सिंह साहू ने गृहमंत्री विजय शर्मा के विधानसभा क्षेत्र के लोहारीडीह कवर्धा में प्रशांत साहू की पुलिस हिरासत में हुई मौत पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की घटना मानवता के लिए स्वीकार्य नहीं है यह बहुत ही निंदनीय एवम शर्मानक घटना है, पुलिस हिरासत में बर्बर पिटाई से हुई मौत छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार की लचर प्रशासनिक व्यवस्था पर एक प्रश्न चिन्ह लगाती है। कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष टिकेश्वर साहू ने कहा कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार को शक्ति से पेश आना चाहिए और ऐसे कठोर प्रावधान करनी चाहिए ताकि इस तरह की घटनाओं के पुनरावृत्ति ना हो सके।

जिला अध्यक्ष चेतन साखरे ने कहा कि पुलिस हिरासत में दुर्व्यवहार एवं बेरहमी से पिटाई का प्रदेश में यह पहला मामला नहीं है इससे पहले भी कई मामले सामने आती रही है किंतु मौजूदा सरकारों के द्वारा इस तरह की घटनाओं पर केवल राजनीति करने के अलावा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता है यही कारण है कि इस तरह की घटनाओं का पुनरावृत्ति होते रहता है जो अत्यंत चिंहाजनक और दुःखद है।

धमतरी जिला प्रभारी समारू सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रशांत साहू का ही मामला नहीं है इसके अलावा लोहारीडीह कवर्धा में प्रशांत साहू की पुलिस हिरासत में हुई मौत बीरनपुर कवर्धा हत्याकांड(भुनेश्वर साहू पर) बलौदाबाजार कांड(कलेक्टर परिसर को जलाया गया) आशीष कुमार छाबड़ा विधायक के गुंडों द्वारा फौजी की पिटाई भिलाई स्कूली बच्ची से रेप रायपुर अशोका बिरयानी कांड, नीलकमल पटेल और डेविड साहू की मौत 18/04/24 बिलासपुर तिफरा में दिनदहाड़े हत्या बालोद में लगातार हत्या के मामले में संगठन ने अपनी मांगो पर तत्काल संज्ञान लेकर प्रदेश में कानून व्यवस्था को दुरूस्त कर शांति व्यवस्था बहाल करने की अपील की। साथ ही यह मांग भी रखी। प्रदेश में ओबीसी समाज पर हो रहे टारगेटेड हमला पर रोक लगाई जावे। लोहारीडीह कवर्धा में पुलिस हिरासत में हुई प्रशांत की मौत पर हत्या का अपराध कायम कर निष्पक्ष जांच पश्चात दोषियों को फांसी की सजा दी जावे। पीड़ित परिवार को 11 करोड़ का मुआवजा एवम परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिया जावे। जिम्मेदार सभी अधिकारी कर्मचारी एवम गृह मंत्री को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जावे। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष चेतन साखरे, जिला प्रभारी समारू सिन्हा धमतरी, ब्लॉक संगठन मंत्री नेकराम साहू, कुरूद ब्लॉक अध्यक्ष राजेश साहू आदि शामिल थे।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि:- 03/10/2024

सं. क्र.	नि.आ.सू.क्र./ नि.आ.सू. दिनांक	सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में)
01	02	03	04	05
1	30/2024-25 दिनांक 23/09/2024	158914 (तृतीय आमंत्रण)	बी.टी. एवं डब्ल्यू.एम.एम. पेंच का कार्य- (1) बीजापुर-आवापल्ली मार्ग लम्बाई 70.00 कि.मी. (1/2 से 1/10, 2/2, 5/4 से 5/10, 6/2 से 35/4, 43/6 से 44/4) = 37.00 कि.मी. (2) भोपालपटनम मट्टीमरका मार्ग लम्बाई 21.40 कि.मी. (1, 2, 3, 4) = 4.00 कि.मी. कुल लम्बाई = 37.95 कि.मी. लाक-उसूर/भोपालपटनम, जिला-बीजापुर कार्य की निविदा।	56.00
2	31/2024-25 दिनांक 23/09/2024	158915 (तृतीय आमंत्रण)	बी.टी एवं डब्ल्यू.एम.एम. पेंच का कार्य- (1) नेमेड़ से कुटरू मार्ग लम्बाई 17.80 (2) नैमेड़ से पेद्दाकोड़ेपाल मार्ग लम्बाई 6.00 कि.मी. (3) पेद्दोकोड़ेपाल से तुमनार मार्ग लम्बाई 5.90 कि.मी. (4) मुसालूर पहुंच मार्ग (5) मांझीपारा से आई.टी.आई पहुंच मार्ग लम्बाई 1.05 कि.मी. (6) जैतालूर से ईटपाल मार्ग लम्बाई 1.00 कि.मी. (7) उपजेल भवन पहुंच मार्ग लम्बाई 2.70 कि.मी. (8) लो.नि.वि. कॉलोनी पहुंच मार्ग लम्बाई 0.50 कि.मी. - कुल लम्बाई = 37.95 कि.मी. ब्लॉक बीजापुर, जिला-बीजापुर कार्य की निविदा।	57.08

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मण्डल जगदलपुर

जी- 242502774/4

कार्यालय जोन क्रमांक-3 नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

::निविदा आमंत्रण सूचना::

क्रमांक 43/नपानि/जोन-03/2024-25 — रायपुर दिनांक 24.09.2024

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है:-
01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन तिथि - 09.10.2024 कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक
02. निविदा प्राप्त करने की तिथि - 10.10.2024 कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक
03. निविदा जमा करने की तिथि - 16.10.2024 कार्यालयीन समय 4:00 बजे तक
04. निविदा खोलने की तिथि - 16.10.2024 कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक

कार्य का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	प्रपत्र एवं एस.ओ.आर. का विवरण	समया वधि	मद
01	रानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्र. 10 अंतर्गत अशोका हाईट के पीछे अमन नगर में दिलीप बिसेन वाली में सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	2.79	3000/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	02 माह	विकास शुल्क मद
02	रानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्र. 10 अंतर्गत एल.आई. सी. कॉलोनी में लाल साहब के घर के सामने वाली गली में सी.सी. नाली निर्माण कार्य	3.19	3500/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	02 माह	विकास शुल्क मद
03	रानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्र. 10 अंतर्गत लक्ष्मी नगर में सिन्हा बाड़ा वाली गली के पास सी.सी. रोड निर्माण कार्य	2.60	3000/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	02 माह	विकास शुल्क मद
04	रानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्र. 10 अंतर्गत आदर्श नगर में झण्डा चौक के पास स्ट्रीट नं. J-1 में सी.सी. रोड मरम्मत/संधारण कार्य।	3.97	4000/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	03 माह	संधारण मद
05	कालीमाता वार्ड क्र. 11 अंतर्गत स्थित खपराभट्ठी स्थित श्मशासन घाट में रंगाई एवं अन्य उन्नयन कार्य।	2.98	3000/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	02 माह	पार्षद निधि
06	कालीमाता वार्ड क्र. 11 अंतर्गत स्थित विभिन्न उद्यानों में उद्यानिकी एवं सौंदर्यीकरण कार्य।	1.98	2000/-	300/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	02 माह	पार्षद निधि
07	कालीमाता वार्ड क्र. 11 अंतर्गत स्थित खपराभट्ठी स्थित श्मशान घाट, वार्ड अंतर्गत विभिन्न उद्यानों एवं मोहल्लों में आर.सी.सी. चेयर लगाने का कार्य।	3.94	4000/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	03 माह	पार्षद निधि

1. सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जावेगी।
2. निर्धारित सक्षम श्रेणी में पंजीकृत तथा कार्य के अनुभवी ठेकेदारों से तीन लिफाफा पद्धति जमा करना है।
3 लिफाफा (अ) में अमानती राशि का एफ.डी.आर. व शपथ पत्र एवं चाही गई समस्त दस्तावेज।
4 लिफाफा (ब) में निविदा प्रपत्र भरकर सीलबंद करना होगा।
5. (अ)+(ब) एक अन्य तीसरे लिफाफा (स) में भरकर ही स्पीड के द्वारा प्राप्त किया जावेगा ।
6. सर्वप्रथम लिफाफा (स) खोलने के पश्चात् लिफाफा (अ) खोला जावेगा जिसमें अमानती राशि का एफ.डी.आर. एवं अन्य चाही गई दस्तावेज होने पर ही निविदा प्रपत्र की लिफाफा (ब) खोली जावेगी तथा लिफाफे में 'अ' (अमानती राशि, शपथ-पत्र, दस्तावेज), 'ब' (निविदा प्रपत्र), 'स' अंकित होना अनिवार्य है।
7. निविदा जमा करने की तिथि एवं खोलने के तिथि में किसी वजह से अवकाश घोषित होता है तो वह कार्यालयीन दिवस में किया जावेगा।
8. समक्ष ई-रजिस्ट्रेशन, बैंक सालवेंसी, लास्ट तीन साल आईटीआर, पेन कार्ड, जीएसटी रजिस्ट्रेशन एवं लास्ट तीन माह क्लीयरेंस डिटेल, अमानती राशि का एफ.डी. आर. के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
9. 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र नोटरी द्वारा सत्यापन सहित प्रस्तुत करना होगा।
10. एस.ओ.आर. दर से 10 प्रतिशत से कम दर प्राप्त होने पर अंतर की राशि पृथक से अमानती राशि एफ.डी.आर. के रूप में इकरारनामा के पूर्व जमा करना होगा।
11. कार्यालय में निर्धारित समय एवं तिथि के पश्चात् विलम्ब से प्राप्त होने वाले निविदाओं में कोई विचार नहीं किया जावेगा।
12. शासकीय अवकाश या आकस्मिक अवकाश की स्थिति में तिथि व समय में परिवर्तन का अधिकार जोन आयुक्त के पास सुरक्षित होगा।
13. कार्यालय द्वारा निर्धारित नियम व शर्तें प्राक्कलन एवं स्थल का अवलोकन निविदा हेतु आवेदन प्रेषित करने के पूर्व कर लिया जावे जिसे अंतिम समय में कोई विवाद न हो।
14. स्थल विवाद की स्थिति में जोन आयुक्त/प्रशासक महोदय द्वारा कार्यादेश निरस्त किये जाने की स्थिति में किसी प्रकार कर क्षतिपूर्ति राशि देय नहीं होगा।
15. समस्त कार्य छ.ग. पी.डब्ल्यू.डी. की गाईड लाईन के अनुसार संपादित किया जावेगा।
16. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम रायपुर के पास सुरक्षित है।
17. नियम व शर्तें कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखी जा सकती है।
18. उक्त निविदा नगर पालिक निगम, रायपुर के वेबसाईट nagarnigamraipur.nic.in में देखी जा सकती है।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-03
नगर पालिक निगम, रायपुर

एक नजर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों 100 कुंभकारों को मिला इलेक्ट्रॉनिक चाक

रायपुर, 26 सितम्बर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जशपुर जिले के ग्राम बगिया में 100 कुंभकार शिल्पकारों को निःशुल्क इलेक्ट्रॉनिक चाक वितरित कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर शिल्पकारों ने मुख्यमंत्री को कलाकृति भी भेंट की। अखिलभारतीय प्रजापति कुम्भकार महासंघ के प्रांत संरक्षक शम्भू नाथ चक्रवर्ती ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इलेक्ट्रॉनिक चाक से कुंभकारों की कला में अधिक निखार आएगा और उनकी आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि जशपुर जिले में 195 ग्रामों में 2236 कुम्भकार परिवारों के 100 शिल्पकारों है। इन सभी को निःशुल्क इलेक्ट्रॉनिक चॉक वितरित किया गया है। उल्लेखनीय है कि माटी कला बोर्ड की ओर से कुम्भकार टेराकोटा योजना के तहत इलेक्ट्रॉनिक चाक कुम्भ शिल्पकारों को 22 हज़ार 2 सौ लागत के इलेक्ट्रॉनिक चाक कुंभकारों को निःशुल्क प्रदान किये जाते हैं।

जनमित सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा आयोजित

रायपुर, 26 सितम्बर। छ.ग. जनकल्याण मितव्ययी साख सहकारी समिति मर्यादित (जनमित) रायपुर की 20वीं वार्षिक आम सभा स्थानीय स्वदेशी भवन में सम्पन्न हुई। जिसमें संस्था ने अपने सदस्यों के लिये 12 प्रतिशत लाभांश दिये जाने की घोषणा की। जनमित सहकारी समिति के अध्यक्ष रविकांत जायसवाल ने सामान्य सभा में वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये बताया कि गत दो दशक से यह समिति सदस्यों का विश्वास अर्जित करते हुये निरंतर प्रगति कर रही है। यह समिति अब अपने सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करेगी। समिति के उपाध्यक्ष जयंत हरदास ने गत वर्ष के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। वार्षिक साामान्य सभा में अंशधारक सदस्यों को इस वर्ष 12 प्रतिशत लाभांश देने का निर्णय लिया गया। कर्याक्रम का संचालन करते हुये उपाध्यक्ष डॉ. शोभा पण्डित ने सभी को स्वच्छता शपथ भी दिलाई। समिति की वार्षिक आमसभा में दिनेश राव गरड़, नरेन्द्र जायसवाल, डॉ. पी.एल. चौधरी, डॉ. सपन साहा, दिग्विजय भाकरे, जी.आर. जगत, शिवनारायण केशरवानी, मनोज केशरिया, टी.आर. सिन्हा, गिरधारी सागर, विनोद खरे, डॉ. के.के. चौधरी, के.आर. साहू, ऋषिकांत चन्द्राकर, पायल जैसवानी, मालती जायसवाल, बबिता गौरखेड़े, मौसमी घाटगे आदि उपस्थित थे।

डांस प्रतियोगिता 1 अक्टूबर से

रायपुर, 26 सितम्बर। एन.माही फिल्मस प्रोडक्शन के प्रयोगधर्मी निर्माता मोहित कुमार साहू की नई प्रस्तुति छत्तीसगढ़ी फिल्म चंदा मामा 04 अक्टूबर को प्रदेश के सभी सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है। इससे पहले 1 अक्टूबर 2024 दिन मंगलवार दोपहर 12 बजे से बुढा तालब के समीप बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में निःशुल्क समूह डांस प्रतियोगिता आयोजित होगा। उक्त बातें रायपुर प्रेस क्लब में फिल्म के डायरेक्टर अभिषेक सिंह ने पत्रकार वार्ता में बताया। 26-27 सितंबर तक हमारे व्हाट्सएपं नं.-7470459937 पर भेजना अनिवार्य है। उन्होंने प्रतियोगिता के बारे में बताया कि निर्माता मोहित कुमार साहू द्वारा अपनी फिल्म के प्रदर्शन से पूर्व इस तरह के आयोजन को छॉलीवुड में नए प्रयोग के रूप में देखा जा रहा है। फिल्म में डांस ग्रुप पार्टिसिपेट करेंगे जो एन.माही फिल्मस प्रोडक्शन के बैनर प्रदर्शित होने वाली छत्तीसगढ़ी फिल्म चंदामामा के गानों पर स्टेप बाई डांस करेंगे।

सवर्ण आयोग गठन को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र

रायपुर, 26 सितम्बर। छत्तीसगढ़ सवर्ण संघर्ष समिति के संयोजक संदीप तिवारी ने कहा कि पूरे भारत देश में विभिन्न आयोगों के गठन के बीच सवर्ण आयोग गठित करने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। संदीप तिवारी के संयोजकत्व में बकायदा सवर्ण संघर्ष समिति का भी गठन कर लिया गया है। जिसमें पूरे भारतदेश के सवर्ण समुदाय के काफी संख्या में लोग जुड़ने लगे हैं। समिति के संयोजक संदीप तिवारी ने बताया, सवर्ण आयोग के गठन की मांग को लेकर बहुत जल्द रायपुर में एक बैठक रखी जा रही है, जहाँ हर जिले के सवर्ण समुदाय से संबंध रखने वाले जातिवर्ग के लोग इकट्ठा होंगे। जिसकी तैयारी जोरों पर चल रही है। सवर्ण संघर्ष समिति के संयोजक संदीप तिवारी ने जारी बयान में कहा कि देश की जनसंख्या में सामान्य वर्ग की जनसंख्या 31 प्रतिशत है एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश में लगभग 08 प्रतिशत सवर्ण समाज के लोग निवासरत् हैं। जबकि इनसे भी कम प्रतिशत के समाज के लोगों के उत्थान के लिए उनके समाज का निगम मण्डल बनाया गया है। सवर्ण समाज की भावनाओं को देखते हुए 2023 में मध्यप्रदेश में सवर्ण बोर्ड बनाने की घोषणा की गई है और अभी हाल ही में महाराष्ट्र सरकार ने भी ब्राह्मण क्षत्रिय कल्याण बोर्ड बनाने की घोषणा की है, इसीलिए छत्तीसगढ़ प्रदेश में भी सवर्ण आयोग का गठन आवश्यक है। सवर्ण लोगों को भी राजनीति में सामाजिक रूप से राजनीतिक महत्व देने इस समुदाय के लोग इसकी मांग कर रहे हैं।

काम करने का पुराना ढर्रा बदलें अधिकारी

नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा बैठक में साव ने दिखाए कड़े तेवर

रायपुर, 26 सितम्बर। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज नगर निगमों और नगर पालिकाओं के कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने कार्यों में गति लाने तथा गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी नगरीय निकायों में कर्मचारियों के लंबित वेतन का भुगतान प्राथमिकता से करें। अगस्त और सितम्बर माह के वेतन का भुगतान 1 अक्टूबर तक करने के निर्देश दिए। समय पर वेतन भुगतान नहीं होने की शिकायत नहीं आनी चाहिए। साव ने कहा कि राजस्व की वसूली बढ़ाएं तथा सभी नगरीय निकाय बड़े बकायादारों से कड़ाई से टैक्स वसूलें। गंभीरता और सक्रियता से टैक्स का संग्रहण करें। साथ ही वसूली की नियमित समीक्षा करने के निर्देश सभी आयुक्त और सीएमओ को दिए। नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री

अरुण साव के कड़े तेवर दिखाए। निर्माण, सप्लाई और खरीदी से इतर अन्य जरूरी कार्यों में भी अधिकारी पूरा ध्यान दें। अपनी जिम्मेदारी समझें, शहरों के विकास और जनसुविधाएं विकसित करने का काम गंभीरता से करें।

काम में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। जरूरत पड़ने पर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। काम करने का पुराना ढर्रा बदलें अधिकारी, निकायों में नई कार्य संस्कृति विकसित करें। कार्यों में अपेक्षित सुधार लाएं, परिणाममूलक कार्य करें। सभी अधिकारी मुस्तैदी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

प्रसाद में मिलावट की कड़ाई से जांच हो : ट्रस्ट

रायपुर, 26 सितम्बर। भगवान तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसादम में गाय व अन्य जानवरों की चर्बी और मछली के तेल जैसे अभक्ष्य पदार्थों के इस्तेमाल की रिपोर्ट आने के बाद से सम्पूर्ण शाकाहारी समाज की भावनाएं आहत हुई है। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने कहा कि सवाल केवल तिरुपति मंदिर के प्रसाद का नही है, विश्वभर के मंदिरों में प्रसाद बनाए व भगवान को भोग लगाए या चढ़ाए जाते हैं, और ज्यादातर प्रसाद में घी का उपयोग होता ही है। मिठाई या लड्डू बनाने में उपयोग में आने वाली अन्य सामग्री में अभक्ष्य पदार्थों की मिलावट की संभावना नगण्य होती है केवल शुद्ध घी में ही इन अभक्ष्य पदार्थों की मिलावट की जा रही है। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर मांग की है कि शुद्ध घी बनाने वाली फैक्ट्रियों में कड़ी जांच कर यह सुनिश्चित किया जावे की घी में अभक्ष्य पदार्थों की मिलावट न हो। उन्होंने आगे बढ़कर कहा कि केवल भगवान व मंदिरों में प्रसाद की बात नही है यह सम्पूर्ण शाकाहारी समाज के लिए चिंता व परेशानी की बात है कि भोजन में शुध्द घी का उपयोग कैसे करें।

कैंसर की महंगी दवाइयों को कर मुक्त करने की मांग

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 26 सितम्बर। देश में कैंसर की महंगी दवाइयों को करों से छूट देने की मांग दवा विक्रेता संघ करेगा। आज स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को ज्ञापन देकर छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं एवं महंगी दवाइयों से निजात देने के लिए चर्चा करेगा।

प्रदेश सहित देश में कैंसर से पीड़ित लोगों की संख्या अत्यधिक है। कैंसर की महंगी दवाइयों के कारण मध्यम एवं निम्न वर्ग के लोग परेशान हो गए हैं। पिछले दिनों बजट में वित्त मंत्री ने विभिन्न मेडिकल उपकरणों में आयात शुल्क हटाने की घोषणा की थी जिससे मेडिकल सुविधाओं में काफी वृद्धि हुई है। आज स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़ के दौरे पर आ रहे हैं। दवा विक्रेता संघ के अश्विनी विग ने बताया कि उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से मिलने के

लिए समय मांगा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के पास स्वास्थ्य मंत्रालय का भी प्रभार है। वे यहां पर भाजपा की सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए आ रहे हैं। राजनीतिक कार्यक्रमों के अलावा कई शासकीय कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे।

महंगी दवाइयों के नोटिफिकेशन पर भी ध्यान देने की मांग: दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष के अनुसार राष्ट्रीय औषधि मूल्य नियंत्रण द्वारा समय-समय पर दवाइयों के रेट तय कर दिए जाते हैं। इसके लिए नोटिफिकेशन करना होता है। स्वास्थ्य मंत्री से यह भी मांग की जाएगी कि वे नोटिफिकेशन पर ध्यान दें। भारत सरकार बार-बार डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट की दवाइयों के संबंध में समाचार प्रसारित करती है कि उनके दाम कम किए जा रहे हैं लेकिन वास्तविकता कुछ और है। इस समय दवाइयों के रेट 20 से 25% तक बढ़ गए हैं। डायबिटीज की महंगी दवाइयों एवं ब्लड प्रेशर की दवाइयों के भाव आसमान छू रहे हैं जिसको लेकर आम आदमी परेशान हैं।

मुख्यमंत्री झारसुगुड़ा से रवाना: प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस समय झारखंड के दौरे पर हैं। आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन को देखते हुए वे झारसुगुड़ा से रायपुर के लिए रवाना हो गए हैं। राजधानी में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

साय सरकार ने 9 महीने में रोजगार छीना : बैज

रायपुर, 26 सितम्बर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार 9 महीने में एक भी युवा

को रोजगार नहीं दे पायी है, बल्कि युवाओं से रोजगार छीनने का ही काम किया है। कांग्रेस सरकार में बेरोजगारी दर मात्र 0.60 प्रतिशत था। भाजपा सरकार बनने के बाद बेरोजगारों की संख्या में भारी वृद्धि हुआ है। बीते 9 माह में अतिथि शिक्षक, विद्या मितान, क्रेडा के संविदा कर्मचारी, अनियमित कर्मचारी, विद्युत विभाग के कर्मचारी, वन विभाग के संविदा कर्मचारियों, गोठान महिला स्व सहायता समूह, रीवा के तहत रोजगार प्राप्त कर रहे लोगों को काम से बेदखल किया गया, ई-श्रेणी के लाइसेंस में काम कर रहे युवाओं से भी काम छिन गया है, पूरे प्रदेश में विकास कार्य ठप है कोई नई भर्ती पूरी नहीं हुई है पूर्व से चल रही भर्ती में भी नियुक्तियां नहीं दी जा रही है हर विभाग में काम करने वाले युवाओं से उनका हक अधिकार को छीना गया है। ऐसे में साय सरकार का रोजगार देने का दावा सरासर जुमला और मनगढ़ंत आंकड़े हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार बताएं कि 9 माह में कितने युवाओं को सरकारी नौकरी में भर्ती का अवसर दिया गया है कितने मजदूरों को काम दिया गया है, रोजगार देने के लिए क्या नई योजना लायी गयी है? भाजपा की सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ में यूपी की तरह युवा रोजगार के लिए सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं सिर का मुंडन करवा रहे हैं बीएड डीएड शिक्षक आंदोलन कर रहे, एसआई भर्ती में चयनित अभ्यर्थी सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे भीख मांग रहे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव में प्रदेश के युवाओं को एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती देने का वादा किया था, अनियमित कर्मचारियों को 100 दिन में नियमित करने का वादा था, 9 माह में एक भी युवाओं को सरकारी नौकरी नहीं दे पाई है बल्कि पूर्ववर्ती सरकार के दौरान रोजगार देने चलाई जा रही सारी योजनाओं को बंद कर दिया गया है। साय सरकार विज्ञापन वाली सरकार है, झूठे आंकड़े जारी करके रोजगार देने में अपनी नाकामी पर पर्दा करने में लगी हुयी हैं। प्रदेश के सड़कों पर जो युवाओं का भीड़ दिख रहा है आंदोलन दिख रहा है वह सरकार को आइना दिखा रहा है।

ग्रामीण भारत की बेटियों को सशक्त बना रहा 'प्रोजेक्ट पंछी'

रायपुर, 26 सितंबर। बेटियाँ देश का गौरव हैं। बेटियों को सशक्त बनाने का मतलब है देश के भविष्य को सशक्त बनाना। बेटियाँ हर क्षेत्र में तरक्की कर रही हैं, जरुरत होती है, तो सिर्फ उन्हें प्रोत्साहित करने की। वेदांता एल्युमीनियम का 'प्रोजेक्ट पंछी' इस क्षेत्र में उम्दा काम कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस पर इस प्रोजेक्ट की सफलता से कंपनी ने सभी को रूबरू कराया है, जिसका लक्ष्य भारत के आर्थिक रूप से कमजोर समुदायों की 1, 000 युवा लड़कियों को सशक्त बनाना है।

मार्च 2023 में शुरू किए गए इस प्रोजेक्ट के तहत, वेदांता ने ओडिशा और छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों से 190 लड़कियों को ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी में दाखिला दिलाया है। इस पहल का उद्देश्य बेटियों को स्वतंत्रता और

आत्मनिर्भरता सिखाना है। प्रोजेक्ट पंछी उन बेटियों की भी मदद कर रहा है, जो पहली बार पढ़ाई कर रही हैं।

वेदांता के सीईओ, जॉन स्लावेन ने बताया कि कंपनी शिक्षा और सशक्तिकरण में विश्वास करती है। वेदांता का लक्ष्य वर्ष 2030 तक अपने कार्यबल में 30त्न महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसके अलावा, वेदांता महिलाओं के लिए सुरक्षित और समावेशी कार्यस्थल बनाने के लिए भी प्रयासरत है। प्रोजेक्ट शक्ति के तहत, महिलाओं को नौकरी के लिए नए अवसर दिए जा रहे हैं।

यह पहल विशेष रूप से उन लड़कियों की शैक्षिक और रोजगार की जरूरतों पर ध्यान देती है, जो वित्तीय और सामाजिक बाधाओं के कारण आगे की पढ़ाई करने और सफल करियर बनाने में कई कठिनाइयों का सामना करती हैं। इस तरह, वेदांता एल्युमीनियम ग्रामीण बेटियों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है।

कैंसर के उपचार के लिए उन्नत तकनीक का उपयोग

रायपुर, 26 सितंबर। भारत के अग्रणी कैंसर देखभाल सुविधाओं में से एक बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) में वार्षिक छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश भर के कैंसर विशेषज्ञों के लिए एक लाइव सर्जिकल प्रदर्शन किया गया। मुंबई के टाटा मेमोरियल अस्पताल के प्रमुख कैंसर विशेषज्ञों के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में जटिल कैंसर सर्जरी के लिए कैंसर की उन्नत तकनीक ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) के उपयोग पर प्रकाश डाला गया। कॉन्क्लेव में 120 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया जिससे अत्याधुनिक ऑन्कोलॉजी क्षेत्र में विचार साझा करने के लिए एक मंच तैयार हुआ।

'मल्टीमीडिया एंड एनीमेशन' पर व्याख्यान

रायपुर, 26 सितम्बर। शा.दू.ब. महिला महाविद्यालय, रायपुर के इतिहास विभाग और गणित विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एलुमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एलुमनी समिति की संयोजक डॉ शम्पा चौबे के स्वागत भाषण के पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ किरण गजपाल द्वारा संक्षिप्त व्याख्यान दिया गया। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त साधना शर्मा द्वारा इस कार्यक्रम के अंतर्गत संवाद की कड़ी में 'मल्टीमीडिया एंड एनीमेशन' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसके तीन अलग अलग प्रकारों के बारे में बताने के बाद उन्होंने वाशिंग मशीन और एयर कंडीशनर के इंटरनेट से जुड़े होने की वजह से जो सहूलियत हमें मिल रही है उसके बारे

में बताया।साथ ही डेटा से संबंधित खतरों के बारे आगाह किया। RFID के माध्यम से स्कूल के बच्चे को किस तरह अभिभावक ट्रैक कर सकते हैं इसके बारे में भी उन्होंने जानकारी दी। आगे उन्होंने मल्टीमीडिया और एनीमेशन के बारे में विस्तार से बताया। आज जिसतरह से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का प्रयोग कर एनिमेटेड वीडियो बनाया जा रहा है उसके बारे में भी उन्होंने चर्चा की।साथ ही विभिन्न एप के माध्यम से टैक्स्ट टू स्पीच और टैक्स्ट टू वीडियो किस तरह से बनाया जा सकता है उसके बारे में जानकारी प्रदान की।साथ ही माइक्रोसॉफ्ट वर्ड और पावरप्वाइंट से संबंधित बारीकियों और अनुप्रयोगों के बारे में जानकारी प्रदान की। डॉ मधु श्रीवास्तव ने कंप्यूटर के महत्व के बारे में बताया।

हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सविता मिश्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कंप्यूटर साइंस एवं स्किल एनहैंसमेंट के बच्चे लाभान्वित हुए इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थिति रही

क्रेडाई के कांफ्रेंस में विकास की संभावनाओं पर चर्चा

रायपुर, 26 सितम्बर। क्रेडाई (कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफइंडिया) का 22वां नैशनल कॉन्फ्रेंस नेटकॉन-2024, आज सिडनी में शुरू हुआ। इस बार की थीम है एलोवेट, इनोवेट, इन्सपायर जो रियल एस्टेट सेक्टर में नवाचार और प्रेरणा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चुनी गई है। इस आयोजन में देश-विदेश से लगभग 1200 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं, जो रियल एस्टेट और विकास की नई संभावनाओं पर चर्चा करेंगे।

क्रेडाई छत्तीसगढ़ से 25 सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल इस कार्यक्रम में भाग ले रहा है। इस टीम का नेतृत्व आनंद सिंघानिया कर रहे हैं, जिसमें विजय नाथानी, संजय रहेजा, रवि फत्तनानी, रमेश राव, संजय बघेल, राकेश पांडेय, सत्येंद्र अग्रवाल, संजना बघेल, सुनील चंद्राकर, संतोष लोहाना, विजय

अग्रवाल, बृजेश साहू सहित अन्य सदस्य शामिल हैं। नेटकॉन 2024 का उद्देश्य रियल एस्टेट क्षेत्र के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करना और नए विचारों का आदान-प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न देशों से आए प्रतिष्ठित वक्ता अपने अनुभव और ज्ञान साझा करेंगे। इस आयोजन में नई तकनीकों, सतत विकास और उद्योग की चुनौतियों पर विचार-विमर्श होगा। इस कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य उद्योग को नवीनतम रुझानों और तकनीकों से अवगत कराना है, जिससे रियल एस्टेट क्षेत्र में गुणवत्ता और विकास को बढ़ावा मिल सके। क्रेडाई का यह आयोजन 26 सितंबर 2024 तक चलेगा, जिसमें अनेक कार्यशालाएँ, पैनल चर्चाएँ और नेटवर्किंग सत्र शामिल हैं।

सड़क हादसों को रोकने के उपायों पर विचार

रायपुर, 26 सितम्बर। सड़क दुर्घटनाओं के कारणों के समुचित विश्लेषण तथा आवश्यक सुधार कार्यो हेतु इंटीग्रेटेड रोड़ एक्सीडेंट डाटाबेस में सड़क दुर्घटनाओं की शत प्रतिशत प्रविष्टियां अंकित करने तथा हिट एण्ड रन के क्षतिपूर्ति प्रकरणों को निर्धारित समयावधि में दावा प्राधिकरण को प्रेषित कर प्रभावितों को यथाशीघ्र राहत हेतु पहल सहित सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण के उपायों के संबंध में प्रदीप गुप्ता भा.पु.से. अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (यातायात) की अध्यक्षता में वर्चुअल समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में ए.आई.जी. टैफिक संजय शर्मा सहित प्रदेश में यातायात के समस्त अति.पुलिस अधीक्षक/उप पुलिस अधीक्षक, प्रभारी यातायात गण/पर्यवेक्षण अधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक में निर्देशित किया गया कि मालवाहक वाहनों में यात्री परिवहन, ओव्हर स्पीडिंग, सड़को में खड़े वाहनों से होने वाली दुर्घटना सहित, सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक मृत्यु दोपहिया वाहन चालको की परिलक्षित हुई है।

यात्री ट्रेनों के रद्द होने की सूचना 15 दिन पूर्व मिले

बिलासपुर रेल जोन सलाहकार समिति की बैठक

रायपुर, 26 सितम्बर। भारतीय रेल बिलासपुर जोन महाप्रबंधक नीनु इटियेरा एवम उप महाप्रबंधक समीरकांत माथुर की अध्यक्षता में सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी चेंबर प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए। जेडआरयूसीसी के सदस्य राजेन्द्र जग्गी ने रायपुर के रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 7 तरफ तेलघानी नाका ब्रिज से रेलवे स्टेशन आने के रास्ते को चौड़ा करने की मांग की, जिस पर महाप्रबंधक नीनु इटियेरा गंभीरता पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

बैठक में जग्गी ने लगातार कैंसिल हो रही ट्रेनों के विषय पर सुझाव दिया कि कम से कम 15 दिन पहले इसकी सूचना आम नागरिकों को मिलनी चाहिए, जिससे यात्री अपनी वैकल्पिक व्यवस्था कर सकें। इस पर महाप्रबंधक ने आश्वस्त किया है कि हम प्रयास करेंगे कम से कम एक सप्ताह पूर्व कैंसल होने वाली ट्रेन की सूचना प्रेषित की जा सके।

श्री जग्गी ने राजेन्द्र जग्गी ने मांग रखी कि बहुत से रेलवे स्टेशन के पास पिछले 50-60 सालों व्यापारी व्यापार करते आ रहे है उसके लिए अगर स्टेशन के आस पास कोई प्रोजेक्ट आता है तो एक बार व्यापारियों के साथ भी बैठक होनी चाहिए एवं उन्हें नोटिस देने की बजाय उनसे चर्चा की जाए एवं उनकी वैकल्पिक व्यवस्था पर भी बात होनी चाहिए जिस पर अधिकारियों ने विचार करने की बात कही।

कैट की उपलब्धियों पर आधारित पत्रिका का विमोचन

रायपुर, 26 सितम्बर। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट के प्रदेश कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित कर कैट सी.जी. चैप्टर ने अपनी 3 वर्ष के उपलब्धि की पत्रिका का विमोचन कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी के द्वारा किया गया। कैट के पत्रिका विमोचन कार्यक्रम में कैट के जिला ईकाईयों, व्यापारी, व्यापारिक संगठनो, कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कैट के प्रदेश कार्यालय में एक कार्यक्रम

आयोजित कर कैट सी.जी. चैप्टर ने अपनी 3 वर्ष के उपलब्धि की पत्रिका का विमोचन किया गया। उन्होनें आगे कहा कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एक राष्ट्रीय व्यापारिक संगठन है जो विगत 33 वर्षो से पूरे भारत वर्ष में निरंतर कार्यरत है। इस संस्था में लगभग पूरे भारत वर्ष से पैतालीस हजार एसोसिएशन जुड़े हुए है, जिनके माध्यम से 8 करोड़ व्यापारी जुडे हुए है।

कैट के पत्रिका विमोचन करते हुए पारवानी कहा कि आज यह अत्यंत हर्ष का विषय है, कि कैट के पत्रिका का विमोचन मेरे द्वारा किया जा रहा है। पत्रिका में कैट सी.जी. चैप्टर के विगत 3 वर्षो में व्यापारिक हितो में किये गये कार्यो का समावेश किया गया है। पारवानी एवं

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26